www.navpradesh.com

दैनिक

नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, रविवार 28 अप्रैल 2024, वर्ष-10 अंक- 18 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

बैलेट पेपर से चुनाव की मांग पर अड़े विपक्ष के मंसूबों पर सुप्रीम कोर्ट ने घड़ो पानी फेर दिया। ईवीएम को क्लीन चिट मिलने से आईएनडीआईए चारो खाने चित्त हो गया। इसके बाद भी सायकल वाले अखिलेश यादव का कहना है कि ईवीएम को लेकर लड़ाई जारी रहेगी। लगता है वे सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को अंतराष्ट्रीय न्यायालय में चुनौती देने की सोच रहे है। वैसे विपक्ष दिल से चाहता है कि ईवीएम से ही चुनाव हो ताकि वे अपनी हार का ठिकरा मासूम ईवीएम के सिर पर फोड़कर अपनी नाकामी पर पर्दा डाल सके और विधवा विलाप कर सके।

बिरनपुर हिंसा: सीबीआई ने दर्ज की एफआईआर

- सीबीआई ने जांच शुरु की, भारत सरकार के आदेश के बाद, छग पहुंची है जांच टीम

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा जिले के बिरनपुर हत्याकांड मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद सीबीआई की टीम आज दोपहर में राजधानी रायपुर पहुंचीं। जहां से टीम बिरनपुर रवाना हो गई। मामले की जांच शुरु कर दी। सीएम विष्णुदेव साय की सरकार ने सीबीआई से इस मामले की जांच कराने का ऐलान किया था। जिसके बाद भारत सरकार ने इसे स्वीकार करते हुए कल अधिसूचना जारी किया था। इस मामले को लेकर सीबीआई ने आज एफआईआर दर्ज कर लिया है और इस केस में 12 लोगों को आरोपी बनाया गया है। जिनमें नवाब खान, जलील खान, बशीर खान, मुख्तार मोहम्मद, शफीक मोहम्मद, अब्दुल खान, अकबर खान, मोहम्मद जनाब, अयुब खान, निजामुददीन, राशिद खान, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मिलेगा न्याय: सीएम साय

इस मामले पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा, अब बिरनपुर हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई। हमारी सरकार के कैबिनेट के निर्णय और सहमति के आधार पर भारत सरकार ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। स्व. भुनेश्वर साहू के परिवार को अवश्य मिलेगा न्याय। इसी के साथ ही बिरनपुर गांव के ही दो और लोगों की हत्या के प्रकरण की जांच भी सीबीआई करेगी।

बड़ी राहत: अब ट्रेनें नहीं होंगी लेट

- रेल मंडल का कुम्हारी-सरोना और बिलासपुर-गतोरा सेक्शन आटोमेटिक

रायपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। अब ट्रेनें लेट नहीं होंगी। प्रदेश में ट्रेनों की लेटलतीफी और दुर्घटना की आशंका को खत्म करने के लिए मंडल के कुम्हारी-सरोना और बिलासपुर-गतोरा सेक्शन को आटोमेटिक सिग्नल प्रणाली से लैस कर दिया गया है। इस सिस्टम के लगने से अब कई ट्रेन एक ही ट्रैक पर आसानी से चल सकेंगी। इससे पैसेंजर ट्रेनों की लेटलतीफी पर विराम लगेगा। जानकारी अनुसार सिग्नल एवं दूरसंचार के क्षेत्र में आटो सिग्नल रेलवे का भविष्य है। यह ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने के साथ-साथ प्रमुख जंक्शन स्टेशन के ट्रैफिक को नियंत्रित करने में मदद करता है।

दो स्टेशनों के बीच 4 से 6 ट्रेनें

पहले जहां दो स्टेशनों के बीच एक ही ट्रेन चल सकती थी, वहीं आटो सिग्नल के जरिए दो स्टेशन की बीच दूरी के अनुसार चार, पांच या छह ट्रेनें भी आ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आटो सिग्नल का 14 किमी काम पूरा

रेलवे मंडल के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में बिना नई लाइन का निर्माण किए सेक्शन की क्षमता बढ़ाने का यह सर्वोत्तम उपाय है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने अप्रैल महीने में आटो सिग्नल के क्षेत्र मे उच्च मापदंड के हर नवीन सोपान को पूरा करते हुए 14 किलोमीटर आटो सिग्नल के काम को पूरा किया है।

राहुल भिंड में और प्रियंका मुरैना में करेंगी सभाएं

भोपाल, (वार्ता)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी 30 अप्रैल को मध्यप्रदेश के भिंड संसदीय क्षेत्र में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही वरिष्ठ नेता प्रियंका गांधी वाड्रा दो मई को मुरैना संसदीय क्षेत्र में सभा लेंगी। प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख मुकेश नायक ने आज यहां मीडिया को यह जानकारी दी। इस अवसर पर पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत भी मौजूद थीं। इस दौरान श्रीनेत ने कांग्रेस के लोकसभा चुनाव के लिए जारी हुए घोषणापत्र के बारे में विस्तार से बताया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर निशाना साधा।

बस और मालवाहक में भिड़ंत, एक की मौत

रायगढ़, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के रायगढ़-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 49 पर एक बस और छोटा हाथी के बीच भीषण टक्कर में बस चालक की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दुर्घटना खरसिया थाना क्षेत्र के बरगढ़ गांव के समीप शुक्रवार देर रात तब हुयी, जब एक बस बारातियों को लेकर खरसिया जा रही थी। उसी दौरान एक छोटे वाहन से टकरा गयी, जिसमें बस चालक की मौके पर ही मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

हेलीकॉप्टर में फिसली ममता घायल

कोलकाता, (वार्ता)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी को शनिवार को दुर्गापुर में हेलीकॉप्टर के अंदर फिसलकर गिर जाने से मामूली चोटें आयीं। यह घटना तब हुई, जब सुश्री बनर्जी चुनाव प्रचार के वास्ते आसनसोल जाने के लिये हेलीकॉप्टर के अंदर गयीं। उनके सुरक्षाकर्मियों ने हालांकि उनकी मदद की। इस घटना के बाद भी, वह चुनावी सभा के लिये निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आसनसोल रवाना हुईं। आसनसोल पहुंचने पर उनका स्वागत तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा ने किया। गौरतलब है कि प्रसिद्ध अभिनेता एवं सांसद श्री सिन्हा आसनसोल लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

बिलासपुर में बस दुर्घटना, 13 घायल

बिलासपुर, (वार्ता)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक बस अनियंत्रित होकर पलटने से 13 लोग घायल हो गये, जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। घायलों को बिलासपुर सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस हादसे के बाद बस चालक और कंडेक्टर मौके से फरार हैं। इस घटना की जांच जारी है। स्थानीय मीडिया द्वारा शनिवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, हादसा बिलासपुर मुंगेली मुख्य मार्ग के जोरापारा में शुक्रवार देर रात करीब दो बजे तब हुयी, जब एक बस करीब 40 बारातियों को लेकर बिलासपुर से नवागढ़ जा रही थी। उसी दौरान, बस अनियंत्रित होकर पलट गयी जिसमें सवार 13 लोग घायल हो गये और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

उत्तराखंड के जंगलों में आग का तांडव, सेना ने संभाला मोर्चा

- चारों ओर धुंआ-धुंआ- अब तक यहां 575 घटनायें हो चुकी हैं
- आरक्षित वन क्षेत्र में 478.29 हेक्टेयर क्षेत्रफल को बड़ा नुकसान
- अब तक आग से 689.89 हेक्टेयर जंगल राख को चुका
- आग बुझाने के लिए ली जा रही वायु सेना के हेलीकॉप्टर की सेवा

नैनीताल, (वार्ता)। उत्तराखंड के वनों में आग लगने की घटनाएं लगातार बढ़ रही है। राज्य में अभी तक 689.89 हेक्टेयर जंगल आग की भेंट चढ़ चुका है। इससे वन विभाग को लाखों का नुकसान हुआ है। नैनीताल में आग बुझाने के लिए वायु सेना के हेलीकॉप्टर को लगाया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात तक पूरे प्रदेश के जंगलों में आग लगने की 575 घटनायें सामने आ चुकी हैं। केन्द्र सरकार की ओर से नौ सेना का एमआई-17 हेलीकाप्टर को कल शुक्रवार को ही मौके पर भेज दिया गया। आज दिन भर हेलीकाप्टर आग बुझाने में जुटा रहा। उसने भीमताल से पानी भरने के लिये कई चक्कर लगाये।

आग लगने से कुल 689.89 हेक्टेयर क्षेत्रफल जल कर राख हो चुका है। इससे वन विभाग को 14,41,771 रुपये का नुकसान हुआ है। वनाग्नि की सबसे अधिक 405 घटनायें आरक्षित वन क्षेत्र में हुई हैं। आरक्षित वन क्षेत्र में 478.29 हेक्टेयर क्षेत्रफल आग की भेंट चढ़ चुका है। इसी प्रकार सिविल वन क्षेत्र में 170 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इसमें 211.6 हेक्टेयर वन खाक हो गया है। आग से कुमाऊं मंडल खासा प्रभावित है। गढ़वाल मंडल में कल शाम तक 211 जबकि कुमाऊं मंडल में 313 घटनायें दर्ज की गयी हैं। कुमाऊं मंडल में 395.92 हेक्टेयर क्षेत्रफल वनाग्नि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

24 घंटे में आग की हुई 31 घटनाएं

प्रदेश में पिछले 24 घंटे में आग की 31 घटनायें सामने आयीं। इस दौरान कुमाऊं मंडल में 24 घटनायें दर्ज की गयीं। यहां भी सबसे अधिक आरक्षित वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। नैनीताल में कल देर शाम को पाइंस क्षेत्र में वनाग्नि ने भीषण रूप ले लिया। आग लड़ियाकांटा क्षेत्र में एयर फोर्स स्टेशन तक पहुंच गयी। स्टेशन को बचाने के लिये केन्द्र सरकार से मदद की गुहार लगायी गयी। केन्द्र सरकार से नौ सेना के हेलीकॉप्टर की मांग की गयी।

सीएम धामी ने बुलाई बैठक

दूसरी ओर सरकार भी वनाग्नि की घटनाओं से हलकान है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आग की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आज शाम हल्द्वानी में एक बैठक बुलाई है। दूसरी ओर से कुमाऊं आयुक्त ने मंडल में आग लगाने वालों के खिलाफ मुकदमे दर्ज करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद कुमाऊं में तीन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किये गये हैं।

कुकी उग्रवादियों का फिर हमला

सीआरपीएफ के दो जवान शहीद, चार घायल

इंफाल, (वार्ता)। मणिपुर के नारानसेना इलाके में शनिवार को संदिग्ध कुकी उग्रवादियों के हमले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के दो जवान शहीद हो गए और चार अन्य घायल हो गए।

पुलिस ने कहा कि आतंकवादियों ने बिष्णुपुर जिले के मोइरंग पुलिस थाना क्षेत्र में नारायणसेना के एक गांव में कथित तौर पर सीआरपीएफ कर्मियों पर गोलीबारी करते हुए आधी रात को हमला किया। कुकी आतंकवादियों ने नारायणसेना में सीआरपीएफ के बी/128 बीएन शिविर की ओर बम फेंके और गोलीबारी की। विस्फोट में इंस्पेक्टर जादव दास, एसआई एन सरकार, एचसी अरूप सैनी और सीटी आफ्ताब हुसैन सहित चार कर्मी घायल हो गए, जबकि एसआई/जीडी एन साकार और एचसी/जीडी अरूप सैनी की मौत हो गई। सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। एक संयुक्त बल क्षेत्र में पहुंचा और तलाशी अभियान चलाया। तीन संदिग्ध कुकी उग्रवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया।

राजमार्ग पर एक मुख्य पुल उड़ाया

कुकी उग्रवादियों ने विभिन्न गांवों पर हमला करना शुरू कर दिया है। पहले राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मुख्य पुल को उड़ा दिया गया था, जिससे राज्य देश के बाकी हिस्सों से कट गया था और शुक्रवार को भारी हथियारों से लैस कुकी आतंकवादियों ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों पर हमला किया।

पूर्व जनपद सदस्य की हत्या

- कुछ साल पहले माओवादियों ने उनके बेटे हरिश को जिंदा जला दिया था।

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा जिले में नक्सलियों ने कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। नक्सलियों ने देर रात सीएएफ कैंप से करीब 500 मीटर दूर धारदार हथियार से गला रेत कर जोगा पोड़ियाम की हत्या कर दी। कुछ साल पहले उन्होंने उनके बेटे हरिश पोड़ियाम को जिंदा जला दिया था। यह घटना अरनपुर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के अनुसार, जोगा पोड़ियाम अपने गांव पोटाली में अपने परिवार के साथ ही थे। शुक्रवार देर रात 10 नक्सली सादे कपड़ों में उनके घर आए और उनके परिवार वालों के सामने ही गला रेतकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद नक्सली मौके पर से चले गए। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके की सर्चिंग कर रही है।

दस से ज्यादा नेताओं-कार्यकर्ताओं की हत्या

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में साल 2023-24 में नक्सलियों ने आठ से ज्यादा नेताओं और कार्यकर्ताओं को मौत के घाट उतार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चाचा के अंतिम संस्कार में भाग लेने सोरेन को नहीं मिली जमानत

रांची, (वार्ता)। झारखंड में जमीन घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से अपने चाचा के अंतिम संस्कार और क्रिया कर्म में शामिल होने के लिए दाखिल अंतरिम जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने श्री सोरेन को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी। याचिका में उन्होंने कोर्ट से यह आग्रह किया था कि उन्हें अपने चाचा के अंतिम संस्कार में शामिल होने की अनुमति दी जाये। इसके साथ ही उन्होंने कोर्ट से 13 दिनों की अंतरिम जमानत मांगी थी। लेकिन अदालत ने सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत नहीं दी। कोर्ट के आदेश के बाद अब हेमंत सोरेन अपने चाचा की अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो पाएंगे।

हिमाचल विधानसभा सचिवालय का निर्दलीय विधायकों को नोटिस

- दलबदल विरोधी कानून के तहत उन्हें अयोग्य घोषित करने याचिका दायर की गई है

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे से जुड़ा मामला अब एक बार फिर विधानसभा अध्यक्ष के पास पहुंच गया है। दलबदल विरोधी कानून के तहत तीनों निर्दलीय विधायकों को अयोग्य घोषित करने की मांग को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी की ओर से विधानसभा सचिवालय में याचिका दायर की गई है। इस याचिका पर विधानसभा सचिवालय ने निर्दलीय विधायकों को नोटिस जारी किया है।

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मामले की सुनवाई चार मई को निर्धारित की है। निर्दलीय विधायकों को इस तारीख को अध्यक्ष के समक्ष जवाब देना होगा। दरअसल, श्री नेगी ने अध्यक्ष पठानिया के समक्ष याचिका दायर करते हुए निर्दलीयों के खिलाफ दल बदल विरोधी कानून के तहत कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि इस्तीफा स्वीकार होने से पहले निर्दलीय किसी राजनीतिक दल में शामिल नहीं हो सकते थे।

मामला उच्च न्यायालय में लंबित : गौरतलब है कि यह मामला प्रदेश उच्च न्यायालय में भी लंबित है। प्रदेश न्यायालय में निर्दलीय विधायकों के इस्तीफों को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई 30 अप्रैल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

विकास सेतु... मध्य प्रदेश के कटनी में बन रहा हैपश्चिम-मध्य रेलवे का पुल

रेलवे के सबसे लंबे पुल का निर्माण अगले वर्ष तक होगा पूरा

- अप ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 16 किमी एंड डाउन की लम्बाई 18 किलोमीटर सहित ग्रेड सेपरेट की कुल लंबाई 34 किलोमीटर

पुल तैयार होने से समय की बचत के साथ रेल राजस्व में होगी वृद्धि

कटनी ग्रेड सेपरेटर की परियोजना के पूर्ण होने पर रेलवे के बीना-कटनी रेलखण्ड में गुड्स ट्रेन के परिचालन में वृद्धि होगी। कटनी से बिलासपुर और सिंगरौली के लिए अतिरिक्त रेल लाइन का सीधे संपर्क जुड़ जायेगा और कटनी, नई कटनी, कटनी मुड़वारा जैसे अतिव्यस्त क्षेत्र से रेलखण्ड का बाईपास होगा। माल यातायात में वृद्धि होने से फ्रेट ट्रेनों के समय में बचत होगी साथ ही आवागमन में आसानी होगी जिससे पश्चिम-मध्य रेल के रेल राजस्व में भी वृद्धि होगी।

कोटा, (वार्ता)। पश्चिम-मध्य रेलवे के मध्य प्रदेश के कटनी में बन रहे भारतीय रेलवे के सबसे लंबे पुल (वायाडक्ट) का निर्माण कार्य प्रगति पर है और इसके अगले साल की शुरूआती तिमाही में बनकर तैयार हो जाने की संभावना है। पश्चिम-मध्य रेलवे के कोटा मंडल के जन सम्पर्क अधिकारी ने अधिकारिक जानकारी दी कि जबलपुर मण्डल के कटनी में बनाए जा रहे इस सबसे लंबे वायाडक्ट (पुल) की अप ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 16 किमी एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर की लम्बाई 18 किलोमीटर सहित ग्रेड सेपरेट कुल लंबाई 34 किलोमीटर है। इस कुल लम्बाई के पुल में वॉयडक्ट 18 किमी, रिटेनिंग वॉल 3 किमी, और अर्थवर्क 13 किलोमीटर के साथ अप एंड डाउन ग्रेड सेपरेटर का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

इस परियोजना की लागत लगभग 1248 करोड़ रुपये है। रेलवे के सूत्रों के अनुसार ग्रेड सेपरेटर परियोजना के निर्माण की मुख्य विशेषता यह है कि कटनी और कटनी मुड़वारा और न्यू कटनी जंक्शन के व्यस्त यार्ड को पार करने के लिए एलिवेटेड वायाडक्ट ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खराब बस चल पड़ी और गड्ढे में गिर गई, यात्री घायल

बुरहानपुर, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के बुरहानपुर जिले में आज बस दुर्घटना में लगभग डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए, जिन्हें यहां अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हादसा बुरहानपुर जिले में महाराष्ट्र की सीमा के समीप जंसोदी गांव के पास हुआ। प्रारंभिक जानकारी में बताया गया है कि बस में कुछ खराबी आ गयी थी। बस को सड़क किनारे रोककर उसे चालक और परिचालक दूर करने का प्रयास कर रहे थे, तभी बस अचानक लुढ़ककर सड़क किनारे गहरे गड्ढे में गिर गयी। इस वजह से बस में सवार लगभग 19 यात्री घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से यात्रियों को निकाला गया।

कुछ को आई गंभीर चोटें: घायल यात्रियों को यहां जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक दो यात्रियों को गंभीर चोट हैं और शेष को प्राथमिक उपचार दिया गया। बस को आगे बढ़ने से रोकने के लिए सड़क पर बस के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

हरियाणा में आसान नहीं बीजेपी की राह, इन सीटों पर कांटे की टक्कर

चंडीगढ़. हरियाणा में लोकसभा चुनाव की 10 सीटों के लिए 25 मई को वोटिंग होगी. सभी पार्टियां अपने-अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर रही है. कांग्रेस गुरुग्राम सीट पर अब तक अपना प्रत्याशी नहीं उतार सकी है. बाकी पर ऐलान कर दिया है. भाजपा के 10 उम्मीदवार मैदान में आ चुके हैं. कांग्रेस और आप ने गठबंधन में 9 उम्मीदवार मैदान में उतार दिए हैं. उधर, जननायक जनता पार्टी और इंडियन नेशनल लोकदल ने भी अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

दरअसल, कांग्रेस की टिकटों की घोषणा के बाद भाजपा के लिए कड़ी चुनौती साबित हो रहे हैं. बीजेपी ने 2019 के चुनाव में 10 की 10 लोकसभा सीट जीतकर अपना परचम लहराया था. वहीं अबकी बार उनकी राह काफी कठिन नजर आ रही है.उसके सामने पिछली बार का प्रदर्शन दोहराने की बड़ी चुनौती है.

इन सीटों पर है कड़ा मुकाबला

रोहतक लोकसभा: पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा को रोहतक से कांग्रेस ने उम्मीदवार बनाया है तो वहीं भाजपा ने अरविंद शर्मा को फिर से मैदान में उतारा है. अरविंद शर्मा ने 2019 के लोकसभा चुनाव में दीपेंद्र हुड्डा को बहुत कम वोटो के अंतर से पटखनी दी थी. इस सीट पर अबकी बार कड़ा मुकाबला होने की उम्मीद है.

सिरसा लोकसभा सीट: सिरसा में कांग्रेस की तरफ से कुमारी शैलजा को मैदान में उतारा गया है. कुमारी शैलजा सिरसा लोकसभा सीट से पहले भी दो बार सांसद रह चुकी है. उनके पिता भी चौधरी दलबीर सिंह सिरसा में कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं. वहीं भाजपा ने अशोक तंवर को मैदान में उतार कर दांव खेला है. अशोक तंवर कांग्रेस पृष्ठभूमि के ही व्यक्ति हैं. 2019 में सिरसा लोकसभा सीट से अशोक तंवर ने कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ा था, जबकि अबकी बार बीजेपी की टिकट पर वह मैदान में है.

भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा

भिवानी महेंद्रगढ़ सीट पर भाजपा ने दो बार के सांसद धर्मवीर सिंह पर ही एक बार फिर से दांव खेला है तो वहीं कांग्रेस ने बुद्धिमता का परिचय देते हुए महेंद्रगढ़ से विधायक राव दान सिंह पर अपना भरोसा जताया है और उन्हें उम्मीदवार बनाया है. चौधरी बंसीलाल की पोती श्रुति चौधरी दो बार भिवानी से सांसद रही तो दो बार उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था. अब धर्मवीर सिंह और राव दान सिंह में मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है।

सोनीपत सीट: सोनीपत में कांग्रेस ने सतपाल ब्रह्मचारी को टिकट देकर मास्टर स्ट्रोक खेला है. सतपाल ब्रह्मचारी सन्यासी हैं और हरिद्वार में उनके आश्रम हैं. मूलतः वह जींद के गांगोली गांव के रहने वाले हैं. कांग्रेस ने जींद जिले की जो तीन विधानसभा आती है, उनमें से लोकसभा का उम्मीदवार बनाकर कड़ी चुनौती दी है. जबकि भाजपा ने अपनी पार्टी के राई के विधायक और पार्टी के महामंत्री मोहनलाल बडोली पर दाव खेला है. यहां भी चुनाव बड़ा ही रोचक होने वाला है और दोनों में कड़ी टक्कर देखने को मिलेगी।

हिसार लोकसभा: हिसार लोकसभा सीट पर चुनाव काफी रोचक देखने को मिलेगा. जहां भारतीय जनता पार्टी ने निर्दलीय विधायक और सरकार में मंत्री रणजीत चौटाला को भाजपा में शामिल करवाकर मैदान में उतारा है तो वहीं कांग्रेस पार्टी ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी को मैदान में उतारा है. हिसार लोकसभा सीट पर दो चुनौती दोनों पार्टियों के लिए और भी रहने वाली है. यहां से जननायक जनता पार्टी ने नैना चौटाला को तो वहीं इंडियन नेशनल लोकदल ने सुनैना चौटाला को मैदान में उतारा है.

करनाल लोकसभा: करनाल लोकसभा से बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को उम्मीदवार बनाया है तो वहीं कांग्रेस ने युवा चेहरा पार्टी के युवा अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा पर विश्वास जताया है. दिव्यांशु बुद्धि राजा पंजाबी समुदाय से संबंध रखते हैं. अब देखना होगा कि युवा चेहरा एक मंझे हुए चेहरे को कितनी मात दे पाता है. पुराने समय में युवा चेहरे छत्रपाल ने मंझे हुए नेता चौधरी देवीलाल को मात दे दी थी, जो की काफी चर्चा का विषय रहा था.

फरीदाबाद लोकसभा: फरीदाबाद सीट से कृष्ण पाल गुर्जर लगातार दो बार से सांसद बन रहे हैं और केंद्र में मंत्री पद से भी उन्हें नवाजा गया है. अबकी बार उन्हें गुर्जर समुदाय के ही बड़े नेता और हरियाणा सरकार में पूर्व में मंत्री रहे महेंद्र प्रताप से कड़ी टक्कर मिलने की उम्मीद है.

अंबाला लोकसभा

अंबाला लोकसभा से भाजपा ने सांसद रहे रतनलाल कटारिया की धर्मपत्नी बंतो कटारिया को मैदान में उतारा है और प्रत्याशी बनाया है तो वहीं कांग्रेस ने मुलाना से विधायक वरुण चौधरी पर अपना विश्वास जताया है. बंतो कटारिया को जहां रतनलाल कटारिया के स्वर्गवासी होने के बाद यह टिकट मिला है तो उन्हें भावनात्मक लहर से जीतने की उम्मीद है और नरेंद्र मोदी का नाम का सहारा है.

कुरुक्षेत्र लोकसभा सीट

कुरुक्षेत्र सीट पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी गठबंधन के उम्मीदवार आप पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता मैदान में है तो वहीं भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस से बीजेपी ज्वाइन करवा कर उद्योगपति नवीन जिंदल पर अपना दांव खेला है.

ये रिश्तों का नहीं, देश के भविष्य का चुनाव है..

- **अजित पवार ने सुप्रिया सुले पर साधा निशाना**

एनसीपी नेता अजित पवार का कहना है कि लोकसभा चुनाव देश के भविष्य का चुनाव है, रिश्तों का नहीं। बारामती में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार के समर्थन में चुनाव प्रचार करते हुए अजित पवार ने ये बात कही। सुनेत्रा पवार बारामती से तीन बार की सांसद सुप्रिया सुले के सामने चुनाव लड़ रही हैं। दोनों के बीच ननद-भाभी का रिश्ता है।

अजित पवार ने कही ये बातें

शनिवार को बारामती के अंबेगांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा 'यह चुनाव एक गांव या रिश्तों के बारे में नहीं है। यह चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। आप मुझे खाली जगह दिखाइए मैं आपको वहां स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स बनाकर दूंगा। रायगढ़ किले के लिए रोपवे के लिए भी फंड जारी किया जाएगा। वेखा तालुका के नाम को रायगढ़ करने की मांग भी पूरी की जाएगी। मैंने मराठा समुदाय के लिए कड़ी मेहनत की है।'

अजित पवार ने सुप्रिया सुले पर निशाना साधते हुए कहा कि शांति से सोचिए कि बीते 15 वर्षों में क्या काम हुआ है और उसके बाद वोट दीजिएगा। दरअसल बारामती सीट से सुप्रिया सुले साल 2009 से सांसद हैं। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने कहा कि जो लोग घड़ी के चुनाव चिन्ह पर जीतते थे, वो नरेंद्र मोदी को गालियां देते थे, जबकि अब जो घड़ी के चुनाव चिन्ह पर जीतेंगे, वो पीएम मोदी का समर्थन करेंगे। एनसीपी बीते साल जुलाई में दो धड़ों में बंट गई थी। आठ बार के विधायक अजित पवार एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली सरकार में शामिल हो गए थे। चुनाव आयोग ने अजित पवार धड़े को घड़ी चुनाव चिन्ह देने का आदेश दिया था, वहीं शरद पवार की पार्टी एनसीपी (एसपी) को तुरही बजाते व्यक्ति का चुनाव चिन्ह मिला था।

मुरैना क्षेत्र के विकास के लिए सांसद बनना चाहता हूं - गर्ग

मुरैना, (वार्ता)। मध्यप्रदेश के मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) प्रत्याशी रमेश चन्द्र गर्ग ने आज कहा कि वे इस अंचल के विकास के लिए चुनावी मैदान में हैं। गर्ग ने यहां मीडिया से चर्चा में आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से यहां भी जो व्यक्ति सांसद चुना गया, उसने इस क्षेत्र के विकास पर ध्यान नहीं दिया। उनका चुनाव लड़ने का उद्देश्य ही इस क्षेत्र के विकास को तवज्जो देना है और सांसद चुने जाने की स्थिति में वह क्षेत्र का विकास करके दिखाएंगे। उन्होंने इस क्षेत्र से सांसद रह चुके पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के संदर्भ में कहा कि वे भी दो बार यहां से सांसद रहे, लेकिन उन्होंने विकास कार्य ग्वालियर और भिंड जिले में कराए। बसपा प्रत्याशी ने यहां के एक व्यवसायी और उनके समर्थक माने जाने वाले अनिल गोयल के व्यवसायिक परिसरों में जीएसटी की हाल में की गयी कार्रवाई के संदर्भ में कहा कि इसका राजनीति से कोई संबंध नहीं है। व्यवसाय के पुराने मामलों के चलते यह कार्रवाई हुयी है।

बैलेट पेपर का जमाना नहीं लौटा

अब राजद प्रत्याशी बोले- ईवीएम से जिन्न निकलने की उम्मीद

राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार अब अब 90 के दशक को याद दिलवा रहे हैं। महागठबंधन की उम्मीदवार और राजद की टिकट पर लड़ रहे चुनाव बाहुबली मुन्ना शुक्ला ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 1990 और 1995 में जिस प्रकार से जिन्न निकलता था। इस बार वही जिन्न ईवीएम से निकलेगा।

आप लोगों को 1995 वाला चुनाव तो याद ही होगा

मुन्ना शुक्ला ने कहा कि लालू राज में जिन्न मतगणना के समय निकलता था इस बार भी वही होने वाला है। खुले मंच से मुन्ना शुक्ला वैशाली लोकसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन के दौरान लोगों को ईवीएम से जिन्न निकलने की बात कह रहे। मुन्ना शुक्ला ने कहा कि पूरे बिहार में सभी 40 के 40 सीट महागठबंधन जीत सकती है। आपलोगों को 1995 वाला चुनाव तो याद ही होगा किस प्रकार जिन्न निकलता था? कहीं इस बार फिर से वह जिन्न निकल ना जाए। आप लोग तैयार रहिए दिल्ली में महागठबंधन की सरकार बनेगी।

आरोप, राजद प्रत्याशी वोट लूटने की बात कह रहे हैं

इस बयान के बाद सियासत गरमा गई है। महागठबंधन के विरोधियों का कहना है कि जिस तरह जंगलराज में वोट लूट लिए जाते थे, उसी तरह राजद प्रत्याशी वोट लूटने की बात कह रहे हैं। उन्हें लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। ईवीएम पर सवाल खड़ा करने वाले अब ईवीएम से जिन्न निकले की बात कह रहे हैं।

90 के दशक में दबंगों द्वारा बूथ पर कब्जा कर जबरदस्ती अपने पक्ष में मतदान करवा लिया जाता था। आशंका है कि कहीं इस बार भी यह लोग मतदान को प्रभावित न करें। प्रशासन इस मामले को गंभीरता से ले।

सारण लोकसभा सीट

रोहिणी आचार्य के खिलाफ लालू यादव ने दाखिल किया नामांकन

छपरा। सारण लोकसभा सीट से रोहिणी आचार्य के खिलाफलालू यादव ने नामांकन का पर्चा दाखिल कर दिया है. यह खबर हैरान करने वाली है क्योंकि रोहिणी आचार्य के पिता खुद लालू यादव हैं तो हम आपको बता दें कि ये वाले लालू यादव राजद सुप्रीमो नहीं हैं बल्कि उनके ही हम नाम हैं जो आए दिन चुनाव लड़ते हैं और हार का सामना भी करते हैं. लालू यादव का नाम होने के कारण इनको अच्छा खासा वोट भी मिल जाता है. पिछले लोकसभा चुनाव में इन्होंने 14000 वोट हासिल कर लिया था. एक बार फिर लोकसभा चुनाव में यह लालू यादव चुनाव लड़ने की तैयारी में जुट गए हैं. सारण से नामांकन दाखिल कराने आए लालू प्रसाद यादव राजपा से प्रत्याशी होंगे. लालू प्रसाद यादव की कर्मस्थली सारण में लालू के हमनाम होने का ये बखूबी फायदा उठाते हैं.

आज तक नहीं मिली जीत, फिर भी लड़ते हैं चुनाव

चुनाव चाहे पंचायत स्तर का हो या विधानसभा का, विधान परिषद का या लोकसभा यह सभी जगह अपनी किस्मत आजमाते रहते हैं. हालांकि आज तक किसी भी चुनाव में इनेहीन विजय का स्वाद तो नहीं मिला, लेकिन राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के हमनाम और उनके ही चुनाव क्षेत्र का होने के कारण मीडिया की सुर्खियां जरूर बटोर लेते हैं।

रूढ़ी और रोहिणी को टक्कर देने का दावा

लालू यादव मढौरा के रहने वाले हैं और उनके चुनाव में उम्मीदवार बनने सबसे अधिक नुकसान राजद के प्रत्याशी को होता है जिनके वोटर कई बार लालू यादव के नाम पर वोटिंग कर देते हैं. लालू यादव एक बार फिर छपरा के चुनावी समर में कूद चुके हैं और राजीव प्रताप रूढ़ी और रोहिणी को टक्कर देने की बात कह रहे हैं हालांकि इनका भविष्य क्या होगा यह आने वाला वक्त बताएगा।

मुफ्त राशन नहीं, युवाओं को चाहिए रोजगार : आकाश

कौशांबी, (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) संयोजक आकाश आनंद ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर निशाना साधते हुये कहा कि युवाओं को रोजगार के बजाय मुफ्त का राशन देकर सरकार हर साल उन्हे करीब ढाई लाख रुपये का चूना लगा रही है।

कौशांबी लोकसभा क्षेत्र में चायल तहसील के मूरतगंज कस्बे में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये श्री आनंद ने कहा ÷ भाजपा सरकार साल मे आपको 12 हज़ार रुपये का राशन मुफ्त बाट कर ढाई लाख रुपये साल का चूना लगा रही है। जनता पर लगाए गए टैक्स के रुपए से राशन दिया जाता है।

कार्यकर्ता दुश्मनों से होशियार रहें

कार्यकर्ताओं को आगाह किया कि इस चुनाव में बसपा कार्यकर्ताओं को दुश्मनों से होशियार रहना है। वह अपने बीच पार्टी का झंडा और टोपी पहनकर आएंगे। जिनको पहचान कर इसकी जानकारी अपनी नेता पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को देनी है। बसपा नेता ने कहा कि उनकी पार्टी ने किसी धन्ना सेठ से चंदा नहीं लिया।

भाजपा ने झोले में नमक पकड़ाया

आकाश आनंद ने मंच से कहा, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपने हाथ मे किताब दी रोजगार दिया, लेकिन भाजपा के प्रधानमंत्री ने अपने हाथ मे अपनी तस्वीर का झोले में नमक पकड़ाया। अब वह कह रहे है कि मोदी का नमक अपने खाया है। बसपा की जनसभा मे पांच लोकसभा सीट भदोही, प्रतापगढ़, फूलपुर, फ़तेहपुर, कौशांबी के प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया।

फडणवीस के बाद शिंदे को झटका शरद पवार की चाल से एनडीए पस्त

राजनीतिक रूप से देश के दूसरे सबसे बड़े सूबे महाराष्ट्र की कई सीटों पर चुनाव दिलचस्प होता दिख रहा है. यहां की 48 सीटों पर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस-शिवसेना (उद्धव गुट) के नेतृत्व वाले महाविकास अघाड़ी के बीच कड़ी टक्कर है. राज्य में शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान हो रहा है. इस बीच महाविकास अघाड़ी की तरफ से शरद पवार ने मोर्चा संभाल रखा है. उन्हें राज्य की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है. उनकी चाल में सत्ताधारी दल के कई नेता फंसते दिख रहे हैं.

ताजा खबर माढ़ा संसदीय सीट से आ रही है. यहां पर शरद पवार ने एक ऐसी चाल चली है जिससे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को बड़ा झटका लगा है. इससे पहले इसी संसदीय सीट पर शरद पवार की चाल से उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को बड़ा झटका लगा था. शरद पवार की इस चाल से माढ़ा संसदीय सीट पर महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार की स्थिति बेहद मजबूत बताई जा रही है. माढ़ा में भाजपा की ओर से रणजीत सिंह नाइक निंबालकर को उम्मीदवार बनाया गया है. लेकिन, यहां दावेदार भाजपा के ही मोहिते पाटिल थे. टिकट नहीं मिलने के कारण वह एनसीपी शरद गुट में शामिल हो गए. फिर महाविकास अघाड़ी ने उन्हें अपना उम्मीदवार भी बना दिया. अब भाजपा उम्मीदवार नाइक का सीधा मुकाबला मोहिते पाटिल से है. मोहिते पाटिल के शरद गुट में आने के बाद उनके कई समर्थकों भी उनके साथ आए गए हैं. माढ़ा में महायुति यानी एनडीए को झटके पे झटके लग रहे हैं. इससे पहले मोहिते पाटिल राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल हुए थे. उन्हें महाविकास अघाड़ी की ओर से उम्मीदवार बनाया गया था. उसके बाद उत्तम जानकर ने भी शरद पवार गुट का समर्थन किया।

माढ़ा की सियासत

दरअसल, शिवसेना शिंदे गुट के पूर्व विधायक नारायण पाटिल राष्ट्रवादी शरद पवार गुट में शामिल हो गए हैं. इससे कहा जा रहा है कि माढ़ा लोकसभा क्षेत्र में महाविकास अघाड़ी की ताकत बढ़ गई है. इससे पहले यहां एक और प्रभावी नेता उत्तम जानकर ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात करने के कुछ ही समय एनसीपी शरद पवार गुट के साथ आ गए थे. शुक्रवार को शिवसेना के पूर्व विधायक नारायण पाटिल के एनसीपी शरद पवार गुट में शामिल होने को महाविकास अघाड़ी के लिए बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है.

कांग्रेस व सपा ने दिया भ्रष्टाचार को बढ़ावा : ब्रजेश पाठक

- **यूपी के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की सोशल मीडिया लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन में भागीदारी**

संतकबीरनगर, (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के विकास में अपना सर्वस्व झोंकने को तैयार हैं वहीं समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस की भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने की नीति से जनता भलीभांति वाकिफहै।

श्री पाठक ने सोशल मीडिया लोकसभा वालंटियर्स सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनाया और फिर कांग्रेस व सपा पर जमकर भड़ास निकाली। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विकास का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने है। सपा व कांग्रेस द्वारा किए गए कार्य को भी आप देख चुके हैं।

मोदी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को बढ़ाया

एक तरह जहां कांग्रेस व सपा जैसी पार्टियों ने भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है तो वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया में भारत की छवि को आगे बढ़ाने का काम किया। भारत जो कहता है पूरी दुनिया उसे सुनती है। उन्होंने कहा कि सभी को पुलवामा की घटना याद होगी जब पीएम मोदी ने कहा था कि दुश्मन को घर में घुसकर मारेंगे।

पाकिस्तान के अन्दर घुसकर आंतकवादियों को मारा

हमारे जाबांज सैनिकों ने पाकिस्तान के अन्दर घुसकर आंतकवादियों को मारने का काम किया। हमारा एक वीर सिपाही पाकिस्तान में घुस गया था। तक सब लोग बोल रहे थे वह गया। जब मोदी ने टेलीविजन पर कहा कि था हमारा जवान हमें सकुशल चाहिए तो पाकिस्तान ने हमारे जवान को इज्जत के साथ पाकिस्तान बार्डर से भारत भेजने काम किया था।

यह भारत की बदलती तस्वीर है। आज हमारा भारत देश ताकतवर राष्ट्र है और विकसित राष्ट्र के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है।

दुनिया में भारत पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था

आज हम दुनिया में पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में हैं। बड़े-बड़े अर्थशास्त्री मानते हैं कि मोदी के नेतृत्व में दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरेगा। उन्होंने सभी से अपील किया कि हमारा प्रत्याशी प्रवीण निषाद सभी की सेवा करेगा और क्षेत्र के नाम को रोशन करेगा।

कांग्रेस के नेतृत्व में भ्रष्टाचार के दलदल में डूबा था देश

निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद हमारे बड़े भाई हैं जिन्हें अभी हाल में ही समाजवादी के गुंडों ने हमला कर घायल कर दिया था। चुनाव आयोग से हमने कहा है कि चुनाव में खलल पैदा करने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाय। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व में केन्द्र की सरकार चल रही थी और भ्रष्टाचार के दलदल में डूबी थी। उसके कई मंत्री भ्रष्टाचार में लिप्त थे और समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में गुंडा, माफिया और अपराधिकारियों को संरक्षण देने काम की। हर जिले में सपा का एक-एक माफिया होता था।

बसपा ने निष्कासित किये हमीरपुर और महोबा के जिलाध्यक्ष

हमीरपुर, (वार्ता)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने शुक्रवार को हमीरपुर और महोबा जिले में अपने जिलाध्यक्षों को अनुशासनहीनता के आरोप में निष्कासित कर दिया है। इसके पीछे बसपा में टिकट वितरण को लेकर दल के अन्दर मचे घमासान को उत्तरदायी माना जा रहा है। निष्कासित जिलाध्यक्षों के स्थान पर नयी नियुक्तियां कर दी गयी है।

पार्टी के जोनल कोआर्डिनेटर रामफूल निषाद ने शुक्रवार को बताया कि हाईकमान ने गुरुवार को निर्दोष दीक्षित को हमीरपुर महोबा संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी घोषित कर दिया था तभी से महोबा व हमीरपुर जिले में दल में उथल पुथल शुरु हो गयी थी।

..नहीं तो दूसरे दल से भरेंगे पर्चा

बसपा नेता फतेहखान ने कहा था कि यदि टिकट नहीं बदला जाता तो वह दूसरे दल से पर्चा दाखिल करेंगे। चुनाव के पीक मौके पर दल में उथल पुथल होने का कारण हाईकमान ने हमीरपुर व महोबा के जिलाध्यक्षों का मान रहे है लिहाजा आज हमीरपुर के जिलाध्यक्ष रामकरन अहिरवार को पार्टी से हटाकर उनके स्थान पर राघवेंद्र अहिरवार को नया जिलाध्यक्ष बना दिया है।

महोबा के जिलाध्यक्ष की भी छुट्टी

इसी प्रकार महोबा के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार सिद्रार्थ को पार्टी से हटाकर उनके स्थान पर गंगादीन अहिरवार को जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है।

न्यूज गैलरी

राजनैतिक दलों की उपस्थिति में ईवीएम का किया गया एफएलसी

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला प्रशासन द्वारा खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं जशपुर जिलों से लाए गए ईवीएम का फर्स्ट लेवल चेकिंग राजनैतिक दलों की उपस्थिति में की गई। झगरहा स्थित आईटी कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीन की जांच ईसीआईएल के इंजीनियर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सीमा पात्रे, अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित राजनैतिक दलों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

भाजपा के सभी कार्यक्रम निष्ठा पूर्वक मिलकर पूरा करेंगे : विकास महतो

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा विधानसभा कार्यालय में आगामी कार्यक्रमों की कार्य योजना बैठक में भाजपा प्रदेश मंत्री विकास महतो सामिल हुए, उन्होंने बैठक में आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों सहित स्टार प्रचारकों की जनसभाओं का विस्तृत जानकारी लिया, कोरबा विधानसभा के अंतिम छोर अंतिम व्यक्ति तक जन सभाओं की जानकारी के साथ मोदी जी की गारंटी को भी जानकारी पहुंचाने की दिशा में मिलकर काम करने की बात कही है, और सबको एक साथ मिलकर कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान भी किया है।

बैठक में मुख्य रूप से भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, जिला मंत्री राजेन्द्र राजपूत, संजय शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मनोज मिश्रा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक टेकचंद अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष धन्नू दुबे, हरीश थदवानी, सूर्य प्रकाश शर्मा, रमेश गुरुद्वान, महिला मोर्चा की प्रभारी ज्योति पांडेय, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ललिता डिक्सेना, बुधवारा देवांगन, उतरा कुंभकार, स्नेहलता पटेल, ललिता राजपूत, अनिता पटेल, युवा मोर्चा से उत्तम रंधावा, मंडल अध्यक्ष उदय शर्मा, समजीत सिंह, उमाकांत डिक्सेना, जय गर्ग जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

महिला की हत्या कर शव फेंक दिए जाने का मामला, संदेही भी घायल

कोरबा/नवप्रदेश। एक एसईसीएल कर्मी की पत्नी की हत्या कर शव को फेंक दिए जाने का मामला सामने आया है। हत्या के इस मामले के तार मृतका के ही एक रिश्तेदार से जुड़ा है। वर्तमान में वह भी सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने की वजह से बिलासपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती है। एक ओर आरोपित होने की बात भी सामने आ रहा है।

अधिकारिक जानकारी के अनुसार गेवरा कोयला खदान में कार्यरत एसईसीएल कर्मी भोजराम रात्रे बांकीमोंगरा के शांतिनगर में निवास करते हैं।

उनकी पत्नी शंकुतला रात्रे 36 साल गुरूवार की शाम चार बजे घर में बच्चों को अस्पताल जाने की बात कह कर निकली, फिर उसके बाद वापस नहीं लौटी। शुक्रवार की सुबह उसकी लाश ग्राम पंचायत कांजीपानी में घुनघुट्टीपारा तालाब के पास मिली। स्थानीय ग्रामीणों ने गांव के सरपंच व कोटवार को सूचना दी, तब उन्होंने चैतमा चौकी पुलिस को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस स्थल पर पहुंची। प्रथम दृष्टया ही यह हत्या का मामला प्रतीत हुआ। मृतका के जीभ बाहर निकले हुए थे और नाक से खून निकल रहा था। गला घोंट कर हत्या किए जाने की आशंका व्यक्त की जा रही। जांच के दौरान पुलिस को यह भी पता चला है कि बांकीमोंगरा क्षेत्र में ही रहने वाला मृतका का एक रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिला है।बताया जा रहा है कि किसी सड़क दुर्घटना में वह घायल हुआ और उसे बिलासपुर के अस्पताल में दाखिल करना पड़ा। जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। सूत्रों का दावा है कि पुलिस ने हत्या के इस मामले का सुराग लगा लिया है। मृतका के घायल रिश्तेदार प्रमुख संदेही है और इस मामले में एक अन्य आरोपित भी संलिप्त है। कहा यह भी जा रहा है कि हत्या की घटना को अंजाम देने के बाद शव को ठिकाने लगाए जाने के बाद सड़क दुर्घटना की शिकार संदेही हुआ।

सीएम साय की पहल से पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे ग्रामीण को मिली बड़ी राहत

जशपुर/नवप्रदेश। पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रहे 25 वर्षीय पालेश्वर राम को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल से नया जीवन मिला है। ग्रामीण युवक की जान बचाने के लिए बंजारा समाज ने सीएम का आभार जताया है। पालेश्वर के परिजनों ने बताया कि पालेश्वर बीते एक साल से पेट की गंभीर बीमारी से ग्रसित था। उसके पेट में भयंकर दर्द रहता था, जिससे वह ना तो ठीक से खा पाता था और ना ही सो पाता था। इससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।

परिजनों ने पालेश्वर को स्थानीय अस्पताल लेकर गए, जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने बड़े अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। निजी अस्पताल में जांच के बाद चिकित्सकों ने ऑपरेशन की आवश्यकता बताई, लेकिन ऑपरेशन का भारी खर्च ने, पालेश्वर के परिजनों के होश उड़ा दिया।

बीते लगभग एक साल से पालेश्वर इसी हालत में घर में ही पड़ा हुआ था।

इस बीच पीड़ित पालेश्वर के परिजनों ने सीएम कैम्प बगिया पहुंच कर सीएम साय से पालेश्वर की जान बचाने के लिए, उपचार में सहायता का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री साय के पहल पर रायपुर के नारायणा हॉस्पिटल में पालेश्वर के इलाज की व्यवस्था की गई।

डॉक्टरों ने जांच में पालेश्वर के पेंक्रिया और आंत में समस्या पाया। मुख्यमंत्री के निर्देश पर नारायणा हॉस्पिटल ने पालेश्वर का सफल ऑपरेशन किया। फिलहाल पालेश्वर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। पालेश्वर के ऑपरेशन का सारा भुगतान आयुष्मान कार्ड के माध्यम से किया गया है।

प्रेक्षक ने किया संवेदनशील मतदान केन्द्रों का निरीक्षण

कोरबा/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कोरबा जिले के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक आई.ए.एस. श्री प्रेम सिंह मीणा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत कोरबा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्रों की सुविधाओं एवं आवश्यक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस दौरान एसडीएम श्री श्रीकांत वर्मा सहित संबंधित बूथ लेबल अधिकारी उपस्थित थे।

प्रेक्षक श्री मीणा ने कोरबा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत भाग संख्या 141 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 01, भाग संख्या 142 निर्मला इंग्लिश स्कूल कोसाबाड़ी कोरबा कक्ष क्रमांक 02, भाग संख्या 177 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष

क्रमांक 01, भाग संख्या 178 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा कक्ष क्रमांक 02, भाग संख्या 179 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 180 स्वामी आत्मानंद गवर्मेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लिश मीडियम) पंपहाउस कोरबा, भाग संख्या 188 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 01, भाग संख्या 189 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 02, भाग संख्या 190 शासकीय प्राथमिक शाला भवन तुलसीनगर कक्ष क्रमांक 03, भाग संख्या 181 नवीन प्राथमिक शाला राताखार कोरबा कक्ष क्रमांक 01, भाग संख्या 182 नवीन प्राथमिक शाला राताखार कोरबा कक्ष क्रमांक 02, भाग संख्या 183 नवीन प्राथमिक शाला राताखार कोरबा कक्ष क्रमांक 02, भाग संख्या 191 शासकीय प्राथमिक शाला कन्या कोरबा मिशन रोड कक्ष क्रमांक 01, सहित अन्य मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया गया।

परीक्षा परिणाम से तनावग्रस्त छात्रों को मिलेगा नि:शुल्क परामर्श

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किया टोल फ्री नंबर

रायपुर/नवप्रदेश। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किंतु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए, बहुत ही संवेदनशील होता है और तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है।

यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाइन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर नि:शुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाइन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है, जिसका वेबलिंक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा।

इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव ने सभी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी और सीआरसीसी को पत्र जारी कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने के लिए जनजागरण एवं सकारात्मक माहौल, बच्चों एवं पालकों के मध्य लाया जाए, जिससे पालक, बच्चों पर अनावश्यक दबाव न बनाएं और न ही नकारात्मक प्रतिक्रिया दी जाए, किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए, सार्थक प्रयास किया जाए, इसके लिए यह बात विद्यार्थियों, माता-पिता तथा पालकों तक पहुंचाना है कि परीक्षा परिणाम आशा अनुरूप न होना, जीवन का कोई अंतिम परिणाम नहीं है। हमारे सम्मुख बहुत से ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने शिक्षा के दौरान अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है, किंतु वे जीवन में अत्यंत सफल रहे हैं तथा वे हमारे प्रेरणा-स्त्रोत रहे हैं।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि तनाव ग्रसित बच्चों में पूर्व से भी कुछ लक्षण दिखने लगते हैं, यथा शांत (मौन) रहना, अकेले गुमसुम रहना, किसी काम में मन न लगना, चिड़चिड़ापन, भूख नहीं लगना आदि इन तथ्यों के आधार पर बच्चों की समुचित निगरानी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

भाजपा सरकार में साहस हो तो झीरम की भी सीबीआई जांच करवाए

रायपुर/नवप्रदेश। बीरनपुर और पीएससी मामले की सीबीआई जांच पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा को अपने पुलिस पर भरोसा नहीं है या अपने शासन प्रणाली पर भरोसा नहीं है जो सीबीआई जांच करवा रहे है। क्या पुलिस इस मामले की जांच करने में सक्षम नहीं है या साय सरकार का शासन तंत्र कमजोर है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जब सीबीआई जांच कराने की बात हो ही रही है। भाजपा में साहस हो तो वह झीरम मामले की सीबीआई जांच करवाये। एनआईए झीरम मामले पर किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंची। भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को जांच नहीं करने दिया गया, न्यायिक जांच भी अधूरी है। ऐसे में झीरम मामले की भी सीबीआई जांच होनी चाहिये।

झीरम मामले की सीबीआई जांच क्यों जरूरी?

. एनआईए की जांच में कुछ सामने नहीं आया।

. एनआईए ने भूपेश सरकार के द्वारा गठित एसआईटी को मामले की फाईल नहीं वापस किया था, इस कारण एसआईटी जांच शुरू नहीं कर पाई थी। एनआईए ने घटना के राजनैतिक षड़यंत्रों की जांच नहीं किया था। न्यायिक आयोग की जांच भी लंबित है। राज्य की एसआईटी जांच शुरू करें सीबीआई से जांच नहीं करवा सकते तो राज्य के द्वारा गठित एसआईटी से जांच करवाया जाय।

रंगोली, पोस्टर, शपथ व रैली के माध्यम से किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

ग्राम पंचायतों में किए जा रहे हैं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी श्री संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवा, महिला, पुरूषों के द्वारा स्वीप की गतिविधियों के तहत मानव श्रृंखला, रैली, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन व निबंध प्रतियोगिता जैसे विविध कार्यक्रमों का आयोजन कर सतत् रूप से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

इसी कड़ी में पोंडी उपरोड़ा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुम्हारीदर्री के आंगनबाड़ी केंद्र में कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए रंगोली तथा पोस्टर बनाए गए। महिलाओं ने गांव में रैली निकालकर शत-प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत पाली में ग्रामीण महिलाओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर लोकसभा निर्वाचन हेतु मतदान की शपथ ली गई। महिलाओं के द्वारा गांव में मतदाता जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। ग्राम पंचायत रामपुर एवं घरीपखना में महिलाओं के द्वारा 'जन-जन ने यह ठाना है, वोट देने जाना है, सत्य और ईमान से, सरकार बने मतदान से,' आदि नारे लेखन करके शत-प्रतिशत मतदान का संदेश दिया।

जनपद पंचायत कटघोरा के ग्राम पंचायत सलोरा ख में स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा स्वीप के अंतर्गत रंगोली बनाई गई। इसके साथ ही महिलाओं ने लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ लेकर रैली निकाली। इसी तरह ग्राम पंचायत छिंदपुर में ग्रामीण पुरुष एवं महिलाओं के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत गांव में रैली निकालकर ग्रामीणों को मतदान करने का संदेश दिया।

ग्राम पंचायत केसला में महिलाओं के द्वारा 'आओ मिलकर अलख जगाएं, शत-प्रतिशत मतदान कराएं' अपनी ताकत को पहचान, करें हम सब मतदान' जैसे नारों का दीवार लेखन करके मतदान से सशक्त लोकतंत्र बनाने का संदेश दिया।

संघ चलाएगा मतदाता जागरूकता अभियान

कोरबा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ छ.ग. प्रदेश में अपने अखबार वितरकों के माध्यम से प्रातः अखबार वितरण के समय व अखबार बिल वसूली के समय घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के दिन मतदान के लिए प्रेरित करेंगे चुनाव की तिथि तक मतदाताओं को सबसे पहले मतदान उसके बाद कोई और काम अभियान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाएगी ताकि लोकतंत्र के महापर्व में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सके।

बुढ़ियापाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रिया कंवर की नियुक्ति को किया गया निरस्त

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अजीत वसंत ने ग्राम बुढ़ियापाली तहसील बरपाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति में गड़बड़ी होने की शिकायत की जांच उपरांत शिकायत सही पाये जाने पर श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति आदेश को निरस्त कर दिया है। इस मामले में अभ्यर्थी द्वारा शासकीय कर्मचारियों से सांठ-गांठ करने और लिपिक द्वारा त्रुटिपूर्ण अंक की गणना कर अभ्यर्थी को लाभ पहुंचाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली के सहायक ग्रेड-02 श्री सतीश कुमार सहीस को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है।

न्यायालय कलेक्टर कोरबा द्वारा पारित आदेश दिनांक 26.04.2024 के अनुसार ग्राम बुढ़ियापाली निवासी श्रीमती आशा आदिल द्वारा श्रीमती प्रिया कंवर की नियुक्ति आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक एक में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद पर गलत तरीके से किये जाने तथा इस मामले में जांच कर भर्ती पर रोक लगाने तथा उचित कार्यवाही की मांग की गई थी। इस प्रकरण में परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना बरपाली से जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। प्राप्त प्रतिवेदन के परीक्षण एवं जांच के आधार पर पाया गया कि अनावेदिका प्रिया कंवर को लापरवाहीपूर्वक अधिक अंक देकर संलग्न प्रमाण पत्रों का सही ढंग से परीक्षण नहीं किया गया है। उन्हें अधिक अंक देकर भर्ती में प्रथम वरीयता क्रम में रखा गया तथा आवेदिका/शिकायतकर्ता का अंक अधिक होने के बावजूद भी द्वितीय वरीयता क्रम में रखा गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा नियुक्ति संबंधी जारी पत्र अनुसार अनुसूचित जाति/जनजाति विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम में आठवीं तक अध्ययन करने में तीन अंक प्रदाय किया जाना निर्धारित है।

राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता शिविर

कोरबा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित योजनाओं का क्रियान्वयन, प्रचार-प्रसार एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के द्वारा जारी स्टेट प्लॉन ऑफ एक्शन में दिए गए निर्देशों के अनुसार माननीय श्री सत्येंद्र कुमार साहू, माननीय जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वित्तीय साक्षरता दिवस के अवसर पर दिनांक 25 अप्रैल 2024 को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया आर-सेटी प्रशिक्षण केंद्र कोरबा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

उक्त अवसर पर कुमारी डिम्पल, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के द्वारा प्रशिक्षण ले रही अभ्यर्थियों को अपने उद्बोधन में कहा की मौजूदा समय में वित्तीय साक्षरता एक महत्वपूर्ण विषय है, लोगों को वित्तीय तौर पर साक्षर होना उतना ही जरूरी है, जितना किसी डिग्री को प्राप्त करना. इसी वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए हर साल वित्तीय साक्षरता दिवस मनाया जाता है। जब आप वित्तीय रूप से साक्षर होते हैं, तो आपके पास पैसे के साथ एक स्मार्ट रिश्ते के लिए आवश्यक आधार होता है। इससे आपके जीवन के वित्तीय पहलुओं के बारे में सीखने की आजीवन यात्रा शुरू करने में मदद मिल सकती है। आप जितनी जल्दी वित्तीय रूप से साक्षर बनना शुरू करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा क्योंकि शिक्षा एक सफल वित्तीय भविष्य की कुंजी है।

दिव्य दरबार | दिव्य दरबार के लिए चिरमिरी पहुंचे धीरेंद्र शास्त्री, कहेंगे आध्यात्मिक कथा

भाजपा नेत्री सरोज पांडेय ने भव्य स्वागत कर मांगा आशीर्वाद

कोरबा/नवप्रदेश। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री दिव्य दरबार के लिए छ्ड जिले के चिरमिरी पहुंचे जहां बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय सहित कई बड़े नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री एक दिवसीय आध्यत्मिक कथा एवं दिव्य दरबार के लिए चिरमिरी पहुँचे, जहां बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडेय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, विधायक रेणुका सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले, प्रबल प्रताप सिंह सहित बड़े नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। धीरेन्द्र शास्त्री के कथा के कार्यक्रम में जोर शोर से तैयारी दिखी। उनके कार्यक्रम स्थल में पहुचने से पहले देश के कई जगहों से साधू संतो का भी जमावड़ा लगा रहा,

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार मे 5 लाख से अधिक स्थानीय व अलग अलग जगहों से आये श्रद्धालु,भक्त, सनातनी नजर आए। सुबह 8 बजे से ही लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम (गोंदरीपारा) में भक्तों के आने

जाने का सिलसिला शुरू हो गया था, जानकारी के मुताबिक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का यह चिरमिरी में पहला दिव्य दरबार था, जिसमे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ कई अन्य राज्यो से भी श्रद्धालु पहुँचे थे।

बीजेपी नेत्री व कोरबा संसदीय क्षेत्र की प्रत्याशी सरोज पांडेय ने दरबार स्थल मे मौजूद भक्तों व श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा करती नजर आई और साथ ही उन्होंने सभी भक्तों से जय जय श्रीराम करके उनका स्वागत व अभिवादन भी किया। चिरमिरी में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री के दरबार मे उमड़े जनसैलाब मे महिलाओं, बच्चों में खास उत्साह दिखा, पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के दरबार स्थल में पहुचने पर सभी भक्तों ने जय जयश्रीराम और जय बाला जी सरकार, सीताराम के जयघोष के साथ उनका अभिवादन किया। वही धीरेंद्र शास्त्री ने भजन गायन के साथ अपनी आध्यात्मिक एक दिवसीय हनुमंत कथा को प्रारंभ किया और सभी सनातनियों को रामनाम मे खूब झुमाये और श्रद्धालुओं ने श्रद्धा पूर्वक कथा को श्रवण किये।

कांग्रेस के स्टार प्रचारक पायलट की सभा आज रजगामार में

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के स्टार प्रचारक व छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रभारी सचिन पायलट 28 अप्रैल, रविवार को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे। सचिन पायलट के द्वारा कोरबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ज्योत्सना चरणदास महंत के लिए रामपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजगामार में आमसभा को संबोधित किया जाएगा। रजगामार के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में 28 अप्रैल को दोपहर 3.30 बजे स्टार प्रचारक सचिन पायलट की सभा होगी। सचिन पायलट के प्रवास व आमसभा के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस आमसभा में सचिन पायलट के साथ पीसीसी चीफ दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, सांसद व प्रत्याशी

ज्योत्सना चरणदास महंत, पूर्व मंत्री धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक बोधराम कंवर, रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया, पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर, मोहित केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर सहित प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेता प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी पदाधिकारियों, सेवादल, इंटक व कांग्रेस के सभी अनुषंगी व सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से बड़ी संख्या में आमसभा में शामिल होने की अपील की है।

हेल्थ एंड लाइफ स्टाईल

आप भी चाहते हैं इंस्टेंट ग्लो, टमाटर का ऐसे करें इस्तेमाल, दाग धब्बों से भी मिलेगा छुटकारा

सेहत के लिए तो टमाटर एक सुपरफूड है, जो पोषक तत्वों एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन सी से भरपूर है। लेकिन इसके अलावा ये आपकी त्वचा के लिए भी बहुत अच्छा है। चेहरे को खूबसूरत बनाने के लिए टमाटर बेस्ट ऑप्शन है। इसका उपयोग कर आप आसानी से अपने चेहरे को ग्लोइंग और मुलायम बना सकते हैं। जानें इसे इस्तेमाल करने के अलग-अलग तरीके।

ऐसे करें स्किन केयर :टमाटर हर घर के किचन में आसानी से मिल जाएगा लोग अक्सर इसका इस्तेमाल चटनी, सब्जी और सलाद के रूप में करते हैं। लेकिन इसका इस्तेमाल कर आप चेहरे को खूबसूरत बना सकते हैं। यह त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करता है। आइए जानते हैं इसके इस्तेमाल के बारे में।

फेस पैक की तरह करें इस्तेमाल: टमाटर खाने में स्वादिष्ट होने के साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं। आप टमाटर की मदद से फेस पैक बना सकते हैं। इसके लिए आपको टमाटर को पीसकर उसमें दही मिलना होगा। इस पेस्ट को चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगाएं, फिर धो लें।

5 मिनट तक लगाकर मसाज करें:

इस पेस्ट को 5 मिनट तक लगाकर मसाज करें। इससे चेहरे की डेड स्क्रीन निकलेगी और त्वचा पर निखार आएगा। इसका इस्तेमाल करने से पहले पैच टेस्ट जरूर करें, क्योंकि कुछ लोगों को इसके इस्तेमाल से एलर्जी हो सकती है। अगर ऐसा होता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले।

गर्मियों में फ्रेश रहने के लिए रोजाना पिएं नारियल पानी, त्वचा के लिए भी है फायदेमंद

सेहत के लिए नारियल पानी के फायदों से तो लगभग सभी वाकिफ होंगे लेकिन ज्यादातर लोग स्किन पर नारियल पानी के फाय से अंजान होते हैं. नारियल पानी का सेवन सेहत के लिए जितना कारगर है, चेहरे पर इसका इस्तेमाल भी उतना ही असरदार साबित हो सकता है। आइए जानते हैं इसके फायदों के बारे में।

नारियल पानी के फायदें : गर्मी के दिनों में त्वचा का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में अधिकतर लोगों को पिंपल्स जैसी समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप अपनी डाइट में नारियल पानी को शामिल कर सकते हैं। ऐसा करने से गर्मी के दिनों में आपकी त्वचा और शरीर दोनों को कई कई फायदे होंगे। आईए जानते हैं नारियल पानी पीने के फायदों के बारे में।

शरीर को पहुंचाएं ठंडक : गर्मी के मौसम में नारियल पानी तन और मन को ठंडक पहुंचाता है, यह एक ठंडा पेय पदार्थ है। इसके एक नहीं अनेक फायदे होते हैं, जैसे नारियल पानी में इलेक्ट्रोलाइट्स और पानी की मात्रा भरपूर होती है, जो शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करता है साथ ही चेहरे से पिंपल्स और दाग धब्बों को दूर करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो त्वचा को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से राहत दिलाते हैं।

गर्मियों में ताजगी का अहसास दिलाता है श्रीखंड, शरीर को मिलेंगे कई फायदे

गर्मी के मौसम में सभी लोग श्रीखंड खाना पसंद करते हैं। इसका स्वाद बहुत मज़ेदार होता है। यह एक पारंपरिक गुजराती रेसिपी है। आप घर में इसे आसानी से और कम समय में बना सकते हैं। आज हम आपके लिए आम के फ्लेवर वाले श्रीखंड की रेसिपी लेकर आए हैं। आम श्रीखंड एक पौष्टिक व्यंजन है। दही में विटामिन डी, प्रोटीन और कैल्शियम की अच्छी मात्रा होती है। आम में विटामिन सी, फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते है, इसलिए ये हमारी सेहत के लिए भी फायदेमंद होता है। मेंगो श्रीखंड को आप घर पर आए मेहमानों को भी सर्व कर सकते है।

वजन करेगा कंट्रोल : अगर आप मोटापे से परेशान है, तो रोजाना एक कटोरी श्रीखंड का सेवन कर सकते हैं। यह लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराता है और वजन को कंट्रोल करने में मदद करता है.

भिंडी का पानी सेहत के लिए है फायदेमंद

भिंडी में सिर्फ 30त्न कैलोरी मिलती है। वहीं यह विटामिन सी और मैग्नीशियम का भी अच्छा सोर्स है। भिंडी के पानी को नियमित पीने से शरीर को कई सारे फायदे मिलते हैं। जानिए इन बेहतरीन फायदों के बारें में। इससे ब्लड शुगर लेवल से लेकर वेट लॉस तक में फायदे मिलते हैं। फ्री रेडिकल्स से भी छुटकारा दिला सकता है, हालांकि इसके कुछ नुकसान भी हैं।

भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए करें ये योगासन

गर्मियों में पसीना आना, गुस्सा आना, प्यास लगना और चिड़चिड़ापन महसूस होना आम बात है। बढ़ते तापमान के कारण लोगों में अक्सर यह समस्याएं देखने को मिलती हैं। इसलिए कहते हैं कि गर्मियों में हर तरह से अपने शरीर का ध्यान रखना चाहिए। इन दिनों में सबसे ज्यादा दिक्कत तब आती है, जब एनर्जी लेवल डाउन होने लगता है।

ऐसा होने पर आपकी पूरी दिनचर्या प्रभावित होती है। वैसे तो गर्मी के दिनों में एनर्जी लेवल बढ़ाने के कई तरीके हैं, लेकिन आप चाहें, तो योगासन का सहारा ले सकते हैं। गर्मियों में इन्?हें करने से पूरे दिन एनर्जी बनी रहेगी और थकान से भी राहत मिलेगी। अगर आप भी समर डेज में फिट और हेल्दी रहना चाहते हैं, तो यहां बताए गए योगासन ट्राई करें।

गर्मियों में रिफ्रेशिंग फील करने के लिए मत्स्यासन करना अच्छा तरीका है। इसे मछली मुद्रा के नाम से भी जाना जाता है। पाश्चर में सुधार के साथ टेंशन और गर्दन में अकड़न को दूर करने के लिए यह आसन बहुत फायदेमंद है। रोजाना एक से पांच मिनट तक इस आसन को करें। आप काफी रिलेक्स फील करेंगे।

शवासन

गर्मियों में शवासन करने से पूरी शरीर की सेहत अच्छी बनी रहती है। यह ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर बनाकर दिमाग तक ठीक से ब्लड पहुंचाता है। इसे सीधे लेटकर किया जाता है, इसलिए इसे शवासन कहते हैं। रोजाना एक से दो मिनट तक इस योगासन को करके आपको तरोताजा महसूस होगा।

पद्मासन

गर्मियों में अपने फिटनेस रूटीन में पद्मासन का अभ्यास करने से आपको कई फायदे मिलेंगे। इसे कमल मुद्रा के नाम से भी जाना जाता है। ये आपके रूट चक्र को संतुलित करता है। इसे करने से शरीर में ऊर्जा का स्तर बना रहेगा। इसस बॉडी टेंपरेचर को भी कंट्रोल किया जा सकता हैं।

सुखासन

अगर आपके पास समय की कमी है, तो सुखासन एक बहुत ही सिंपल पोज है। इसे ईजी पोज के नाम से भी जाना जाता है। इसका उपयोग आमतौर पर मेडिटेशन के लिए किया जाता है। इसे करने से केवल आप रिलेक्?स फील करते हैं, बल्कि आपकी एकाग्रता को भी बढ़ावा मिलता है।

वीरभद्रासन

गर्मी के दिनों के लिए यह सबसे अच्?छा आसन है। इसे वॉरियर पोज भी कहते हैं। इसे किसी भी उम्र का व्यक्ति कर सकता है। गर्मियों में वजन घटाना चाहते हैं, तो यह आसन बहुत प्रभावी है। गर्मियों में शरीर के संतुलन को बढ़ावा देने के लिए इसे एक बेहतरीन आसान माना गया है।

गर्मियों में रोज खाएं फाइबर से भरपूर फूड, पेट रहेगा दुरुस्त

शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स से भरपूर भोजन का सेवन जरूरी होता है लेकिन यहां हम आपको बता दें कि शरीर के लिए फाइबर भी बेहद जरूरी है और इसका सेवन करना भी बेहद जरूरी है. फाइबर पेट को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है. यह पाचन को दुरुस्त रखता है और पेट की समस्या को दूर रखता है।

फाइबर वजन भी काबू में रखता है फाइबर के सेवन के लिए आप साबुत अनाज, बीन्स, ड्राई फ्रूट्स और कई फलों व सब्जियों का सेवन कर सकते हैं. फाइबर प्लांट बेस्ड फूड यानी पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों में पाया जाता है. फाइबर दो प्रकार का होता है, सॉल्युबल फाइबर और इनसॉल्युबल फाइबर. यहां हम आपको फाइबर से भरपूर कुछ फूड्स के बारे में बता रहे हैं जो आपके लिए बेहद फायदेमंद होते हैं।

1. बेरीज

सभी प्रकार की बेरीज जैसे ब्लूबेरी, जामुन, रास्पबेरी, स्ट्रॉबेरी और ब्लैकबेरी फाइबर और एंटीऑक्सिडेंट्स से भरपूर होती हैं. ये पाचन में सहायता करती हैं और कब्ज जैसी बीमारियों को शरीर से दूर रखती हैं. आपको रोजाना मुट्ठी भर बेरीज का सेवन जरूरी करना चाहिए. आप इन्हें सलाद, स्मूदी, ओट्स या किसी भी डिश में मिलाकर भी खा सकते हैं.

2. एवोकाडो

एवोकैडो एक बेहतरीन फल है जो फाइबर, हेल्दी फैट और विटामिन-मिनरल्स से भरपूर होता है. एवोकाडो विटामिन सी, ई, के, और बी6 के साथ-साथ राइबोफ्लेविन, नियासिन, फोलेट, पैंटोथेनिक एसिड, मैग्नीशियम और पोटैशियम का भी स्रोत है. एवोकाडो में मौजूद फाइबर भूख को दबाता है और वजन को काबू में रखता है. यह पेट के गुड बैक्टीरिया को पोषण देकर पाचन को भी बेहतर बनाता है।

3. साबुत अनाज

साबुत अनाज का सेवन शरीर को कई स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने में मदद कर सकता है. गेहूं, राई, जई, जौ, मक्का, ब्राउन राइस, ब्लैक राइस, बाजरा, क्विनोआ जैसे अनाज में फाइबर प्रोटीन, विटामिन, एंटीऑक्सिडेंट्स, मिनरल्स, आयरन, जिंक, कॉपर और मैग्नीशियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर को सेहतमंद रखने में मदद कर सकते हैं।

4. ड्राई फ्रूट्स

नट्स को सेहत के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है. नट्स में बादाम, पिस्ता और अखरोट का सेवन कर फाइबर की कमी को दूर कर पाचन को बेहतर और शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।

वजन भी कंट्रोल करता है फाइबर

वेट लॉस करने के लिए डायटिंग पर है वर्कआऊट भी करते हैं लेकिन किसी भी चीज़ का बॉडी पर असर नहीं दिख रहा सबसे पहले अपनी डाइट को मॉडिफाई करे। डाइट में कुछ ख़ास फूड्स पर ध्यान दे। वजन कम करने के लिए आप फ़ाइबर पर ज़ोर दें और लो कार्बोहाइड्रेट और लो फैट फूड्स का सेवन करें। इन फूड्स को आप भर भर कर खाये तो भी आप का वज़न नहीं बढ़ेगा।

चोकर के आटे की रोटी खाएं

बढ़ते वजन को कंट्रोल करने के लिए आप चोकर वाले आटे की रोटी खाएं। गेहूं के आटे में मौजूद चोकर फाइबर से भरपूर होता है। इस आटे में कार्बोहाइड्रेट कम होता है। गेहू के आटे को चोकर के साथ गूंथे और फिर उसकी रोटी बनाएं। इस आटे की रोटी आपका वजन कंट्रोल करेंगी,पेट को लम्बे समय तक भरेगी और भूख भी शांत करेगी।

सीड्स का करें सेवन

वजन कम करने में फाइबर और प्रोटीन डाइट बेहद असरदार साबित होती है। वजन को कम करने के लिए आप चिया सीड्स और अलसी के सीड्स का सेवन करें। इन सीड्स में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है और ये लम्बे समय तक पेट को भरा रखते हैं। चिया सीड्स में मौजूद पोषक तत्वों की बात करें तो इसमें ओमेगा-3 फैटी एसिड मौजूद होता है जो पाचन को सुधारने में मदद करता है।

क्रूसिफेरस सब्जियों का करें सेवन

हेल्थलाइन की खबर के मुताबिक आप वजन कम करना चाहते हैं तो फूलगोभी और ब्रोकली का सेवन करें। फूलगोभी क्रूसिफेरस सब्जी है जिसमें कैलोरी बेहद कम होती है और फाइबर, विटामिन और मिनरल्स ज्यादा होते हैं।

आज का इतिहास

1910 में 28 अप्रैल को इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम वाइट नाम के पायलट ने पहली बार रात में विमान उड़ाया था। 1932 में इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा की थी। 1935 में रूस की राजधानी मॉस्को में भूमिगत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत हुई थी। 1937 में इराक के तानाशाह सद्दाम हुसैन का जन्म हुआ था। 1943 में आज ही के दिन नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने जर्मनी से जापान की अपनी यात्रा के दौरान मेडागास्कर के निकट एक जर्मन पनडुब्बी से जापानी पनडुब्बी में सवार हुए थे। 1986 में आज ही के दिन युक्रेन के चेरनोबिल में हुए परमाणु दुर्घटना के दो दिन के बाद सोवियत संघ ने हादसे की बात मानी थी। 1999 में आज ही के दिन अमेरिकी वैज्ञानिक डाक्टर रिचर्ड सीड द्वारा एक वर्ष के अंदर मानव क्लोन बनाने की घोषणा की थी। 2001 में पहला अंतरिक्ष सैलानी टेनिस टीटो अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना हुआ था। 2001 में आज ही के दिन अमेरिकी बिजनेसमैन डेनिस टीटो पहले अंतरिक्ष पर्यटक बने थे। 2003 में 28 अप्रैल को ही दुनियाभर में कर्मचारी सुरक्षा और स्वास्थ्य दिवस मनाया गया।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) पैरा एशियन गेम्स 2023 में भालाफेंक खिलाड़ी सुमित अंतिल ने कौन सा पदक जीता है?

2) हाल ही में आस्ट्रेलिया के सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में किस भारतीय खिलाड़ी के नाम पर एक गेट का अनावरण किया है?

3) रानी चेनम्मा, रायप्पा के नेतृत्व में कित्तूर विद्रोह कहाँ हुआ था?

4) कौन-सी नदी प्रारम्भ में अरूण नदी के नाम से जानी जाती है?

5) केरल के सर्वोच्च सम्मान केरल ज्योति पुरस्कार के लिए किसे चुना गया है?

उत्तरमाला- (1) स्वर्ण पदक (2) सचिन तेंदुलकर (3) कर्नाटक (4) कोसी (5) साहित्यकार टी. पद्मनाभन

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:57, सूर्यास्त : 18:52, चन्द्रोदय : 22:13,चन्द्रास्त : 07:59, अयन : उत्तरायण, ऋतु : ?? ग्रीष्म, शक सम्वत : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वत : 2081 (कालयुक्त) पिंगल, *संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त, *युगाब्द (कलि संवत) 5126, मास वैशाख, पक्ष कृष्ण, तिथि : चतुर्थी, नक्षत्र : मूल, योग : शिव, प्रथम करण विष्टि (08:17 तक), द्वितीय करण : बव (20:23 तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य : मेष, चंद्र : धनु (28:27 से), मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:59 से 12:50, राहुकाल : 16:30 से 18:00, यमगण्ड : 14:01 से 15:38, दुर्मुहूर्त : 07:41 से 08:32, अमृत काल : 19:22 से 21:01, विजय मुहूर्त : 14:31 से 15:23।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज भी दिन के पहले भाग में सेहत में नरमी रहेगी किसी गंभीर रोग अथवा चोट आशंका चिंता का विषय बनेगी।

वृषः आज दिन के आधे भाग में सुख शांति कामनापूर्ति तथा आधे भाग में शोक संताप हानि से मन दुविधा में रहेगा।

मिथुनः आज का दिन आपको मिला जुला फल देगा। दिन के आरंभ में जिस कार्य मे हानि का भय रहेगा मध्यान बाद उन्ही से लाभ होता देख अपना निर्णय बदलना पड़ेगा।

कर्कः आज के दिन दोपहर तक आपकी दिनचार्य धीमी रहेगी कार्य व्यवसाय की मुश्किलों का कहीं से कोई हल ना मिलने के कारण सोच में डूबे रहेंगे।

सिंहः आज दिन के पूर्वार्ध में आपको परिजनों से खरी खोटी सुनने को मिलेंगी आपका ध्यान भी इधर उधर की बातों में ज्यादा रहेगा ।

कन्याः आज के दिन आपको घर एवं कार्य क्षेत्र के कार्य एक साथ आने पर असहजता होगी। सेहत में थोड़ा बहुत उतार चढ़ाव लगा रहने पर भी बाधक नही बनेगा।

तुलाः आज के दिन भी आपको विविध उतार चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। सेहत भी अचानक नरम बनेगी।*

वृश्चिकः आज के दिन आपको सभी सुख सुविधा मिलने पर भी असंतोष की भावना से ग्रस्त रहेंगे।

धनुः आज दिन के पहले भाग में कल वाली समस्या यथावत रहेगी लाभ कमाने के अवसर मिलेंगे ।

मकरः आज भी दिन के आधे भाग तक लाभ के छोटे मोटे अवसर मिलते रहेंगे इसके बाद भी आर्थिक व्यवसायिक दृष्टिकोण से दिन ठीक ही रहेगा ।

कुंभः आज के दिन प्रातः काल से ही मन मे यात्रा की योजना बनेगी लेकिन अंत समय मे किसी न किसी कारण से टालनी पड़ेगी अगर हुई भी तो अकस्मात ही होने की संभावना है ।

मीन : आज का दिन बीते दिनों की तुलना में राहत भरा रहेगा लेकिन मन मे बेचैनी अधिक रहेगी निराशा में जल्दबाजी दिखाएंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -040

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 039 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

न्यूज गैलरी

परीक्षा परिणाम से उत्पन्न तनाव को दूर करने टोल फ्री नंबर जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं। यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है। यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसका वेबलिंक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा।

सुनील कुमार एसईसीएल के नए निदेशक वित्त बने

बिलासपुर/नवप्रदेश। पीईएसबी द्वारा एनसीएल में महाप्रबंधक (वित्त) के रूप में कार्यरत डी सुनील कुमार के नाम की अनुशंसा एसईसीएल के निदेशक वित्त के रूप में की गई है । कोयला उद्योग में लगभग 35 वर्षों से अधिक का अनुभव रखने वाले श्री कुमार ने आचार्या नागार्जुन विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से बीकॉम एवं आंध्र विश्वविद्यालय, आंध्र प्रदेश से एमबीए की डिग्री हासिल की है। कोयला उद्योग में वित्त प्रबंधन के क्षेत्र में उन्हें मुख्यालय तथा क्षेत्रीय स्तर पर काम करने का व्यापक अनुभव है तथा वे कॉस्ट कंट्रोल के माध्यम से लाभप्रदता बढ़ाने के कौशल के लिए जाने जाते हैं। एसईसीएल परिवार की ओर से श्री डी सुनील कुमार को निदेशक वित्त हेतु अनुशंसित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।

निखिल का नवोदय में चयन

बिलासपुर/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा 2024-25 सत्र हेतु कोटा स्थित सेंट मेरी हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा पाँचवी के छात्र का चयन प्रावीण्य सूची के आधार पर हुआ। सेंट मेरी विद्यालय के छात्र निखिल सिंह नेताम, पिता सुजीत सिंह नेताम का चयन नवोदय विद्यालय मल्हार में प्रवेश हेतु हुआ। विद्यार्थियों की इस अप्रतिम सफलता के कारण पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्या रश्मि रोहरा ने बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सेंट मेरी स्कूल के चेयरमैन बी. जेमिश सर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य न केवल शिक्षा प्रदान करना नही ,अपितु बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करना भी है, ताकि बच्चे भविष्य में क्षेत्र तथा विद्यालय का नाम रोशन करे । विद्यालय के शैक्षणिक समन्वयक लिलेश सिंह क्षत्री ने भी शुभकामनाएं दी।

आरोही की सुरमाला संध्या आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। आरोही संगीत परिवार की सुरमाला संध्या का आयोजन कल 28 अप्रैल को शाम 4 बजे लिंक रोड स्थित आईएमए हाल में किया जा रहा है, जिसमें लाइव ऑर्केस्ट्रा के साथ मुंबई से आई गायिका मधुमिता पुल प्रस्तुति देंगी साथ ही आरोही के कलाकार भी अपने गीत प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम के संयोजक राजेश गुप्ता ने बताया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निरंजन नाथ अरुण क्षेत्रपाल होंगे विशिष्ट अतिथि सा रे गा मा पा टैलेंट संयोजक दया वर्मा होंगे और ऑनलाइन इंटरनेशनल कराओके के आयोजक् इमरान अली विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में सभी के लिए रात्रि भोज की व्यवस्था की गई है। शामिल होने के इच्छुक लोक अन्य विवरण के लिए7974 26 2250 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। मीडिया प्रभारी अतुल खरे ने बताया की आरोही परिवार की ओर से अनिल पोहरे, विनोद तिवारी, मयूरी खंडेलवाल, आशीष अधिकारी, नीना श्रीवास्तव, रवि केडिया, मुकेश शर्मा, गौरी देवी, देवेंद्र जी, प्रफुल चिपड़े, अजय चौरसिया, विकास संकुल, वैष्णवी औरराकेश,अतुल कांत खरे, मुकेश साहू समेत अन्य कलाकार प्रस्तुतियां देंगे।

बाड़ी में रखे पैरावट में लगी आग

बिलासपुर/नवप्रदेश। कोटा नगर पंचायत वार्ड नं 15 मिडिल स्कूल के पास धौराभाठा रामबिहारी जयसवाल के बाड़ी में बीस एक खेत के पैरावट के ठेर में आग लग गया। वहीं कल रात धौराभाठा में बारात लेकर आये थे बरात में आये हुए बराती द्वारा फटाका फोड़ने के दौरान पैरावट में आग लग गया आग लगने की सूचना मिलते ही रामबिहारी जयसवाल और उनके परिजनों ने अपने बाड़ी से लगे घर से बोर के पानी से आग बुझाने में लगे रहे लेकिन पैरावट (खरही) ठेर में आग पूरे लग गया वहीं कोटा नगर पंचायत से दमकल कर्मियों ने पानी से आग बुझाने की लगे रहे लेकिन आग सुबह तक नहीं बुझा।

हाईकोर्ट की फटकार के बाद जागा निगम, अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

भाजपा ने अवैध काम्प्लेक्स के खिलाफ किया था प्रदर्शन, बिना पार्किंग के बनाई गई थी दुकान, निगम ने की कार्रवाई

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहर के नूतन चौक में स्वीकृत नक्शे के विपरीत बनाए गए दुकानों को आज नगर पालिक निगम ने ढहा दिया, इससे पूर्व सुबह 9 बजे दुकानों का सीमांकन किया गया। इस संदर्भ में कल हाईकोर्ट द्वारा सीमांकन कर कार्रवाई करने का निर्देश जारी किया गया था, जिसके परिपालन में आज नगर निगम ने कार्रवाई की।

बीते शनिवार को सुबह 9 बजे नगर निगम की टीम नूतन चौक स्थित उक्त कांप्लेक्स पहुंची,जहां सीमांकन करने के बाद सुबह 10.30 बजे से कार्रवाई शुरू की गई। कार्रवाई के तहत स्वीकृत नक्शे के विपरीत बनाए गए छः दुकान और सीढ़ी के लिए बनाए गए एप्रोच निर्माण को तोड़ा गया। नूतन चौक स्थित भूमि में हरीश राठौर द्वारा 2377 वर्ग फीट आबंटित जमीन में तीन फ्लोर का नक्शा का पास कराया गया था, जिसमें भूतल पर 123 वर्ग मीटर में पार्किंग और प्रथम तथा द्वितीय तल में आफिस था पर हरीश राठौर द्वारा पार्किंग के लिए आरक्षित भूतल पर द्वारा दुकानों का निर्माण करा कर तीन अन्य लोगों को बेच दिया गया।

निगम ने जारी किया था नोटिस

अवैध निर्माण पर नगर निगम ने नोटिस जारी किया था,जिस पर हरीश राठौर द्वारा हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट द्वारा उक्त याचिका में 21 दिन के भीतर अवैध निर्माण स्वयं से हटाने या नक्शे के अनुसार संशोधन के निर्देश दिए गए थे। 21 दिन बीत जाने के बाद भी निर्माणकर्ता द्वारा कोई निर्माण में संशोधन या हटाया नहीं गया। इस दौरान दुकान के क्रेता द्वारा हाईकोर्ट दुकान को लेकर याचिका लगाई गई जिस पर हाईकोर्ट ने दो दिन के भीतर मामले के निराकरण के निर्देश देते हुए सीमांकन करने और सीमांकन के परिणाम के अनुरूप कार्रवाई के निर्देश दिए। सीमांकन के पश्चात सभी अवैध निर्माण को आज निगम ने तोड़ दिया। इसके पहले भी नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण को लेकर शहर के कई अलग-अलग जगहों पर कार्रवाई की गई है और अभी अवैध निर्माण के अलग-अलग मामले भी निगम में पेंडिंग है जिस पर निकट भविष्य में कार्रवाई होने की संभावना है। कुछ दिनों पहले ही मंगला बस्ती पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई हुई थी।

सीयू ए-प्लस प्लस ग्रेड पाने वाला राज्य का पहला विश्वविद्यालय

कई दिनों के प्रयासों से सीयू पहुंचा शिखर पर- प्रो. चक्रवाल

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुरु घासीदास विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल ने 24 जुलाई, 2021 को जिस संकल्प के साथ कार्यभार ग्रहण किया था उसने आज मूर्त रूप ले लिया है। 1008 दिनों के अथक परिश्रम, अनवरत प्रयास और निरंतर सकारात्मकता के परिणाम स्वरूप गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ का एकमात्र केन्द्रीय संस्थान है जिसे ए++ की रैंकिंग प्राप्त है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय न सिर्फ छत्तीसगढ़ बल्कि समूचे अकादमिक जगत में सूर्य की तरह दमक रहा है और इसकी किरणों से अज्ञानता और बेरोजगारी को समाप्त करने में मदद मिलेगी।

गुरु घासीदास विश्वविद्यालय का दिनांक 15-17 अप्रैल, 2024 को नैक की छह सदस्यीय पीयर टीम द्वारा विजिट किया गया था। 25 अप्रैल को जारी परिणाम से समूचे अकादमिक जगत में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल के सक्षम नेतृत्व, कुशल मार्गदर्शन एवं दूरदर्शी वैचारिक कौशल की भूरि-भूरि प्रशंसा हो रही है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने गुरु घासीदास विश्वविद्यालय को मिली इस ए++ रैंकिंग की अभूतपूर्व सफलता पर कहा कि नैक द्वारा निर्धारित मापदंडों करिकुलम आसपेक्टस, टीचिंग लर्निंग एवं इवैल्यूएशन, शोध, अनुसंधान, नवाचार एवं विस्तार, आधारभूत संचरना, लर्निंग रिसोर्स, स्टूडेंट सपोर्ट एवं प्रोग्रेशन, गर्वनेंस लीडरशिप एंडमैनेंजमेंट, संस्थागत मूल्य एवं बेस्ट प्रैक्टिस को परखा। हर्ष की बात है कि नैक पीयर टीम ने सभी बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को श्रेष्ठ एवं गुणवत्तायुक्त पाया। नैक पीयर टीम ने पाया कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय शिक्षा, शोध, कला एवं संस्कृति, मानवीय मूल्यों, सामाजिक सरोकारों, नवाचार, खेल, राष्ट्र निर्माण की चेतना, स्वतत्स्फूर्त विद्यार्थी मंच, रचनात्मकता और उद्यमिता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य हो रहा है। तीन दिनों तक 6 सदस्यी नैक पीयर टीम ने विजिट किया। इसके बाद नैक पीयर टीम द्वारा विश्ववि?द्यालय को ए++ ग्रेड प्रदान किया गया है। ए++ ग्रेड प्राप्त होने के बाद विश्ववि?द्यालय का दायित्व बढ़ने के साथ ही है संकल्प और समर्पण में भी वृद्धि हुई है। कुलपति प्रोफेसर चक्रवाल ने कहा कि गुरु घासीदास विश्वविद्यालय राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को समग्र रूप में क्रियान्वित करने में सक्रियता के साथ जुटा है। यह नीति भारत को वैश्विक पटल पर विश्व गुरु के रूप में प्रतिस्थापित करने वाली क्रांतिकारी दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि ए++ की रैंकिंग हमरा लक्ष्य नहीं है, यह एक पायदान मात्र है, हमारा लक्ष्य गुरु घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय को विश्व में नंबर एक बनाने का है, और जब तक हम इस लक्ष्य को हासिल नहीं कर लेते है तब तक हमारे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनजातीय अंचल में स्थापित यह विश्वविद्यालय अपने मूल उद्देश्यों के प्रति समर्पित भाव के साथ विद्यार्थियों को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है।

हाईकोर्ट की नोटिस के बाद एएसआई के खिलाफ चल रहे 15 वर्ष पुराना जांच समाप्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट की नोटिस के बाद पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर ने रिटायर्ड एएसआई के खिलाफ 15 वर्ष पुराना लंबित विभागीय जांच को पूरा कर नस्तीबद्ध किया गया। याचिकाकर्ता संतोष यादव वर्ष 2009 में तखतपुर थाना में एएसआई के पद में पदस्थ था। एक दुष्कर्म के मामले की जांच में लापरवाही के आरोप में निरीक्षक निकोलस खलखो के साथ आईजी बिलासपुर ने विभागीय जांच प्रारंभ किया। सितंबर 2021 में याचिकाकर्ता संतोष यादव रिटायर हो गए। रिटायरमेंट के बाद विभागीय जांच लंबित होने के कारण उनका पेंशन एवं अन्य देयक का भुगतान रोक दिया गया। इसके खिलाफ उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व दुर्गा मेहर के माध्यम से याचिका पेश की। हाई कोर्ट ने मामले में आईजी बिलासपुर को नोटिस जारी कर 15 दिवस में जांच पूरा करने का आदेश दिया। कोर्ट की नोटिस के बाद आईजी ने 15 वर्ष पुराने जांच को पूर्ण कर याचिकाकर्ता के खिलाफ चल रहे विभागीय जांच को नस्तीबद्ध किया है।

बिलासपुर-यशवंतपुर के मध्य 9 फेरे के लिए समर स्पेशल ट्रेन की सुविधा

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन के द्वारा एक समर स्पेशल ट्रेन 08291/ 08292 बिलासपुर-यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन बिलासपुर एवं यशवंतपुर के मध्य 9 फेरो के लिये चलाई जायेगी। यह गाड़ी बिलासपुर से प्रत्येक शनिवार एवं मंगलवार को ट्रेन नंबर 08291 बिलासपुर-यशवंतपुर समर स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 28 मई तक तथा इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी यशवंतपुर से प्रत्येक सोमवार एवं गुरुवार को ट्रेन नंबर 08292 यशवंतपुर-बिलासपुर समर स्पेशल ट्रेन 2 से 30 मई तक चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 06 सामान्य, 10 स्लीपर, 02 एसी थ्री, 01 एसी-टू श्रेणी सहित कुल 21 कोच रहेगी।

गोंदिया, डोंगरगढ़ व राजनांदगाँव के यात्री भी होंगे लाभान्वित

रेलवे द्वारा ग्रीष्म ऋतु में यात्रियों की सुविधा के लिए दुर्ग-छपरा एवं दुर्ग-पटना के मध्य गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए दो समर स्पेशल ट्रेन दुर्ग-छपरा-दुर्ग एवं दुर्ग-पाटन-दुर्ग के मध्य चलाई जा रही है। नागपुर मण्डल में रेल यात्रियों की मांग को ध्यान में रखते हुये इन दोनों समर स्पेशल गाड़ियों को गोंदिया तक विस्तार किया गया है।

सत्ता में आते ही किसानों के हित में बनेगा कानून: अल्का लांबा

30 लाख सरकारी पदों पर होगी भर्ती, किसान हो जाएंगे कर्जमुक्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अल्का लांबा अपने अल्प प्रवास में बिलासपुर पहुंची। यहां उन्होंने पत्रकार वार्ता में कहा कि सत्ता में आते ही किसानों को एमएसपी पे कानून देने जा रहे हैं एवं उनके कर्ज का एक-एक पाई को माफ करेंगे। कृषि उपकरणों को टैक्स मुक्त करने जा रहे हैं। हम सरकार में आते ही सरकारी नौकरी के 30 लाख पद भरने जा रहे हैं। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा आज दोपहर बिलासपुर पहुंची तो छत्तीसगढ़ भवन में उन्हे आचार संहिता का हवाला दे कमरा उपलब्ध कराने से इंकार कर दिया गया। वे दस मिनट तक छत्तीसगढ़ भवन के परिसर में कार में बैठी रही। उनके साथ चल रहे रायपुर के कांग्रेस नेता नितिन भंसाली छत्तीसगढ़ भवन के केयर टेकर से बात की उसके बाद उन्होंने कलेक्टर अवनीश शरण से मोबाइल पर बात की तो कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ भवन में कक्ष इस्तेमाल करने की अनुमति दे दी लेकिन अलका लांबा शायद गुस्से में थी ,उन्होंने कहा यहां हमारे बहुत सारे कांग्रेस नेता है जिनके यहां हम जा सकते है इसलिए यहां से तुरंत चलिए। तब तक पूर्व विधायक रश्मि सिंह और अन्य कांग्रेस नेत्री पहुंच चुकी थी। अलका लांबा और नितिन भंसाली तुरंत छत्तीसगढ़ भवन से रवाना हो गए।

सेक्टर अधिकारी संजीदगी से करें कमिशनिंग का कामः कलेक्टर

ईव्हीएम कमिशनिंग का मिला अधिकारियों को प्रशिक्षण

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों और उनके सहयोगियों को आज इव्हीएम कमीशनिंग का प्रशिक्षण जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष और जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में दिया गया। मंथन सभाकक्ष में कोटा, तखतपुर, मस्तूरी विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों के लिए और प्रार्थना सभाकक्ष में बिल्हा, बिलासपुर और बेलतरा विधानसभा क्षेत्रों के सेक्टर अधिकारियों के लिए यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कमीशनिंग का अर्थ होता है ईव्हीएम मशीनों को मतदान के लिए तैयार करना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने प्रशिक्षण में हैंड्स ऑन (खुद करके देखना) प्रशिक्षण पर विशेष जोर दिया। मास्टर ट्रेनर एमटी आलम ने ईव्हीएम कमीशनिंग की बारीकियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराते हुए उनकी शंकाओं का भी समाधान किया।

कलेक्टर ने प्रशिक्षण में कहा कि कमीशनिंग का काम बहुत महत्वपूर्ण है। पूरी जिम्मेदारी और संजीदगी से यह कार्य करें। प्रशिक्षण में दी गई जानकारी को अच्छी तरह आत्मसात् करें। किसी भी प्रकार की शंका होने पर अवश्य प्रश्न पूछकर उनका निराकरण करें।

उन्होंने सभी को टीम भावना के साथ काम करते हुए समय-सीमा में यह कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग के जरिए अब तक लिए गए प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली।

ऑटो श्रृंखला बनाकर मतदान करने दिया संदेश

जिले में हर मतदाता को जागरूक करने और मतदान केन्द्र तक लाने जिला प्रशासन द्वारा स्वीप की गतिविधियां व्यापक पैमाने पर आयोजित की जा रही है। इसमें हर वर्ग अपनी भागीदारी बखूबी निभा रहा है। जिले के ऑटो चालकों ने भी लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया है। आरटीओ और यातायात पुलिस के जरिए इस अभियान को गति देते हुए आज स्थानीय पुलिस परेड ग्राउंड में स्वीप का कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑटो चालकों ने ऑटो के जरिए शत प्रतिशत वोट की आकृति बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने जिला ऑटो संघ के सदस्यों को स्वीप का दूत बनाकर उन्हें लोकसभा निर्वाचन सहित अन्य निर्वाचनों में अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलायी।

मतदाताओं को जागरूक करने स्वीप साइकिल रैली आज

कलेक्टर ने की शहरवासियों से अधिकाधिक भागीदारी की अपील

बिलासपुर/नवप्रदेश। शत प्रतिशत मतदान बिलासपुर का अभिमान अभियान के तहत लोगों को मतदान का संदेश देने जिला प्रशासन द्वारा कल 28 अप्रैल को सुबह साढ़े 6 बजे स्वीप साइकिल रैली आयोजित की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण ने शहर के लोगों से स्वीप साइकिल रैली में अधिक से अधिक सहभागिता की अपील की है। स्वीप साइकिल रैली आत्मानंद स्कूल प्रताप चौक से शुरू होकर देवकीनंदन चौक, कोतवाली चौक, गांधी चौक, शिव टॉकीज चौक, पुराना बस स्टैण्ड, अग्रसेन चौक, सत्यम चौक, अम्बेडकर चौक और पुलिस पेट्रोल पंप से होते हुए स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में समाप्त होगी।

आयोजन सीवीआरयू में 2 दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस, रिसर्च एडवांसमेंट एंड इन्नोवेशन इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी, विकसित भारत 2024 विषय पर आयोजित

सोचने का तरीका बदलने से तेजी से होगा विकासः बी.जी. सिंह

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में 2 दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है. यह सेमिनार रिसर्च एडवांसमेंट एंड इन्नोवेशन इन कंप्यूटर साइंस एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी विकसित भारत 2024 विषय पर आयोजित किया गया. यह आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित किया गया है, जिसमें देशभर के 7 विषय विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे. इस आयोजन में देश भर के शोधार्थी और विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन मोड में शामिल होंगे।

शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर वंश गोपाल सिंह ने कहा हमारा देश विकसित हो रहा है, लेकिन उतनी गति से नहीं, जिस गति से अन्य देश हुए हैं . इसलिए हमें अपने सोचने के तरीके को बदलने की जरूरत है. तभी हमारा भारत दुनिया के देशों के सामने सिरमौर होगा। उन्होंने कहा कि विज्ञान का महत्व इस रूप में नहीं है, कि हमने क्या रिसर्च किया, बल्कि इस रूप में है, कि अब हम उस विषय को जानने लगे है. उन्होंने आधुनिक तकनीक को मनोविज्ञान से जोड़कर अपने विचार साझा किया। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के कुल सचिव गौरव शुक्ला ने कहा कि आने वाला समय टेक्नोलॉजी का है, और अब सब कुछ एआई से होगा. युवा और बच्चों को अधिक से अधिक टेक्नोलॉजी से अपडेट होने की जरूरत है, उन्होंने कहा कि लगातार विश्वविद्यालय ऐसे आयोजन करता है जिससे कि वह विकसित भारत 2024 की दिशा में कदम से कदम मिलाकर चल सके। कार्यक्रम में उपस्थित विश्वविद्यालय की सम कुलपति प्रोफेसर जयति चटर्जी ने कहा कि हमें हर दिन नवीन कल्पना और रचनाशीलता करनी होगी, छोटे-छोटे कल्पना और रचना से ही हम बड़े आविष्कार, रिसर्च की दिशा में कीर्तिमान रच सकते हैं. इसलिए इनोवेशन को कभी भी नहीं बंद करना चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता डॉ अरविंद तिवारी ने कहा कि हमें भारतीय ज्ञान को वैश्विक संदर्भ मे और वैश्विक ज्ञान का भारतीय संदर्भ में स्थापित करने की जरूरत है. जो आज वैश्विक ज्ञान है वह भारतीय ही है. उसे विश्व स्तर पर स्थापित किया जाना चाहिए, और जो भारतीय ज्ञान है, उसे विश्व स्तर पर ले जाकर प्रमाणित रूप से स्थापित किए जाने की जरूरत है। यह काम युवाओं की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में स्वागत भाषण इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी और कंप्यूटर साइंस विभाग के संकाय अध्यक्ष डॉ. अभिनव शुक्ला एवं आभार प्रकट विभाग अध्यक्ष डॉ. आयुष अग्रवाल ने दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन डॉ. ज्योति बाला गुप्ता ने किया। दो दिवसीय आयोजन में बड़ी संख्या में शोधार्थी और विश्वविद्यालय के प्राध्यापक अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

भाजपा कांकेर लोकसभा बड़े अंतर से जीतेगी: रजनीश सिंह

कांकेर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह ने द्वितीय चरण के मतदान पर बयान जारी करते हुए कहा कि भाजपा कांकेर लोकसभा क्षेत्र में बड़े अंतर से जीत दर्ज करने वाली है पूरे बस्तर संभाग के कार्यकर्ताओं ने पूरी निष्ठा एवं कर्मठता के साथ कार्य किया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प और गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भीषण गर्मी में डोर टू डोर जनसंपर्क किया। छोटी-बड़ी सभाएं आयोजित की एवं जन सरोकार स्थापित किया। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने कई दौरों, रैलियों, बैठकों और सभाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठित किया जिसका लाभ हमें चुनाव परिणाम में दिखेगा।उन्होंने एक-एक कार्यकर्ता एवं समर्थकों, साथ-साथ ही क्षेत्र की संपूर्ण जनता को धन्यवाद दिया एवं कहा कि आप सभी के सहयोग से हम बस्तर संभाग के साथ-साथ पूरे प्रदेश में 11 की 11 सीट दर्ज करने जा रहे हैं। हम जीत के लिए पूरी तरह आश्वस्त हैं। भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, प्रदेश के समस्त नेताओं एवं चुनाव प्रचार में हर मोर्चे पर, हर क्षेत्र डटे कार्यकर्ता साथियों का बहुत बहुत धन्यवाद। उन्होंने कहा कि मैंने क्षेत्र के कोने कोने का दौरा किया भाजपा को जिस प्रकार से समर्थन मिला वह उत्साहजनक है। हम निश्चित ही विजय श्री प्राप्त करने जा रहे हैं।

शबरी नदी में डूबे युवक का शव 35 घंटे बाद मिला

जगदलपुर/नवप्रदेश। राजनादगांव से अपने दोस्तों के साथ घूमने के लिए आया अभिषेक शुक्रवार की शाम को शबरी नदी में नहाने के दौरान डूब गया था। जिसके बाद पुलिस की टीम के साथ ही एसडीआरएफ की टीम खोजबीन में लग गई। वहीं एसडीआरएफ की टीम ने 5 किमी तक खोजबीन के बाद आखिरकार युवक के शव को खोज निकालने में सफलता हासिल की। वहीं अभिषेक का शव मिलते ही उसके जीवित होने की उम्मीद खत्म हो गई, जिसके बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि 25 अप्रैल को थाना प्रभारी नगरनार द्वारा जानकारी दी गई कि घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम तिरिया सबरी नदी में एक युवक पानी में नहाने के दौरान डूब गया। जिसे खोजने के लिए एसडीआरएफ के जिला सेनानी एस मार्बल को घटना की जानकारी दी गई। जिसमें जवानों द्वारा शुक्रवार सुबह से लेकर रात भर सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन युवक का कुछ भी पता नहीं चला, जिसके बाद शनिवार की सुबह अभिषेक की खोजबीन के लिए फिर से टीम 7 बजे शबरी नदी पहुँच गई। जहां 35 से 40 घंटे के बाद उसके शव को 27 अप्रैल को घटनास्थल से 5 किलोमीटर दूर ताल्लूर घाट के पास राजनांदगांव निवासी अभिषेक उत्कल 27 वर्ष पिता अशोक कुमार के शव को पुलिस के खोजने के बाद सुपुर्द कर दिया गया।

विश्व मलेरिया दिवस पर निकाली गई जागरूकता रैली

खैरागढ़/नवप्रदेश। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. जीडी वैष्णव के मार्गदर्शन में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के दोनों विकासखंड खैरागढ़ व छुईखदान के विभिन्न ग्रामों में मलेरिया उन्मूलन एवं बचाव हेतु जागरूकता शिविर लगाए गए एवं रैली निकाली गई।

पहली बार मतदान कर रहे युवाओं में रहा भारी उत्साह

■ **विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा मतदाता लखन लाल ने किया अपने मताधिकार का प्रयोग**

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में मतदान के लिए युवा मतदाताओं में बहुत उत्साह देखने को मिल रहा है। युवा मतदाताओं ने बढ़चढ़कर लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदान कर अपनी जिम्मेदारी निभाया। कांकेर विधानसभा के मावलीपारा के नए वोटरों ने मतदान केंद्र में 19 वर्षीय कृष्णा नेताम, रवींद्र कुमार शेष ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं 21 वर्षीय इंद्रजीत

नेताम पिछले विधानसभा निर्वाचन में घर से बाहर होने के कारण मतदान नहीं कर पाया था, लेकिन इस बार अपने गांव आकर लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान किया।

इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजातीय समूह कमार जनजाति के ग्राम मावलीपारा निवासी 25 वर्षीय युवा मतदाता लखन लाल मंडावी ने मतदान केन्द्र क्रमांक-221 पूर्व माध्यमिक शाला में पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उन्होंने बताया कि वे हर निर्वाचन में मतदान करते आये हैं। गत वर्षों में दो बार मतदान कर चुके हैं और आज वे तीसरी बार लोकसभा निर्वाचन में मतदान कर रहे हैं। इसके अलावा मावलीपारा के ही युवा मतदाता 24 वर्षीय दामिनी साहू और 19 वर्षीय साधना मंडावी ने भी मतदान केन्द्र पहुँचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। लोकसभा निर्वाचन में मतदान के बाद उत्साहित कु. दामिनी और कु. साधना ने बताया वह दूसरी बार मतदान कर रही हैं और पूर्व में गत विधानसभा में पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

दूधमुंहे बच्चे को लेकर मतदान करने पहुंची सरिता धनेलिया

कांकेर विधानसभा क्षेत्र के गॉव मावलीपारा के ही 25 वर्षीय मतदाता श्रीमती सरिता धनेलिया अपने नौ माह के दूधमुंहे बेटे तेजस को गोद में लेकर पूर्व माध्यमिक शाला स्थित मतदान केंद्र क्रमांक-221 में मतदान करने पहुँची।

मतदान कराकर सुरक्षित लौटा मतदान दल

■ **जिला निर्वाचन अधिकारी की पहल पर की गई परिवहन विश्राम और भोजन की व्यवस्था**

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए 26 अप्रैल को जिले के सभी 727 मतदान केन्द्रों में वोटिंग का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। इसके पश्चात् सभी मतदान दलों के अधिकारी ई.व्ही.एम., व्ही.व्ही.पैट एवं अन्य मतदान सामग्री और दस्तावेजों को संबंधित संग्रहण केन्द्रों में जमा करा दिया। इसके बाद अन्य ब्लॉक से निर्वाचन ड्यूटी करने आए कर्मचारियों को बसों के माध्यम से सकुशल वापस भेजा गया। इस दौरान उनके ठहरने एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था सभी ब्लॉक मुख्यालयों में किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर की विशेष पहल पर पहली बार मतदान अधिकारियों को इस तरह की सुविधा मुहैया कराई गई है।

उन्होंने बताया कि अंतागढ़ स्थित वितरण/संग्रहण केन्द्र में मतदान ड्यूटी में आए 124 मतदान अधिकारियों को मतदान सामग्री जमा कराने के उपरांत 06 बसों से उनके ब्लॉक मुख्यालय के लिए भेजा गया। इसी तरह पखांजूर वितरण/संग्रहण केन्द्र में मतदान सामग्री जमा कराने के पश्चात् 326 मतदान अधिकारियों को 13 बसों से और कांकेर के नाथियानवागांव स्थित वितरण/संग्रहण केन्द्र में मतदान सामग्री जमा कराने के बाद 196 मतदान अधिकारियों को 08 बसों से उनके गंतव्य ब्लॉक मुख्यालय के लिए प्रस्थान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि इस दौरान सभी ब्लॉक मुख्यालयों में कुल 969 मतदान अधिकारियों को चिन्हांकित आश्रम-छात्रावासों एवं शासकीय भवनों में आवास के साथ-साथ निःशुल्क भोजन भी उपलब्ध कराया गया था। पहली बार की गई उक्त व्यवस्था से सभी मतदान अधिकारियों ने संतुष्टि एवं प्रसन्नता जाहिर करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी के प्रति आभार प्रकट किया।

जन कल्याण सामाजिक संस्थान ने मतदान में किया सहयोग

राजनांदगांव/नवप्रदेश। लोकसभा क्षेत्र में आज लोगों ने अपबे मताधिकार का प्रयोग किया। जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगांव द्वारा मत केन्द्रों में निर्बाध रूप से मतदान और शत-प्रतिशत मतदान के लिए विभिन्न कार्य किए गए। जारी विज्ञप्ति में संस्था के अध्यक्ष योगेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा ठाकुरटोला मतदान केंद्र में मितानिन दीदीयों के साथ ओआरएस घोल पिलाने में सहयोग, लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित, स्वास्थ विभाग के स्टाफ के साथ मतदान केंद्र में जनता को जरुरत के हिसाब से मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराना,लोगों को धूप में पानी पिलाना, बीएलओ दीदी के साथ में मतदाता पर्ची मिलान में सहयोग जैसी विभिन्न गतिविधियों में माध्यम से लोकतंत्र के महापर्व में अपना सहयोग किया गया।

पशु विभाग ने मनाया विश्व पशु चिकित्सा दिवस

कोंडागांव/नवप्रदेश। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर स्थानीय पशु विभाग ने एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें पशुओं के स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इस अवसर पर निःशुल्क टीकाकरण, निशुल्क हेल्थ कार्ड, निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, रेबीज जागरूकता कार्यक्रम, और निशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान 92 पशुओं का पंजीयन हुआ, 87 पशुओं का डिवर्मिंग किया गया, 56 पशुओं को एंटी रेबीज वैक्सीन दी गई, और 80 पशुओं के लिए हेल्थ कार्ड बनाए गए। यह आयोजन पशुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने और पशुपालकों को उनके पशुओं की बेहतर देखभाल के लिए उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विभाग ने इस कार्यक्रम के माध्यम से पशुओं की बीमारियों की रोकथाम और उनके उचित उपचार के लिए जरूरी कदम उठाने एवम पशुपालकों में संतोष और विश्वास की भावना बढ़ी।

केशकाल, ईवीएम स्ट्रांग रूम में सील

कोंडागांव/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए कांकेर लोकसभा क्षेत्र के तहत केशकाल विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों में मतदान के लिए उपयोग में लाई गई मतदान सामग्री को शुक्रवार को देर रात स्ट्रांग रुम में सील कर दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक श्री वाय अक्षय कुमार सहित अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शहीद गुण्डाधूर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में स्थित भवन में मतदान सामग्री को सील कर दिया गया। इस दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने स्ट्रांग रुम की सुरक्षा हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते हुए बताया कि पूरा परिसर तीन स्तरीय सुरक्षा के दायरे में है। यहां कमरों में रखे गए मतदान सामग्री रखने के लिए उपयोग में लाए गए कक्षों के साथ ही पूरे परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा इसके अवलोकन के लिए महाविद्यालय के द्वार पर स्क्रीन लगाई गई है। अभ्यर्थी या उनके प्रतिनिधि लगातार उस पर नजर रख सकते हैं।

इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी चित्रकांत चाली ठाकुर, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय उरांव, सहायक रिटर्निंग अधिकारी अंकित चौहान सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

मतदान में मतदाताओं की स्कॉउट गाइड्स, रेडक्रॉस वॉलिंटियर्स ने की मदद

कांकेर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदान के द्वितीय चरण में आज पोलिंग बूथों को सुविधाजनक बनाने में बीएलओ, कोटवार, सुरक्षा कर्मी, मितानिन सहित स्कॉउट गाइड्स, रेडक्रॉस और एनएसएस के वॉलिंटियर्स की अहम् भूमिका रही, जिन्होंने दिव्यांग, वयोवृद्ध और बीमार मतदाताओं को व्हीलचेयर पर बैठाकर मतदान कक्ष तक ले जाने और वापस लाने का कार्य किया। विभिन्न मतदान केन्द्रों में सुबह साढ़े छह बजे से वोटिंग के बाद भी ये अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद रहकर पानी पिलाने, वेटिंग कक्ष तक लेकर जाने, हेल्प डेस्क तक पहुंचाने में काफी मदद की। कांकेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मुड़पार (दखनी) में अपनी सेवाएं देने पहुंचीं कु. नमिता कोर्राम, संध्या मानिकपुरी, पायल कश्यप ने यहां मतदाताओं की लगी लम्बी कतारों के बीच जा-जाकर पानी पिलाने और व्हील चेयर से वृद्ध मतदाताओं को लाने ले जाने का काम कर रही थीं। इस दौरान लाइन में लगे मतदाताओं ने इन बच्चों के सेवाभाव की सराहना की। इसी तरह मनकेसरी मतदान केन्द्र में स्कॉउट गाइड्स कु. अंजलि मेश्राम, पहेली आसले ने भी पूरे समय अपनी सेवाएं आम मतदाताओं को दीं।

शांतिपूर्ण मतदान के लिए लोकसभा के सभी मतदाताओं का भाजपा ने माना आभार

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा कांकेर के नेताओं ने अपने-अपने मतदान केंद्रों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र के इस महापर्व में भागीदारी निभाई ।

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व अन्तागढ़ विधायक ने अंतागढ़ के बोंदानार, भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग ने अन्तागढ़ के हिमोडा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया ने कोरर, लोकसभा संयोजक भरत मटियारा ने कांकेर के ठेलकाबोड बड़ेपारा, पूर्व विधायक सुमित्रा मारकोले ने नरहरपुर के पेण्ड्रावन, जिला महामंत्री बृजेश चौहान ने कोरर, दिलीप जायसवाल ने बरदेभाठा मतदान केंद्र में वोट डाला। इस अवसर पर विक्रम उसेंडी व भोजराज नाग ने कांकेर लोकसभा के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र की स्थापना के लिये जनता का जो सहयोग मिला है।

प्रथम पृष्ठ का शेष

बिरनपुर हिंसा: सीबीआई ने...

कल्लू खान के नाम शामिल हैं। इन सभी आरोपियों के खिलाफ 147, 148, 149, 336, 307, 302 और 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया है।

सीबीआई द्वारा जारी नोटिफिकेशन

सीबीआई ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए लिखा कि, बेमेतरा (छत्तीसगढ़) जिले में एक युवक की हत्या से संबंधित मामले की जांच सीबीआई ने ले ली है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 25 अप्रैल को छत्तीसगढ़ सरकार से प्राप्त अनुरोध और डीओपीटी और भारत सरकार द्वारा 26 अप्रैल को आगे की अधिसूचना पर, आरोपों पर 12 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ 26 अप्रैल को फिर से मामला दर्ज किया गया है।

सीबीआई बोली- सीआरपीसी की धारा 173 (8) के तहत होगी जांच

एजेंसी ने आगे लिखा कि, आरोप है कि, एक गांव के कक्षा 7वीं और 8 वीं कक्षा में पढ़ने वाले बच्चे स्कूल से लौट रहे थे। तभी कबाड़ी की दुकान पर काम करने वाले एक समुदाय के लड़कों ने उनकी पिटाई कर दी। जिस पर बैठक भी हुई थी। साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि, जब पीड़ित अपने दोस्तों के साथ दोपहर में उक्त समुदाय के इलाके में गया। तो उस समुदाय के सदस्यों ने छत से पथराव करना शुरू कर दिया। जिसके परिणामस्वरूप पीड़ित नीचे गिर गया और उसके सिर में चोटें आई। इसके बाद, उक्त 12 आरोपियों और अन्य लोगों ने कथित तौर पर तेज चाकू और घातक हथियारों से पीड़ित की हत्या कर दी। अपनी जांच के दौरान, स्थानीय पुलिस को उपरोक्त 12 एफआईआर नामित आरोपियों के खिलाफ आपराधिक सबूत मिले और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके बाद, स्थानीय पुलिस ने सक्षम अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया। वर्तमान में सभी आरोपपत्रित आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं। सीआरपीसी की धारा 173(8) के तहत मामले को आगे की जांच के लिए खुला रखा गया था और अब इसे जांच के लिए सीबीआई ने अपने हाथ में ले लिया है।

अब तक 28 आरोपियों की हुई गिरफ्तारी

बिरनपुर कांड की जांच के बाद पुलिस ने अलग-अलग सात स्न्नढ्ढक्र दर्ज की थी और 28 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। 8 अप्रैल को 11 आरोपियों को रिमांड पर भेजा गया था। वहीं, 10 अप्रैल को बंद के दौरान आगजनी और नुकसान पहुंचाने के मामले में नाबालिग समेत 9 आरोपी पकड़े गए थे।जबकि गांव के बाहर कोरवाय खार में रहीम उम्मद मोहम्मद और उसके बेटे ईदुल मोहम्मद की हत्या के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन गिरफ्तारियों के बाद पुलिस ने जांच में आरोपियों की संख्या बढ़ने का दावा भी किया था।

बड़ी राहत: अब ट्रेनें...

सकती हैं। आटो सिग्नल व्यवस्था बिना किसी अतिरिक्त स्टेशनों के निर्माण और रखरखाव के ज्यादा से ज्यादा ट्रेन चलाने की सुविधा देती है।

कुम्हारी से सरोना (सात किमी), बिलासपुर-गतोरा चतुर्थ लाइन (सात किमी) को आटो सिग्नल में बदला गया है। इस कार्य के संपन्न होने से नागपुर से सरोना तक आटो सिग्नलिंग पूरा हो गया है। सरोना से रायपुर भी अगले तीन माह में पूरा कर लिया जायेगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के प्रधान मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर सुरेश कुमार सोलंकी के दिशा-निर्देश में यह जोन अपने आटो सिग्नल लक्ष्य के प्रति निरंतर अग्रसित हो रहा है।

आने वाले समय में आटो सिग्नलिंग व्यवस्था दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे में अत्याधिक मालवाहक ट्रेनों की आवाजाही के कारण देर से चलने वाली पैसेंजर ट्रेनों पर बहुत हद तक विराम लगा सकता है, क्योंकि इस व्यवस्था से एक ब्लाक सेक्शन में एक से ज्यादा ट्रेनों की आवाजाही सुनिश्चित किया जा सकेगा। इसके साथ ही कवच एवं केंद्रीकृत यातायात प्रणाली को लागू करने में भी लाभप्रद सिद्ध होगी।

उत्तराखंड के जंगलों में आग..

की भेंट चढ़ गया है। वन विभाग की ओर से दी गयी जानकारी के अनुसार कुमाऊं मंडल में 8.30 लाख का नुकसान हुआ है।

पूर्व जनपद सदस्य...

दिया। जिन नेताओं की नक्सलियों ने हत्या कर दी उनमें बीजापुर बीजेपी मंडल प्रमुख नीलकंठ केकम शामिल थे, नक्सलियों ने 5 फरवरी 2023 को उनकी हत्या कर दी थी। इसके अलावा 10 फरवरी 2023 को नारायणपुर जिले में बीजेपी के जिला उपाध्यक्ष सागर साहू को नक्सलियों ने देर शाम घर में घुसकर गोली मार दी थी। 11 फरवरी 2023 को नक्सलियों ने दंतेवाड़ा जिले में बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता रामधर अलामी की हत्या कर दी। 29 मार्च 2023 को नारायणपुर जिले में बीजेपी नेता रामजी डोडी और 21 जून 2023 को बीजापुर में एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष अर्जुन काका की हत्या की थी।

इन्हें भी उतारा मौत के घाट

वहीं राजनांदगांव के मोहला-मानपुर में 20 अक्टूबर 2023 को बीजेपी कार्यकर्ता बिरझु तारम को नक्सलियों ने मौत के घाट उतार दिया। 4 नवंबर 2023 को चुनावी प्रचार के दौरान कौशलनार हाट बाजार में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष रतन दुबे की नक्सलियों ने गला रेतकर हत्या कर दी। 9 दिसंबर को नारायणपुर जिले के छोटे डोंगर में बीजेपी कार्यकर्ता कोमल मांझी को मौत के घाट उतार दिया। वहीं 6 मार्च 2024 को बीजेपी व्यापारी प्रकोष्ठ के मंडल उपाध्यक्ष कैलाश नाग को पहले तो अगवा किया इसके बाद कुल्हाड़ी से वार कर उनकी जान ले ली।

हिमाचल विधानसभा सचिवालय का निर्दलीय...

के लिए टल गई है। तीन निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफे मंजूर न करने और उन्हें अध्यक्ष द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के खिलाफ याचिका दायर की है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ के समक्ष पिछले गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 30 अप्रैल को निर्धारित की है।

देहरा से निर्दलीय विधायक होशियार सिंह, नालागढ़ से निर्दलीय विधायक केएल ठाकुर और हमीरपुर से निर्दलीय विधायक आशीष शर्मा ने विधानसभा की सदस्यता से 22 मार्च को विधानसभा अध्यक्ष तथा सचिव को अपने इस्तीफे सौंपे थे।

रेलवे के सबसे लंबे पुल का निर्माण...

उपयोगी साबित होगी। इस ग्रेड सेपरेटर में वायाडक्ट (पुल) की कुल लंबाई 18 किलोमीटर है। अप ग्रेड सेपरेटर में कुल 260 स्पैन और डाउन ग्रेड सेपरेटर में 411 स्पैन निर्माणाधीन हैं। मौजूदा ट्रैक पर सुरक्षा व्यवस्था के साथ दिन-रात कार्य करते हुए ग्रेड सेपरेटर के निर्माण का काम जोरों पर है। अप ग्रेड सेपरेटर का काम सितंबर 2024 तक और डाउन ग्रेड सेपरेटर का काम मार्च 2025 में पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

बैंकों में पुलिस ने चलाया आकस्मिक चेकिंग अभियान

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देश पर शहर पुलिस द्वारा नगर के विभिन्न बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया गया,इस दौरान बैंक आने जाने वाले, बैंकों के बाहर खडे लोगों, आसपास, ठेला दुकान के पास खड़े लोगों से भी पूछताछ की गई।

शहर थाना प्रभारी योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी कैमरे को बैंक के बाहर भी ऐसे स्थानों पर लगाने, जिससे बैंक के बाहर से आने वाले लोगों की पहचान हो सके, बैंक मुख्य गेट, कैश काउंटर एवं बैठक चेयर को फोकस करते हुए सीसीटीवी कैमरा लगाने हेतु निर्देशित किया गया।*वही बैंक शाखा प्रबंधक से मिलकर बैंक की सामान्य दिनचर्या, बैंक में कैश लाने-ले-जाने के दौरान सुरक्षा प्रबंध आदि के संबंध में जानकारी लिया गया तथा साथ ही इस दौरान आवश्यक सावधानी बरतते हुए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया है। बैंक के नोटिस बोर्ड अथवा बैंक में ऐसा स्थान जहां पर लोगों की नजर सहज ही पहुंच सके, वहां थाना, कंट्रोल रूम एवं अन्य आवश्यक मोबाइल नंबरों को चश्पा करने हेतु कहा गया। चेकिंग अभियान में बैंक में स्थित सुरक्षा गार्ड्स को सतत निगरानी करते हुए संदिग्ध प्रवृत्ति के लोगों, मास्क, गमछा बांधकर आने वाले लोगों को गेट पर ही रोककर उसका परिचय, बैंक आने का कारण एवं सामान्य पूछताछ करते हुए बैंक में प्रवेश देने हेतु बताया* गया। इस दौरान संपूर्ण चेकिंग अभियान में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नहीं मिला।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा पाठ और भंडारा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर के विभिन्न हनुमान मंदिरों में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नेहरू वार्ड स्थित बड़े हनुमान मंदिर में सुबह से देर रात तक विभिन्न प्रकार के आयोजन होते रहे।वही स्टेशन रोड कुली मंदिर से शोभायात्रा भी निकली जिसमें काफी संख नगर के अलग अलग स्थानों में स्थित हनुमान मंदिरों में हनुमान चालीसा ,सुंदर काण्ड और भंडारे का आयोजन हनुमान जयंती वाले दिन चलता रहा।

लूटपाट के चार आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। परशुराम वार्ड प्रार्थी को उसके घर दुकान में चाकू दिखाते हुए डराकर, दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ कर 5 हजार रुपए लूट कर फरार हुए चारों आरोपियों को शहर पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपियों से लूट की रकम 3100, एक धारदार चाकू एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता मिली है। घटना के बारे में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी भाटापारा शहर निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि 24.अप्रैल को रात्रि लगभग 09-30 बजे परशुराम वार्ड में प्रार्थी विनोद देवांगन को चाकू दिखाते हुए डरा, धमकाकर, मारपीट करते हुए, दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ कर ?5000 लूट कर मोटरसाइकिल के माध्यम से फरार होने वाले 4 आरोपियों दिनेश उर्फ अप्पू साहू ,गोवर्धन साहू,रोहन कश्यप और महेश उर्फ कुलदीप साहू सभी भाटापारा निवासी को गिरफ्तार किया गया है।

वोटरों का तिलक लगाकर और फूल बरसाकर स्वागत

महासमुंद/नवप्रदेश। मतदाताओं ने कहा यहां लोकतंत्र के पर्व का उत्सव मनाने का हो रहा एहसास। जिले में कुल 20 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। आदर्श मतदान केन्द्र को स्थानीय संस्कृति के अनुरूप सजाया गया है। महासमुंद में सिरपुर के थीम पर आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। इन केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है। आदर्श मतदान केन्द्रों में आकर्षक प्रवेश द्वार के साथ ही नगरपालिका कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं को तिलक लगाकर एवं फूल बरसाकर स्वागत किया जा रहा है।

लोकतंत्र का महापर्व कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा पहुंचे मतदान करने

■ जैसे शादी जरूरी है वैसे मतदान भी जरूरी : टिकेश्वरी

महासमुंद/नवप्रदेश। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकतंत्र के इस महापर्व को लेकर सभी वर्ग के मतदाताओं में काफी उत्साह है। इस दौरान शादी हो रहे दूल्हा, दूल्हन और उनके परिवारजन भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहना चाहते है। इस बीच जिले में कई प्रेरित करने वाली तस्वीर सामने आई। जिले में कई जगहों से कहीं दुल्हन तो कहीं दूल्हा वैवाहिक रस्म को निभाते हुए मतदान की जिम्मेदारी को भी निभाने मतदान केन्द्र पहुंचे। शादी के पवित्र बंधन में बंधने जा रही टिकेश्वरी ने कहा कि जैसे जीवन में शादी जरूरी है वैसे ही लोकतंत्र के लिए मतदान भी जरूरी है।

विवाह मंडप से मतदान करने पहुंचे दुल्हन का मतदान दलों ने मुस्करा कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी। यह नजारा था महासमुंद के कलाबाई स्कूल के मतदान केंद्र का जहां मतदान करने के लिए सौ.कां. टिकेश्वरी साहू अपने परिवार के साथ मतदान करने पहुंची थी। 26 अप्रैल को विवाह कार्यक्रम तय होने के बाद मतदान की तिथि घोषित हुई जिसके चलते विवाह कार्यक्रम जारी था, दोपहर करीब 12 बजे टिकेश्वरी अपनी मां मोहिनी साहू, चाचा बाबूलाल साहू, चाची मीना साहू, बहन झरना साहू और बुआ सुशीला साहू के साथ मतदान केंद्र पहुंची। जहां मतदान दल ने मुस्करा कर उनका स्वागत किया और मतदान में भाग लेने के लिए सराहना करते हुए उन्हें बधाई भी दी। बाहर खड़े लोगों ने भी शुभकामनाएं दी और कहा कि इसी तरह मतदान के प्रति लोगों को जागरूक बनाना चाहिए और पहले मतदान की भूमिका अभिनीत करने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा।

इसी तरह विधानसभा 40-बसना अंतर्गत केन्द्र जम्हर 01 में हल्दी की पोशाक में दूल्हे के द्वारा मतदान कर मताधिकार का प्रयोग किया गया। मंडप से बूथ तक हल्दी के पोशाक में दूल्हे के सफर को देख ग्रामीणों ने भी सराहना की। इसी तरह विधानसभा 39-सरायपाली अंतर्गत एक दूल्हे द्वारा बारात प्रस्थान से पहले शासकीय प्राथमिक शाला बोंदा के मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया। वहीं शासकीय प्राथमिक शाला भवन दमोदरहा में भी शादी के पोशाक में दूल्हे द्वारा अपने मत को प्रयोग करते हुए सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील की गई। ग्राम बटोरा (कुलिया) मतदान केंद्र 69 में विवाह के दौरान क्षमा साहू एवं किरण साहू द्वारा मतदान किया गया।

दुर्ग से फरार पास्को एक्ट के आरोपी को आरपीएफ ने भाटापारा में पकड़ा

भाटापारा/नवप्रदेश। गंभीर अपराध कर दुर्ग से फरार हुए एक आरोपी को भाटापारा रेलवे स्टेशन पर आर पी एफ की टीम ने पकड़कर छावनी जिला दुर्ग पुलिस के हवाले कर दिया है। उक्त आरोपी के खिलाफ छावनी थाना में 376 भादंवि और पास्को एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध है।

उपरोक्त संबंध में भाटापारा आर पी एफ पोस्ट प्रभारी आर एस मिश्रा ने बताया कि शहर पुलिस थाना भाटापारा द्वारा सूचना मिली कि गाड़ी संख्या 18201 नवतनवा एक्सप्रेस से 376 भा.द.वि एवम 4,6 पास्को एक्ट का आरोपी जा रहा है जिसके खिलाफ पुलिस थाना छावनी में अपराध कमांक 175/24 दिनाक 24.04.24 दर्ज है। सूचना के आधार पर प्रभारी के आदेशानुसार सहायक उप निरीक्षक राजेश कुर्रे, आरक्षक सदीप कुमार द्वारा गाड़ी संख्या 18201 नवतनवा एक्सप्रेस के भाटापारा आगमन पर दिए गए फोटो के आधार पर समय रहते चेक किया गया परंतु उक्त आरोपी का पता नहीं चला और गाड़ी अपने गंतव्य के लिये रवाना हो गई। ट्रेन के रवाना होने के पश्चात पुनः रेलवे स्टेशन भाटापारा प्लेटफॉर्म में पतासाजी तथा खोजबीन किया गया खोजबीन के दौरान फुट ओवरब्रिज पर एक संदेही व्यक्ति को फोटो के आधार पर पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम व पत्ता शुभम गुप्ता उर्फ विजय,अम्बेडकर नगर वार्ड नं 21 कैंप सुपेला भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला बताया। जिसकी सूचना तत्काल स्थानीय शहर पुलिस थाना प्रभारी तथा छावनी दुर्ग को दिया गया उनके दवरा आरोपी कि पुस्टि करने पर उक्त आरोपी को रेसुब पोस्ट माटापारा लाया गया।

कबाड़ी दुकान में आरपीएफ की दबिश, रेलवे का सामान बरामद

भाटापारा/नवप्रदेश। रेसुब पोस्ट भाटापारा, अपराध गुप्तचार शाखा रायपुर एवं थाना हिर्री कि संयुक्त टीम द्वारा रेल संपत्ति को खरीदने वाला आरोपी को रेल संपत्ति, अन्य कबाड़ एवं ट्रक के साथ गिरफ्तार किया है। आर पी एफ आरोपी को रेलवे की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कार्यवाही की है।

उपरोक्त संबंध में आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक आर पी मिश्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रेसुब पोस्ट भाटापारा उप निरीक्षक सी.एस.मिश्रा रेसुब आरक्षक टी.राय के साथ थाना हिर्री पहुंचे और सीआईबी/रायपुर के उप निरीक्षक बी.आर.साहु व सउनि यु.एस.श्रीवास भी पहुंचे तथा हिर्री थाना के प्रभारी किशोर केवट निरीक्षक पुलिस थाना हिर्री को पेण्ड्रीडीह बाईपास चौक स्थित एम.के.ट्रेडर्स नामक कबाड़ दुकान के संचालक मुस्तकीम खान के द्वारा रेलवे के लोहे का खरिदने व बेचने की सूचना दी गई।तब योजना बना कर थाने से थाना प्रभारी किशोर केवट व उप निरीक्षक सुरेश शर्मा, प्रधान आरक्षक ब्रिजेश मिश्रा व आरक्षक जॉन टोप्पो को लेकर एक संयुक्त टीम ने उक्त कबाड़ दुकान पर दबिश दी गई और एक नग रेलवे का एसईजे एंगल प्राप्त हुआ। कबाड़ी मुस्तकीम ने अन्य रेलवे संपत्ति के बारे में पुछताछ करने पर बताया की उसने रेलवे का कुछ और माल ट्रक में लोड करके भेजना बताया तथा ट्रक कुछ दूर पर खड़े होने की जानकारी देते पर ट्रक चालक से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम व पता मो. पिरू शेख रतनपुर कोटा बिलासपुर छ.ग. बताया। उससे ट्रक के बारे में कुछ दुर चौक के आगे खड़ा होना बताने पर संयुक्त टीम ने ट्रक क्रमांक सीजी12 सी-0878 को खड़ा होना पाया और चेक करने पर कबाड़ के नीचे 1 नग लगभग 1.5 मीटर रेल लाइन व 6 नग रेलवे का फिस प्लेट मिली। पुलिस टीम ने कबाड़ से भरी ट्रक क्रमांक सीजी-12 सी-0878 को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

कार सवार परिवार पर हमला करने वाले गिरफ्तार

■ मेले से लौट रहा था परिवार तभी किया था हमला

भटगांव/नवप्रदेश। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में मेला से लौट रहे एक परिवार पर अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया था। इस हमले में 8 वर्षीय बच्चे को चोट लग गई थी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ शिकायत दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सरसींवा निवासी एक परिवार कार में सवार होकर देवसागर मेला से अपने घर जा रहे थे तभी चार अज्ञात बदमाशों ने उनका रास्ता रोककर उन पर ईट, पत्थर, और डंडे से हमला कर दिया था। इस हमले में 8 वर्षीय बच्चे को चोट लग गई थी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने अज्ञात बदमाशें के खिलाफ धारा 294,323,34, 341 और 427 के तहत केस दर्ज कर बदमाशें की तलाश में जुट गई। इस मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 2 नाबालिग सहित 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

छेड़छाड़ का आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। महिला के घर घुसकर उसका हाथ बाह पकड़कर उसके साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को निपनिया पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उपरोक्त संबध में निपनिया पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी उप निरीक्षक किशन कुंभकार ने बताया कि बुधवार सुबह आरोपी देवलाल ध्रुव द्वारा प्रार्थिया के घर जाकर उसकी बेइज्जत करने की नीयत से हाथ बांह पकडकर छेड़छाड़ करने की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 354,454 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी *देवलाल ध्रुव ग्राम बेन्द्री को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

धमतरी/नवप्रदेश। भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक धमतरी रंजना डीपेन्द्र साहू ने गृह ग्राम बिरेतरा में सपरिवार मतदान किया।

दिव्यांग मतदाता को मतदान केंद्र पहुंचाया भाजपा प्रदेश महामंत्री ने

धमतरी/नवप्रदेश। मतदान हेतु विशेष उत्साह आम मतदाताओं के साथ-साथ दिव्यांग जनों में भी देखने को मिला । नया पारा वार्ड के बूथ क्रमांक 171 नगर पालिका उत्तर माध्यमिक शाला में दिव्यांग मतदाता दीपाली सोनी उम्र 22 वर्ष को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने उनके घर पहुंच कर मतदान करने हेतु अपनी सेवाएं ही प्रदान नहीं की बल्कि स्वयं व्हीलचेयर को अपने हाथ में लेकर मतदान केंद्र के निश्चित दूरी तक पहुंचाते हुए मतदान हेतु सहयोग प्रदान की।

मतदान के लिए लोगों में दिखा गजब का उत्साह

■ नए मतदाताओं, नव विवाहित जोड़ों ने भी किया मतदान

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में मतदान करने हेतु मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखा। मतदान केन्द्र के बाहर सभी वर्ग के मतदाताओं में भारी उत्साह रहा। पहली बार वोट डालने वाले युवाओं के साथ-साथ नवविवाहित जोड़ों ने भी प्राथमिकता के साथ वोट दिया। मतदान के लिए बुजुर्गों में भी जोश और जुनून दिखा। मतदाता मित्र, दिव्यांग रथ सहित केंद्रों में छाया, पानी एवं बैठक व्यवस्था से सभी मतदाता लाभान्वित हुए।

दूल्हे राजा ने मतदान के बाद बारात के साथ किया प्रस्थानः पांडुका निवासी सूर्यहास साहू दूल्हे के रूप में वैवाहिक परिधान में सज-धज कर बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। उसके पश्चात उनकी बारात ग्राम केन्द्री के लिए प्रस्थान किया। इसी प्रकार ग्राम बेलर के मतदान केन्द्र क्रमांक 161 के मतदान केंद्र में हल्दी में रंगे वर भीखम सिन्हा, ग्राम खुटेरी के प्रशांत साहू और ग्राम लोहरसी के लीलाराम निर्मलकर ने बारात प्रस्थान करने के पूर्व मतदान केंद्र में पहुँचकर मतदान किया। ग्राम तंवरबाहरा के दूल्हा मनोज कुमार ध्रुव ने अपने परिवार के साथ पारम्परिक वेशभूषा एवं वैवाहिक परिधानों में मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

दुल्हनों ने भी विवाह की रस्मों के पहले डाला वोटः कलेक्टर के मार्गदर्शन में चलाए गए सघन मतदाता जागरूकता अभियान का सुखद परिणाम देखने को मिला। जिले के सभी वर्ग के मतदाताओं के साथ-साथ वर-वधु बनने जा रहे युवक-युवतियों ने भी पहले मतदान करने के बाद शादी के शेष रस्मों को पूरा किया। इसी तरह मतदान के केंद्र चिखली की हल्दी रस्म पूरा कर मतदान करने पहुंची। इसके अलावा नवविवाहिता श्रीमती लीना कोमर्रा ने अपने ससुराल ओडिसा से मतदान करने अपने मायके ग्राम जाड़ापदर मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान कर अपना फर्ज निभाया।

दिव्यांग रथ व अन्य सुविधाओं से मतदाता हुए लाभान्वितः ग्राम मदनपुर के 82 वर्षीय बलराम यादव ने मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसमें केन्द्र में स्थित मतदाता मित्रों ने वोट डालने में सहायता की। इसी प्रकार जिला प्रशासन द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्रों तक निःशुल्क परिवहन के लिए दिव्यांग रथ की सुविधा उपलब्ध कराई गई। जिसकी मदद से ग्राम रावनसिंघी के अंजोरी राम ने मतदान केन्द्र पहुंचकर मतदान किया।

विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग भी रहे सक्रियः लोकतंत्र के महापर्व में जिले के दूरस्थ इलाकों में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति सदस्यों ने भी बढ़चढकर मतदान में सहभागिता सुनिश्चित की।

दामाद ने ससुर पर एयरगन से किया हमला

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सुपेला में दामाद ने ससुर पर एयरगन से हमला कर दिया है। बताया जा रहा है कि दामाद अपनी बेटी को लेने ससुराल पहुंचा था। इस दौरान ससुर के साथ उसकी जमकर विवाद हुआ था। हादसे में ससुर बुरी तरह घायल हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल ससुर को सुपेला शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी चंद्रभूषण फरार बताया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, घटना गुरुवार रात की है। लक्ष्मी मार्केट सुपेला निवासी ओमप्रकाश राय अपने घर पर था। तभी उसका दामाद चंद्रभूषण सिंह उर्फ बिट्टू अपने दोस्त रोशन के साथ अपनी बेटी को लेने ससुराल पहुंचा। बेटी को ले जाने गाड़ी में बैठा ही रहा था कि ससुर ओमप्रकाश से उसका विवाद हो गया। इस दौरान ससुर और दामाद के बीच जमकर बहस हुई और दामाद ने ससुर पर एयरगन से हमला कर दिया। इससे ओम प्रकाश बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना सुपेला पुलिस को दी गई।मामले में सुपेला पुलिस ने आरोपी दामाद और उसके दोस्त के खिलाफ धारा 307, 34 के तहत अपराध कायम कर आरोपी दामाद चंद्रभूषण सिंह के दोस्त रोशन को गिरफ्तार कर लिया है। घायल ओमप्रकाश का इलाज कर रहे डॉक्टर ये बात स्पष्ट नहीं किए कि चोट आखिर किससे आई है। गोली या छर्रा भी घुसेगा तो

निकलेगा ही। जैसे ही आरोपी ने उस पर एयरगन से हमला किया तो माना जा रहा है कि एयरगन में छर्रे की तरह दिखने वाला एक लोहा उपयोग होता है। वह ओमप्रकाश के आंख के नीचे हड्डी में लगा होगा, जिससे वहां की हड्डी थोड़ी फ्रैक्चर भी हुई है। हमले के बाद ओमप्रकाश गिर गया। जिससे उसे सिर के पीछे भी चोट आई। फिलहाल उसका इलाज जारी है।

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी रोशन ने बताया कि गुरुवार शाम चंद्रभूषण आया और उसने पास से आने की बात कही। उसने ससुराल जाने की बात नहीं बताई। वहीं घटना के बाद भी वह आरोपी रोशन को अपने साथ भाग चलने बोल रहा था लेकिन रोशन ने उसे नेहरू नगर चौक में उतार देने बोला। वहां से चंद्रभूषण फरार हो गया। चंद्रभूषण सिंह का प्रेम विवाह लक्ष्मी मार्केट निवासी ओमप्रकाश राय की बेटी से तीन साल पहले हुआ था। सब कुछ ठीक चल रहा था कि अचानक तीन दिन पहले चंद्रभूषण का उसकी पत्नी से विवाद हो गया। पत्नी अपनी बेटी को लेकर अपने मायके चली गई, जिसे लेने गुरुवार को चंद्रभूषण अपने ससुराल गया था। सीएसपी भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंची। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी दामाद की तलाश जारी है। उसके दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है, पुलिस उसे भी जल्द ही पकड़ लेगी। हमला किस चीज से और क्यों किया गया है ये बात उसके पकड़े जाने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

पत्रकारिता में रोजगार के अवसरः डायरेक्टर तिवारी

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पत्रकारिता का व्यापक क्षेत्र है। विभिन्न माध्यमों के द्वारा इस क्षेत्र से जुड़ कर रोजगार प्राप्त किया जा सकता है। वर्तमान में युवा वर्ग का रुझान सामान्य कोर्स के स्थान पर पत्रकारिता जैसे प्रोफेशनल कोर्स की ओर ज्यादा है। यह करियर के साथ साथ अभिव्यक्ति का बेहतर माध्यम भी है। वर्तमान में समाचार पत्रों एवम न्यूज चैनलों की बढ़ती संख्या से युवाओं के लिए रोजगार की संभावनाएं इस क्षेत्र में ज्यादा बढ़ गई हैं। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर विकास सुशीलचंद्र तिवारी ने बताया की इस विश्विद्यालय में पत्रकारिता के विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित हैं जैसे

एक वर्षीय बीजे, एमजे तथा तीन वर्षीय बीए जेएमसी, एमए जेएमसी कोर्स संचालित है साथ ही पीएचडी कोर्स भी संचालित है जिसमे निरंतर शोध कार्य जारी है। इसके लिए मार्गदर्शन हेतु योग्य शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। प्रशिक्षण के लिए मीडिया लैब स्थापित किया गया है। जिसमें टीवी, डिजिटल कैमरा, वीडियो कैमरा, ऑडियो वीडियो एडिटिंग की व्यवथा है। विश्विद्यालय के पत्रकारिता एवम जनसंचार विभाग के प्रमुख धानेश जोशी ने जानकारी देते हुए बताया की मीडिया हर व्यक्ति से जुड़ा एक सशक्त माध्यम है। वर्तमान में मीडिया के सभी माध्यमों की संख्या बढ़ती जा रही है इसलिए इसमें योग्य कर्मियों की आवश्यकता अधिक रहती है। इन पाठ्यक्रमों में विधार्थियों को समाचार लेखन, समाचार वाचन, समाचार पत्रों एवम पत्रिकाओं से संबंधित और इलेक्ट्रोनिक मीडिया की संपूर्ण जानकारी देने के साथ प्रैक्टिकल भी कराया जाता है। इन रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम करने के बाद युवाओं को समाचार पत्रों, पत्रिकाओं, न्यूज चैनल आदि में रोजगार के अनेक अवसर मिलते हैं। फील्ड में रिपोर्टर,प्रेस फोटोग्राफर, संपादकीय विभाग में उप संपादक, कॉपी राइटर, उद्घोषक के रूप में कार्य कर सकते हैं। श्री जोशी ने बताया की जन संपर्क के क्षेत्र में भी रोजगार कि संभावनाए हैं।

आरसमेटा चौक के पास हादसा

ट्रक चालक गाड़ी लेकर फरार

लोगों में आक्रोश

ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, 4 लोगों की मौत

पामगढ़/नवप्रदेश। शनिवार की दोपहर परसदा जा रहे ग्रामीण की बाइक आरसमेटा चौक के पास ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी, इस दर्दनाक सड़क दुर्घटना से बाइक में सवार 3 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि वहीं एक महिला ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि हादसे में पति-पत्नी, बेटा और नातिन की जान गई है। पूरा मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के अरसमेटा मोड़ का है।

जानकारी के अनुसार मुलमुला थाना अंतर्गत कोनारगढ़ निवासी रामकुमार कश्यप (47) एक बाइक पर अपनी पत्नी शतरूपा बाई (42), बेटा चंद्र प्रकाश कश्यप (19) और 3 साल की नातिन के साथ गांव से बर्थडे मानने के लिए परसदा गांव जा रहे थे, तभी 12.30 बजे के आसपास अरसमेटा मोड़ पर एक ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर के बाद सभी बाइक सवार सड़क किनारे दूर-दूर जा गिरे। वहीं टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। इस दुर्घटना से बाइक के परखच्चे उड़ गए हैं, वही बाइक सवार राम कुमार कश्यप, चंद्रप्रकाश कश्यप और 3 साल की मासूम की मौके पर ही मौत हो गई। वही दुर्घटना के बाद आरोपी ट्रक ड्राइवर वाहन सहित मौके से फरार हो गया, इधर दुर्घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगो की भीड़ लग गई और दुर्घटना में घायल महिला शतरूपा को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और चक्काजाम कर दिया। भीड़ को संभालने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस जवान पहुंचे, जहां लोगों को समझाइश दी जा रही है। वहीं हादसे की खबर मिलते ही पामगढ़ से कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश घटना स्थल पहुंची, जहां परिजनों से बातचीत को समझाइश दी। दुर्घटना के बाद मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए पामगढ़ अस्पताल लगाया गया है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

लाखों के सामुदायिक भवन पर कब्जा वार्डवासियों को नहीं मिल रहा लाभ

जांजगीर/नवप्रदेश। लोगों कुछ सुविधा देने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा बनाया गया सामुदायिक भवन अब अनुपयोगी साबित हो रहा हैं नपा की उदासीनता के कारण सार्वजनिक भवनों पर अवैध कब्जा हो रहा है। नगर पालिका जांजगीर नैला के वार्ड नंबर 17 स्थित सामुदायिक भवन में इसी प्रकार का मामला सामने आया है। हालांकि वार्डवासियो द्वारा लगातार संबंधित जनप्रतिनिधि सहित अधिकारियो को शिकायत कर भवन से कब्जा हटाने की माँग की जा रही है, बावजूद इसके स्थिति जस की तस है।

नगर पालिका जांजगीर-नैला द्वारा कुछ साल पूर्व लाखों रूपये की लागत से वार्ड नंबर 17 शारदा मंदिर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण कराया है। ताकि विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम के आयोजन और लोगों को सहूलियत देने के उद्देश्य से इस योजना पर काम किया गया। बीते वर्षों में काफी लोगों ने इसका लाभ लिया है लेकिन पिछले कुछ समय से देखा जा रहा है कि धीरे-धीरे सरकारी धनराशि से बने हुए सामुदायिक भवन पर कुछ लोगों द्वारा कब्जाकर इसे गोदाम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है। वार्ड नंबर 17 में लाखों रूपये खर्च कर बनाए गए सामुदायिक भवन में रसूखदार अवैध रूप से काबिज हो गए हैं और जमकर कारोबार कर रहे हैं। जबकि भवन का निर्माण आमजन को मामूली शुल्क में इसे दिया जाना चाहिए, ताकि लोगों को महंगे गार्डन-शादी हॉल के खर्च से बचाया जा सके और नगर पालिका को भी थोड़ी आय हो जाए। व्यक्ति विशेष का कब्जा होने कारण मोहल्लेवासियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। हालांकि मोहल्ले वासियों द्वारा लगातार इसकी शिकायत जनप्रतिनिधियो सहित अधिकारियो से की जा रही है, मगर विभागीय उदासीनता के कारण लोगो को लाखो रूपये की लागत से भवन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। मोहल्ले के निवासी अनुराग तिवारी ने बताया कि सामुदायिक भवन में व्यक्ति विशेष से कब्जा हटाने के लिए नगर पालिका द्वारा कोई गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। इस संबध में नगर पालिका के सीएमओ को ज्ञापन सौपकर शीघ्र ही कब्जा हटाकर आम लोगो को भवन की सुविधा देने की माँग की गईं है।

कलेक्टोरेट परिसर के सामने ही पेड़ों की कटाई कर सड़क निर्माण

जिम्मेदारों की लापरवाही से जमीन दलाल सक्रिय, हरे भरे पेड़ों को भी हो रहा नुकसान

जांजगीर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते क्षेत्र में धड़ल्ले से हरे पेड़ों की कटाई की जा रही है। स्थिति यह है कि अब अवैध प्लाटिंग करने वाले रसूखदार बेखौफ़ कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ दूर पर बनाए गए ग्रीन जोन में लगे पेड़ो को काटकर रास्ता बना रहे है, जहाँ से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों का आना जाना होता है, बावजूद इसके प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है। प्रशासन की अनदेखी के कारण अब लोगो में आक्रोश बढ़ने लगा है।

हर वर्ष शासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर संबंधित विभाग ही लापरवाही बरतते हैं। कुछ साल पहले कलेक्ट्रेट चौक से कलेक्टर ऑफिस जाने वाली मुख्य मार्ग जो ग्रीन जोन घोषित कर सड़क किनारे अर्जुन, नीम, गुलमोहर जैसे पेड़ लगाये थे, वही प्रशासन द्वारा पेड़ो की सुरक्षा के लिए लाखों रूपये खर्च कर बकायदा फेंसींग तार भी लगाया गया था, मगर अब विभागीय उदासीनता के चलते जमीन दलालो द्वारा बेखौफ़ ग्रीन जोन में लगे पेड़ो को काटकर रोड़ बनाया जा रहा। प्रतिबंधित जोन होने के बावजुद जमीन दलालो द्वारा यह सब कार्य किया जा रहा। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां रोजाना कलेक्टर, एसपी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का लगातार आना जाना लगा रहता, बावजूद प्रशासन द्वारा ग्रीन जोन में अवैध पेड़ो की कटाई करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां प्रशासन की लापरवाही के चलते हरे भरे पेड़ो को काट कर रोड बनाया जा रहा है। इन पेड़ों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को तो नुकसान हो रहा है वही इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।

रिफर युवती ने अस्पताल में तोड़ा दम, मर्ग कायम

लखनपुर-सरगुजा। अम्बिकापुर जिला अस्पताल से रायपुर के लिए रिफर एक गंभीर युवती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर में दम तोड दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक भूमिता पुरी उम्र 18 साल पत्थलगांव खुर्द थाना कापू 23 अप्रैल 2024 को अपने अपने चाचा सुधडुपुरीके घर कापू जाने के लिए धनेश्वर सारथी के मोटरसाइकिल से निकली थी।कापू मेन रोड शिव किराना दुकान के पास पहुंचे थे इसी दौरान सामने से आ रहे अज्ञात बाइक सवार ने जबरदस्त ठोकर मारकर दिया जिससे युवती के सिर में गंभीर आई युवती को कापू अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन युवती के नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरो ने जिला अस्पताल अम्बिकापुर रिफर कर दिया ।

12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक से कर सकते हैं मतदान

मुंगेली/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार जिले में 7 मई को लोकसभा चुनाव संपन्न होगा। इसके लिए 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं जिसमें लोरमी विधानसभा के अंतर्गत 264, मुंगेली विधानसभा अंतर्गत 279 तथा बिल्हा के(01 से 118) अंतर्गत 120 मतदान केंद्र शामिल है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता वोट डालने के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित 12 प्रकार के पहचान पत्रों में से किसी भी एक को दिखाकर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से वोट करने जाते समय पहचान पत्र अवश्य रखने के लिए कहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया की मतदाता अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र या राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान आदि दस्तावेजों में से किसी भी एक को प्रस्तुत कर मतदान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में मतदाता सुविधा केंद्र बनाए गए हैं कोई भी मतदाता सुविधा केंद्र में जाकर बी.एल.ओ. से संपर्क कर आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में देख सकता है और पहचान पत्र के संबंध में भी जानकारी प्राप्त कर सकता है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक मतदान केंद्रों में पीने का साफ पानी, छाया, शौचालय, प्रतीक्षा कक्ष एवं संकेत बोर्ड आदि की व्यवस्था की जा रही है। दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में रैंप निर्माण तथा व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से जगह-जगह पर संकेत के बोर्ड भी बनाए जाएंगे, इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि उन्हें कहां जाकर मतदान करना है। अगर किसी मतदाता को कोई जानकारी लेनी है तो उसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं।

स्वीप कार्यक्रम के तहत निकाली रैली

मानव श्रृंखला, मोबाइल फ्लैश के माध्यम से मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

जांजगीर/ नवप्रदेश। स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत ''कोसा कांसा कंचन, वोट करेगा जन-जन'' के तहत जिले में लगातार मतदाता जागरूकता से संबंधित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी जिले के चांपा के गली-मोहल्ले, बाजार एवं चौक-चौराहों पर रैली निकालकर स्वीप स्लोगन पोस्टर के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक एवं शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील। इसी प्रकार नगर पंचायत शिवरीनारायण में लोगों ने स्वीप मानव श्रृंखला एवं मोबाइल फ्लैश के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। चुनई तिहार आमंत्रण टोली द्वारा घर-घर संपर्क कर मतदाताओं को मतदाता पर्ची के साथ हल्दी-चावल देकर व तिलक लगाकर मतदान के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। साथ ही अपने परिवार, रिश्तेदारों एवं पड़ोसियों को शत-प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने की शपथ भी दिलाई जा रही है। स्वसहायता समूह की महिलाओं के द्वारा रंगोली, मेहंदी एवं रैली निकाल कर नागरिकों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। साथ ही विभिन्न आयोजन के माध्यम से जिले में शत प्रतिशत मतदान के प्रति लोगो को प्रेरित किया जा रहा है।

परमेश्वरी पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

सक्ती/नवप्रदेश। शहर में परमेश्वरी देवी शिक्षण समिति द्वारा संचालित परमेश्वरी पब्लिक स्कूल में 25 अप्रैल को कक्षा नर्सरी से 1ली एवं 27 अप्रैल को कक्षा 2री से 9वीं परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने माता-पिता को गौरवान्वित किया। संस्था में सत्र 2023-24 का वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान आने वाले छात्र-छात्राओं को समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन एवं संस्था प्रमुख एम विकास देवांगन द्वारा सर्टिफिकेट दे कर सम्मानित किया गया। प्री-प्रायमरी में कक्षा नर्सरी में प्रथम स्थान नुषांत देवांगन, दूसरा स्थान सोमिल साहू तथा तीसरा स्थान श्रेया देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा के जी 1 में प्रथम स्थान आराध्या कसेर एवं दीक्षा बरेठ, दूसरा स्थान योगिता देवांगन एवं मान्या देवांगन तथा तीसरा स्थान टिशा देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा के जी 2 में प्रथम स्थान मिनेश यादव, दूसरा स्थान तेजल यादव एवं शिवानी बरेठ तथा तीसरा स्थान काव्या पटेल ने प्राप्त किया। वहीं प्रायमरी में कक्षा पहली में प्रथम स्थान देवांश चौबे, दूसरा स्थान आरोन बघेल तथा तीसरा स्थान मेधांश सिंह सिदार ने प्राप्त किया। कक्षा दूसरी में प्रथम स्थान इलिना तारक, दूसरा स्थान नमन देवांगन तथा तीसरा स्थान सूर्या यादव ने प्राप्त किया। कक्षा तीसरी प्रथम स्थान सौम्या सिदार, दूसरा स्थान ख्याति पटेल तथा तीसरा स्थान कविता केवट ने प्राप्त किया। कक्षा चौथी में प्रथम स्थान कविता देवांगन, दूसरा स्थान साक्षी गवेल तथा तीसरा स्थान राम देवांगन ने प्राप्त किया। उसी प्रकार कक्षा पांचवी में प्रथम स्थान मान्यता देवांगन, दूसरा स्थान समर सिदार एवं सोनल देवांगन दूसरे तथा तीसरा स्थान दिव्यानि देवांगन ने प्राप्त किया। मिडिल स्कूल कक्षा छठवीं में प्रथम स्थान सृष्टि चन्द्रा, दूसरा स्थान संजना गवेल एवं तीसरा स्थान चेतना देवांगन ने प्राप्त किया। कक्षा सातवीं में प्रथम स्थान जागृति साहू, दूसरा स्थान, सुनैना जायसवाल तथा तीसरा स्थान मोनिका धीरहे ने प्राप्त किया। कक्षा आठवीं में प्रथम स्थान साक्षी देवांगन, दूसरा स्थान, संजय देवांगन तथा तीसरा स्थान अंकिता यादव ने प्राप्त किया। हाई में कक्षा नवमी में प्रथम स्थान परी भूपाल, दूसरा स्थान, ऊबी देवांगन तथा तीसरा स्थान मेघला फडीकर ने प्राप्त किया।

संस्था प्रमुख ने सभी छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी तथा उन्हें भविष्य में इससे अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समिति सचिव कृष्ण कुमार देवांगन ने संस्था के सभी छात्र-छात्राओं को वार्षिक परीक्षा परिणाम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बधाई देते हुए उनके अभिभावकों को भी संस्था के सहयोग करने हेतु धन्यवाद प्रेषित किया तथा भविष्य में सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही संस्था के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मेहनत, लग्न तथा परिश्रम से छात्र- छात्राओं को अध्यापन करवाने के लिए धन्यवाद दिया।

गर्मी | गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के कर रहे जतन

तेज गर्मी से पारा चढ़ा, लोगों का घर से निकलना दूभर

मुंगेली/नवप्रदेश। बैशाख माह में ही जेठ की तपन का अहसास होने लगा है। शीतलता देने वाले संसाधनों की डिमांड बढ़ गई है। सूर्य की तपन दिन ब दिन बढ़ने लगी है। दिन का तापमान भी बढ़ रहा है। लगातार बढ़ते तापमान का प्रभाव दिखने लगा है। गर्मी से बचने लोग तरह-तरह के जतन भी कर रहे हैं।

गर्मी को देखते हुए लोग खान-पान में भी सतर्कता बरतने लगे हैं। आग उगलते सूरज ने लोगों की दिनचर्या बदल दी है। सुबह 8 बजने के साथ ही सूर्यदेव की तिरछी नजर लोगों पर पड़ने लगी है, जिस कारण लोगों का घर से बाहर निकलना दूभर हो रहा है। 5-6 दिनों से निरंतर तापमान बढ़ रहा है। हवा बंद रहने और आसमान साफ होने से गर्मी अधिक महसूस हो रही है। दिन में हल्की-हल्की उमस भी हावी होने लगी है। लेकिन गर्मी जिस तेजी से बढ़ रही है, उससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। लोग धूप से बचने का प्रयास कर रहे है। गर्मी की मार से चेहरे को बचाने के लिए युवक-युवतियां विशेष ध्यान दे रही हैं। युवतियां तो हाथों में विशेष प्रकार के ग्लोब्ज, चेहरे पर रुमाल और चश्मा लगाकर घर से निकलती हैं। दुपहिया वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतनी पड़ रही है। युवा व बुजुर्ग टोपी और गमछा लगाकर गर्मी से अपना बचाव कर रहे हैं।

बिकने लगा गन्ना रस

मौसम के तेवर बदलते ही शीतल पेय पदार्थो की मांग बढ़ गई है। मार्केट में कोलड्रिंक्स उपलब्ध है, इसके बावजूद गन्ना रस पीने वालों की भी संख्या कम नहीं है। यही वजह है कि नगर के प्रमुख चैक-चैराहों में गन्ना रस की दुकानें लग गई हैं। घरों में भी खानपान में दही, छाछ, हरी सब्जियों, सलाद आदि को प्रमुखता दी जा रही है।

चलने लगे कूलर, पंखे

सूरज की तपिश कुछ ज्यादा बढ़ गई है। इसके साथ ही घरों में बंद कूलर व पंखों की मरम्मत व देख भाल काफी पहले से ही शुरू हो गई है। बाजार में भी इनकी डिमांड बढ़ गई है। इलेक्ट्रानिक दुकानों में कूलर व पंखों की ढेर सारी वेरायटीज हैं। कुछ लोग पुराने कूलर की मरम्मत करवाने में जुटे हैं और खस आदि की व्यवस्था कर रहे हैं। जिससे उन्हें गर्मी में कुछ राहत मिल सके।

गुम नाबालिग को तलाश करने में पुलिस को मिली सफलता

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। यात्री बस में सफर करने के दौरान थाना क्षेत्र के ग्राम हसडाड के पास से गुम नाबालिग लड़के को खोज निकालने मे लखनपुर पुलिस को सफलता मिली है। दरअसल 17 अप्रैल को सोनकलिया पति रामजतन उम्र 50 साल दोनों पति-पत्नी नाबालिग लड़का निखिल पैकरा उम्र 10 साल निवासी दोरना थाना लुन्डरा के साथ अपने लडकी सुनीता सिंह के ससुराल हसडाड बनखेता पारा जा रहे थे। अम्बिकापुर से शिवम् बस में सफर करते हुए ग्राम हसडाड के पास बस से उतरे लेकिन नाबालिग लड़का नीचे नहीं उतरा। दोनों पति-पत्नी तथा बेटी दामाद ने मिलकर नाबालिग लड़के का काफी पता तलाश किया। लेकिन नाबालिग का पता नहीं चला। माता-पिता ने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा फुसलाकर भगा ले जाने का संदेह जाहिर करते हुये थाने में गुम लड़के की प्राथमिकी दर्ज कराया था। लखनपुर पुलिस मामले में दफा 363 भादंसं कायम कर नाबालिग लड़के की पता तलाश करने जुटी हुई थी। 9 दिनों तक लगातार तलाश करने के बाद 26 अप्रैल को बाल आश्रय बिलासपुर सरकंडा से दस्तयाब कर माता पिता के सुपुर्द किया है। नाबालिग लड़के को तलाश करने में थाना प्रभारी मनोज प्रजापति उपनिरीक्षक एलआर चौहान, नेतराम पैकरा अन्य थाना स्टाप सक्रिय रहे।

■ न्यूज गैलरी

सेल्फी प्वाइंट व बैनर से मतदान करने किया जागरूक

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के निर्देश पर 25 अप्रैल को विभिन्न चौक चौराहे पर फ्लैश मोबाइल रोशनी द्वारा बाजार में मतदान संदेश दिया गया। नगर के हृदय स्थल एवं बाजार चौक में मतदान जागरूकता के लिए सेल्फी पॉइंट एवं बैनर लगाकर नव मतदाता एवं मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस स्वीप कार्यक्रम में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय सिंह उप अभियंता शैलेंद्र पटेल, वैभव चौबे, इब्राहिम खान, वेद जायसवाल, विजय सोनवानी, रोहिणी, शेख रियाजुद्दीन, नंदलाल प्रधान, केसरी द्विवेदी, रामभरोस यादव, उर्मिला जायसवाल, शिवानी गुप्ता एवं नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे।

शतरंज प्रतियोगिता आज से

मुंगेली/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप के अंतर्गत स्वीप कप जिला स्तरीय ओपन रैंकिंग शतरंज चैम्पियनशिप का आयोजन 28 अप्रैल रविवार को महाराणा प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झाफल में प्रातः 9.30 बजे से किया जा रहा है। स्पर्धा का आयोजन मुंगेली जिला शतरंज संघ द्वारा किया जा रहा है। स्पर्धा के अंतर्गत सभी उम्र के प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को कुल नकद 10 हजार रुपये, मोमेंटो व मेडल्स पुरस्कार प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। प्रतियोगिता के प्रयोजक राजपूत युवा मोर्चा लोरमी है। स्पर्धा में भाग लेने के लिए आधार कार्ड व पासपोर्ट साइज फोटो प्रतिभागियों को लाना अनिवार्य है। स्पर्धा सभी प्रतिभागियों के लिए निःशुल्क है। प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण एवं मतदाता शपथ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल देव व विशिष्ठ अतिथि स्वीप जिला नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रभाकर पांडेय रहेंगे। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम शाम 4.30 बजे आयोजित होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जिला संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह, चेयरमैन विजय वर्मा, उपाध्यक्ष आशिष मिश्रा, सचिव ओमप्रकाश, वरिष्ठ सदस्य युगल राजपूत, संजय सिंह राजपूत, रामकुमार बघेल, अशोक यादव, अजय बघेल एवं कामता प्रसाद कुर्रे से संपर्क किया जा सकता है। प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 27 अप्रैल को संध्या 6 बजे तक हैं।

120 लीटर महुआ शराब जब्त

मुंगेली/नवप्रदेश। सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल के मार्गदर्शन में गश्त के दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर मय स्टाफ आबकारी वृत लोरमी द्वारा ग्राम गुरुवाईनडबरी थाना लालपुर में छापेमार कार्यवाही किया गया। मौके पंचान के समक्ष विधिवत कार्यवाही के दौरान ग्राम गुरुवाइनडबरी के फुलसिंग तालाब के किनारे 120 बल्क लीटर हथभट्ठी कच्ची महुआ शराब एवं 600 किलोग्राम महुआ लाहन कब्जे आबकारी लिया गया। आरोपी अज्ञात होने की स्थिति में लावारिस प्रकरण दर्ज कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) (च), 34(2) एवं 59(क) के तहत मामले को विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी में आबकारी वृत लोरमी प्रभारी विशेन चंद्रवंशी, आबकारी कांस्टेबल हरिचरण खुंटे, नगर सैनिक मनीषा टंडन एवं ड्राइवर देवेंद्र नेताम का विशेष योगदान रहा।

आईटीआई कर्मियों ने रैली निकालकर मतदान करने किया जागरूक

अम्बिकापुर/नवप्रदेश।आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के तहत विभिन्न आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था अंबिकापुर द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम प्रशिक्षणार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। वहीं संस्था की प्राचार्य ने मतदाताओं को मतदान के महत्व को समझाते हुए कहा कि एक-एक वोट महत्वपूर्ण है, इस लिए इसे व्यर्थ न जाने दें। 07 मई को मतदान दिवस है इस लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लें और मतदान कर अपना दायित्व निभाएं। और लोगों को मतदान हेतु प्रेरित करें। वहीं स्वीप गतिविधियों के तहत आईटीआई संस्था से घड़ी चौक तक जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान रैली में नोडल अधिकारी राजेश सोनी एवं संस्था के प्रशिक्षण अधिकारी शैलेंद्र सिन्हा, शब्बीर आलम, सुमित दुबे, अमित ठाकुर एवं कैपस एम्बेसडर शामिल थे।

बेजा-कब्जा से यातायात प्रभावित

सड़क किनारे बना रहे दो मंजिला मकान

शिकायत के बाद भी अधिकारी मौन

सक्ती/नवप्रदेश। नगर में बढ़ रहे बेजा कब्जा के चलते आम नागरिक परेशान हो रहे हैं। शिकायत पर बेजा कब्जा के संबंध में अधिकारी मौन हैं। कुछ भी पूछने से अधिकारी संतोषप्रद जवाब नहीं देते, जिसके चलते क्या अधिकारी किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हैं जिस हिसाब से नगर पालिका क्षेत्रांतर्गत बेजा कब्जा बढ़ रहा है उसको देखते हुये ऐसा लगता है कि तीन मंजिले मकान वाले सड़क के किनारे बेजा कब्जा करने में नहीं चूक रहे हैं। गौरव पथ का तो यह हाल है बेजा कब्जा के चलते फुटपाथ नही दिख रहा है। उसके बाद बेजा कब्जाधारी सड़क के उपर अपना पूरा समान दुकान का फैला देते है जिससे आवागमन में भारी परेषानियों का सामना करना पड़ता है।

इसी प्रकार अग्रसेन चैक से हटरी तक के रोड का तो बुरा हाल है कि एक मोटर सायकिल एवं आम पब्लिक चलने वाले को इसलिये परेशानी होती है कि दुकान में खरीदी करने वाले अपने दो चक्का, चार चक्का वाहन को सड़क के उपर खड़ी कर चले जाते है अगर कोई दो चक्का वाहन वाले साइड मांगता है तो उसे दुकानदार झगड़ा करने लग जाता है इसी प्रकार अग्रसेन चैक से मालखरौदा रोड मोड तक ट्राफिक इतना जाम हो जाता है कि आधा एक घंटा ट्राफिक क्लीयर होने में लग जाता है थाने की दूरी लगभग 50 मीटर ही है जबकि जिला बनने के बाद यातायात टी.आई. की भी पोस्टिंग हो गई है परंतु पता नही यातायात वाले कहा घूमते रहते है अग्रसेन चैक से मालखरौदा रोड मोड तक इतनी दुकाने रोड के उपर लगी हुई है जिसके चलते घंटो जाम रहता है और कोई भी जवाबदार पुलिस अधिकारी, कर्मचारी नही रहता अगर इस संबंध में किसी अधिकारी से बात करोगें तो स्टाफ की कमी बताता है । क्या बेजा कब्जाधारियों के उपर अभी कार्यवाही होगी या किसी बडी दुर्घटना होने के बाद प्रषासन जागेगा। इन रोडो में पहले बडी घटनायें कुछ वर्श पहले हो चुकी है । नगर पालिका के द्वारा चैपाटी की व्यवस्था पुरेन्हा पार तालाब में की गई है लेकिन वहां पर ठेला लगता है जहां खाने वाले को खडे होकर खाने के लिये जगह नहीं है। साथ ही पुरेन्हा तालाब निस्तारी का उपयोग में मोहल्ले वाले लेते है परंतु जब से अण्डा, मुरगा, बिरयानी का ठेला लगने की वजह से तथा ठेले के गंदगी निकलती है उसे तालाब में फेककर चले जाते है तथा चैपाटी में सायं 6 बजे से 9 बजे तक बेहताषा भीड रहती है तथा पार्किंग नही होने के कारण जहां पाते है वहां गाडी को खडी कर देते है तथा आने जाने वालो को दिक्कतो का सामना करना पड़ता है । नागरिकों ने मांग की है कि नगर पालिका के पर्याप्त कई जगह होने के बावजूद भी इस ओर क्यों ध्यान नही दे रही है यह समझ से परे है।

जिले के 5 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता अपने मत का करेंगे प्रयोग

मुंगेली/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 में जिले के 5 लाख 98 हजार से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। जिले में कुल 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें 5 लोरमी तथा 5 मुंगेली में स्थित हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मेनका प्रधान ने बताया कि बिलासपुर लोकसभा के अंतर्गत लोरमी, मुंगेली एवं बिल्हा विधानसभा के लिए कुल 663 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें लोरमी (26) के लिए 264 मतदान केंद्र, मुंगेली (27) के लिए 279 मतदान केंद्र तथा बिल्हा (1 से 118) के लिए 120 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस बार कुल 45 महिला प्रबंधित मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें विधानसभा लोरमी में 15, मुंगेली में 15 तथा बिल्हा में 10 मतदान केंद्र हैं। इसी प्रकार जिले में 10 मॉडल पोलिंग स्टेशन बनाए गए हैं, जिसमें 05 लोरमी तथा 05 मुंगेली में स्थित हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में प्रत्येक मतदान केंद्रों पर पीने का साफ पानी, छाया, शौचालय एवं संकेत बोर्ड आदि की व्यवस्था की जा रही है। कलेक्टर श्री देव ने भीषण गर्मी को देखते हुए मतदान केंद्रों में यथासंभव प्रतीक्षा कक्ष बनाने तथा गर्भवती महिलाओं एवं बुजुर्गों के लिए पृथक कतार लगवाने के भी निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार दिव्यांग मतदाताओं के लिए प्रत्येक मतदान केंद्र में रैम्प निर्माण तथा व्हीलचेयर की व्यवस्था की जा रही है, ताकि मतदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। मतदाताओं की सुविधा की दृष्टि से जगह-जगह पर संकेत बोर्ड भी बनाए जाएंगे, इससे मतदाताओं को पता चलेगा कि उन्हें कहां जाकर मतदान करना है। साथ ही अगर किसी मतदाता को कोई जानकारी लेनी है, तो उसके लिए हेल्प डेस्क भी बनाए जा रहे हैं।

अधिकारी-कर्मचारियों को दिया गया द्वितीय चरण का प्रशिक्षण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारियों को द्वितीय चरण का दो दिवसीय प्रशिक्षण सेजेस सक्ती एवं सेजेस कसेरपार सक्ती में दिया जा रहा है। सक्ती जिले में मतदान दल के लिए अधिकारियो कर्मचारियों को 26 अप्रैल से 27 अप्रैल तक दो पालियों में (प्रथम पाली सुबह 8 बजे से 12 तक एवं द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक) प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण में सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को संचालित करने तथा लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत मतदान दल के अधिकारियो कर्मचारियों को प्रोजेक्टर के माध्यम से व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मतदान सामग्री, ईवीएम, मतदाता सूची, मतदान केन्द्र से संबंधित आवश्यक तैयारी, मॉकपॉल, मशीन सील करना एवं क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित निर्वाचन संबंधी सभी आवश्यक जानकारियों का बारीकी से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण को संपन्न कराने के लिए श्री सोमेश घितोड़े एवं प्रशांत बनाफर को सेजेस सक्ती तथा डॉ. अरविंद जगदेव एवं सी आर कोसले को कसेरपारा सक्ती का प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है। साथ ही अजय कुमार देवांगन एवं डॉ. धम्मपाल रामटेके को सम्पूर्ण प्रशिक्षण का प्रशिक्षण प्रभारी नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर की चिट्ठी मतदाताओं के नाम

शत-प्रतिशत मतदान करने मतदाताओं से अपील

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत-प्रतिशत मतदान हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने कलेक्टर की चिट्ठी मतदाताओं के नामके द्वारा जिले के मतदाताओं से मतदान जरूर करने की अपील की है।

हम 7 मई को मजबूत लोकतंत्र बनाने की दिशा में कदम बढ़ायेगें, विविधताओं से भरे देश को मजबूत बनाने के लिए एक कर्त्तव्यनिष्ठ और ईमानदार नेता की आवश्यकता होती है, जो हम सबके शत-प्रतिशत मतदान से ही सफल हो सकता है। हमारे आर्थिक, सामाजिक विकास में हमारे चुने हुए प्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है, इसके लिए हमें बढ़-चढ़ कर मतदान करना होगा। यह देश बहुत सारी कठिनाइयों से लड़ कर आज इस मुकाम पर पहुंचा है कि हम दुनिया के तमाम देशों के सामने मजबूती से अपना पक्ष रखने में समर्थ हो सके हैं। आज हम चाहे, खेल की बात करें, या विज्ञान की, कला की बात करें, या आर्थिक समृद्धि की, सभी क्षेत्र में आगे हैं। यह यदि संभव हो सका है तो एक मजबूत लोकतंत्र के दम पर, दुनिया में भारत का परचम उसके मजबूत लोकतांत्रिक व्यवस्था के कारण ही लहराता है। हम गर्व से कह सकते हैं कि विविध संस्कृतियों से भरे इस देश की सांस्कृतिक एकता ही इसे दुनिया के सामने आगे खड़ा करता है। देश की आजादी में समाज के सभी वर्ग ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया था। एक मजबूत लोकतंत्र देश को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण होता है और मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए युवाओं, बुजुर्गों, दिव्यांगों, थर्ड जेण्डर सभी समुदाय के लोगों को पूरी तन्मयता से आगे बढ़ना होगा, अपने मतदान का शत-प्रतिशत उपयोग करना होगा। हमारा एक-एक मत मजबूत लोकतंत्र को गढ़ने में अपना योगदान देता है, इसलिए हमारा यह कर्त्तव्य बनता है कि संविधान के द्वारा दी गई इस अनमोल शक्ति का हम प्रयोग करें और महान गणतंत्र को समृद्ध बनाने में अपना योगदान दें। 07 मई के दिन मतदान केंद्र की ओर जाएं और अपने मत का जरूर प्रयोग करें।

सट्टा-पट्टी सहित आरोपी गिरफ्तार

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में 2 माह से बंद सट्टे-जुए के कार्य पुनः तेजी से पैर पसारने लगा है। ग्राम रामगढ़ में पुलिस ने सट्टा खेलाने वाले युवक देव यादव से 2250 रूपए नगद सट्टा-पट्टी जब्त की। आरोपी के खिलाफ पुलिस जुआ एक्ट छ.ग. जुआ प्रतिरोधक अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही की गई। जिले में नए पुलिस अधीक्षक के आने के बाद लगभग 2 माह तक जिले में सट्टे का कारोबार पर अंकुश लग गया था। 2 माह के बाद पुनः सट्टा तेजी के साथ जिले में पैर पसारना शुरू कर दिया है। ग्राम रामगढ़ में खुलेआम सट्टा खिलाये जाने की सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही करते हुये रामगढ़ निवासी देव यादव से 2250 रूपए नगद सट्टा-पट्टी जब्त की। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट छ.ग. जुआ प्रतिरोधक अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्यवाही की। जिले में एक बार फिर से सट्टा खाईवाल सक्रिय हो गए हैं। जिले में सभी प्रमुख चैक-चैराहों, गांव गलियों में सट्टे का कारोबार करने वाले खुलेआम सट्टा-पट्टी लिखते नजर आ रहे हैं। प्रदेश में जहां एक ओर जुआ-सट्टा अवैध व्यवसाय करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है वही जिले में खानापूर्ति के लिये कभी-कभी कार्यवाही की जाती है।

बताया जाता है कि सट्टा खाईवाल फास्टरपुर सेतगंगा में बैठकर पूरे जिले में खुलेआम सट्टा का अवैध कारोबार संचालित करता है। सट्टा खिलाने वाले छोटे लोगों पर तो कार्यवाही होती है, किन्तु बड़ी मछली के बारे में जानकारी होने के बाद भी उस पर किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नही की जाती है। जिले में पुनः सट्टे का कारोबार शुरू हो जाने से लोगों में चर्चा है कि राजनैतिक संरक्षण के चलते यह व्यापार फल-फूल रहा है। उल्लेखनीय है कि 2 माह से सट्टे के कारोबार पर अंकुश लगने से शहर सहित जिले के नागरिकों ने पुलिस विभाग की इस पहल की सराहना की थी। लेकिन फिर से सट्टा शुरू होने की खबर से नागरिकों में आक्रोश देखा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि सट्टे के अवैध व्यापार के चलते छिटपुट बिजनेस करने वाले एवं युवा इसकी चपेट में आकर बर्बाद हो रहे है। नागरिकों का कहना है कि पुलिस कार्यवाही के साथ ही सट्टे सट्टे के रोकथाम के लिये पुलिस को जनजागरूकता अभियान चलाना चाहिए।

गंभीरता और धैर्य के साथ करें दायित्वों का निर्वहन

सामान्य प्रेक्षक अमित माइक्रो आब्जर्वरों के प्रशिक्षण में हुए शामिल

माइक्रो आब्जर्वर रखेंगे मतदान केंद्र में वोटिंग प्रक्रिया पर निगरानी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने जिले में विभिन्न कार्यो के लिए अलग अलग अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया पर निगरानी के लिए 66 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। सामान्य प्रेक्षक सरगुजा संसदीय क्षेत्र अमित कुमार ने जिला पंचायत सभाकक्ष में माइक्रो आब्जर्वरों के प्रशिक्षण में शामिल होकर उनके दायित्वों के प्रति सजग और गंभीर रहने कहा।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनरों ने मतदान प्रक्रिया में माइक्रो आब्जर्वर की भूमिका और रिपोर्टिंग की जानकारी दी। वास्तविक मतदान के दिन निर्धारित समय से पूर्व मॉक पोल किया जायेगा। जिसमें ईवीएम के भली भांति संचालन और मतदान सही तरीके से पूर्ण होने की जांच की जाएगी। इसकी निगरानी करते हुए माइक्रो आब्जर्वर द्वारा 18 बिंदुओं पर मतदान की रिपोर्टिंग सीधे सामान्य प्रेक्षक को उपलब्ध कराई जाएगी। सामान्य प्रेक्षक श्री अमित ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा माइक्रो आब्जर्वर हेतु निर्धारित दिशा-निर्देशों का सूक्ष्म अध्ययन करें जिससे अपने दायित्वों को अच्छी तरह से पूर्ण करने में मार्गदर्शन मिलेगा। आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों और अपने दायित्वों का गंभीरता और विवेकपूर्ण निर्वहन करें जिससे जिले में निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन संपन्न कराया जा सके। बैठक में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और मतदान से जुड़ी विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी देते हुए चर्चा की गई।

पहल ‘नून के मान बढाबो, सरगुजिहा मन बोट देहे जाबो’ मतदाता जागरूकता की ओर जिला प्रशासन की विशेष पहल

मतदान के महत्व बताने मतदाताओं के नाम कलेक्टर की चिट्ठी पहुंचेगी घर-घर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। शहरी, और ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को वोट का महत्व बताकर मतदान दिवस 07 मई को वोट देने प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने पीजी कॉलेज अंबिकापुर के ऑडिटोरियम में उचित मूल्य दुकान के प्रबंधकों, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के शाखा प्रबंधको, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों, छत्तीसगढ़ भारत स्काउट गाइड के स्काउट मास्टर एवं गाइड कैप्टन की बैठक ली। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कंवर, जिला परियोजना अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी गिरीश गुप्ता सहित सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री भोस्कर ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र के लिए शत-प्रतिशत मतदान हेतु लोगों को जागरूक करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने पीडीएस दुकानों के संचालकों को हर माह वितरण होने वाले राशन के साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की अभिनव पहल की शुरुआत की है जिसमें नमक एवं चने के पैकेट में नून के मान बढाबो, सरगुजिहा मन बोट देहे जाबो का स्टिकर लगाकर वोट अवश्य करने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाना है। इसी तरह सहकारी बैंक में आने वाले कृषकों को कलेक्टर की चिट्ठी प्रदान कर मतदान करने का संदेश दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं की अधिक संख्या वाले मतदान केंद्रों में स्काउट- गाइड, एनसीसी, एनएसएस एवं रेड क्रॉस के वॉलिंटियर्स को मतदाता मित्र के रूप में मतदाताओं के सहयोग एवं सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त किया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक वॉलंटियर के लिए एक पहचान पत्र बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वोट की कीमत से अनजान लोगों को प्रेरित करना और महत्व को बताना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने मतदाता जागरूकता हेतु कलेक्टर की चिट्ठी मतदाताओं के नाम को मतदाताओं तक पहुंचाने कहा, ताकि वोट के महत्व के बारे में लोगों को जानकारी मिले।

जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारियों की भी ली बैठक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला पंचायत सभाकक्ष में जनपद पंचायत सीईओ, ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सहायक सहित सम्बन्धित अधिकारी-कर्मचारियों की भी बैठक ली। उन्होंने इस दौरान ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने हेतु आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने निर्वाचन की जानकारी दीवार लेखन के जरिए देने, मतदाता पर्ची बांटने के दौरान लोगों से मतदान अवश्य करने की अपील करने कहा। साथ ही मतदान केंद्रों में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं पर भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस पर मतदाताओं को किसी प्रकार की समस्या न हो, इस बात का ध्यान रखें। मतदान केंद्रों में छांव, पेयजल आदि की समुचित व्यवस्था हो, जिससे मतदाता मतदान करने प्रेरित हों।

न्यूज गैलरी

मतदान दल 96 घंटे बाद हेलीकाप्टर से लौटा सकुशल

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के चुनाव में छत्तीसगढ़ की तीन लोकसभा सीट पर मतदान शुक्रवार को शांतिपूर्वक समाप्त हो गए। वहीं महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के गरियाबंद जिले के नौ संवेदनशील क्षेत्र में से दो मतदान केंद्र आमामोरा और ओड़ से मतदान कराकर 16 सदस्यीय दल 96 घंटे बाद हेलीकाप्टर से सकुशल लौट आए हैं। मतदान दल को रिसीव करने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल खुद पुलिस ग्राउंड में बने हेलीपेड में मौजूद रहे। उन्होंने मतदान दल के सदस्यों का फूल देकर स्वागत किया। इसके बाद मतदान दल को बस में बैठकर स्ट्रांग रूम लाया गया, जहां सभी की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को सील किया गया।

सात सौ कांग्रेसी सीएम के सामने भाजपा में शामिल

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के सात सौ कांग्रेसी पिपरौद की सभा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सामने भाजपा में शामिल हो गए। शामिल होने वाले सभी कांग्रेसियों को मुख्यमंत्री ने कमल फूल का दुपटटा ओढ़ाकर सम्मानित किया। भाजपा में शामिल होने वालों में नगरपालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष देहुति साहू, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष, अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठतम नेता रतीराम साहू, नवापारा नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष, नवापारा परिक्षेत्र के संरक्षक मेघनाथ साहू, सहदेव कंसारी, युवा कांग्रेस के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण कल्ला, ब्लॉक सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू, पूर्व जनपद सदस्य भेनु साहू, पूर्व सरपंच भुवन साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष अशोक साहू, जनपद सदस्य डॉ उत्तम साहू, जनपद के पूर्व अध्यक्ष गिरजा साहू, पूर्व जनपद सदस्य गैंदलाल साहू, पूर्व जनपद सदस्य डिगेश्वरी वर्मा, सहकारी समिति पोंड़ के पूर्व अध्यक्ष मिलेश वर्मा, ग्रामीण विकास समिति पोंड के अध्यक्ष संतोष मन्नाड़े, परसदा के उपसरपंच महेन्द्र वर्मा, पूर्व उपसरपंच रमेश वर्मा, गोठान समिति के अध्यक्ष टिकू यादव, पारसमणी साहू, टीला के उपसरपंच संतोष देवांगन, झाडूराम सहित नवापारा, खोल्हा, टीला, परसदा सहित दर्जनों गांव के सात सौ लोग शामिल हुए हैं।

विश्व पशु चिकित्सा दिवस, चिकित्सालय में मनाया गया

कोंडागांव/नवप्रदेश। जिले के पशु चिकित्सालय में शनिवार को विश्व पशु चिकित्सा दिवस मनाया गया. इस दौरान पशुओं के चेकअप किया गया, जिसमें कई तरह के पशुओं का इलाज भी कराया गया. साथ ही लोगों को पशु चिकित्सा से जुड़ी जानकारियां दी गई. इसके अलावा लोगों को पशु चिकित्सकों के महत्व को समाजिक रूप में प्रमोट करने को कहा गया.कोंडागांव में मनाया गया विश्व पशु चिकित्सा दिवस- कोंडागांव के पशु चिकित्सालय में आयोजित वर्ल्ड वेटरनरी डे के दौरान डॉक्टर एस के नाग ने ईटीवी भारत से बातचीत की. उन्होंने इस दिन का महत्व और पशु चिकित्सकों के महत्व को सामाजिक रूप से प्रमोट करने की बात कही. उन्होंने कहा कि, ÷यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जब पशु चिकित्सकों का अहम रोल पशुओं के स्वास्थ्य और जनस्वास्थ्य के लिए उचित देखभाल सुनिश्चित करने में है.वर्ल्ड वेटरनरी डे का मुख्य उद्देश्य है कि हम जानवरों और मनुष्यों के बीच सम्बन्ध की महत्वपूर्णता को समझ सकें. पशु चिकित्सा के माध्यम से हम न केवल पशुओं को बल्कि लोगों को भी अच्छे स्वास्थ्य और संबंधों के लिए जागरूक करें. वर्ल्ड वेटरनरी डे के माध्यम से हम सभी पशु चिकित्सकों की महत्ता को समझ सकते हैं. उन्हें समर्थन दे सकते हैं।

यह एक संदेश है कि हमें अपने पशुओं के साथ सही

पकड़ा गया हार्डकोर नक्सली मरपल्ली, जंगल में बम प्लांट करने का है मास्टरमाइंड

- सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में शख्स संदिग्ध हालत में दिखाई दिया

बीजापुर/नवप्रदेश। नक्सल विरोधी अभियान के दौरान जवानों की टीम सिराकोंटा के दंपाया में गश्त पर निकली. सर्चिंग के दौरान जवानों को जंगल में एक शख्स संदिग्ध हालत में दिखाई दिया. जवानों ने युवक को लकारते हुए सरेंडर करने को कहा लेकिन युवक भागने की कोशिश करने लगा. जवानों ने घेराबंदी कर युवक को धर दबोचा. पकड़े जाने के बाद जब युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम मरपल्ली देवेंद्र बताया जो सक्रिय नक्सली था. पुलिस ने पकड़े गए नक्सली के पास से विस्फोटकों का जखीरा बरामद किया है. पकड़ा गया नक्सली जंगल में जवानों को निशाना बनाने के लिए बम प्लांट करने का काम करता है.

विस्फोटकों के साथ हार्डकोर नक्सली मरपल्ली गिरफ्तार- विस्फोटकों के साथ पकड़ा गया नक्सली मरपल्ली देवेंद्र मद्देड़ एरिया कमेटी के अंतर्गत संगठन का सक्रिय सदस्य है. साथी नक्सलियों के साथ देवेंद्र जंगल में जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बम लगाने का काम करता है. साथ ही नक्सलियों को विस्फोटकों की सल्पाई का भी काम करता है. पकड़े गए नक्सली को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है. नक्सली के पास से पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक जिसमें जिलेटिन स्टिक, कोर्डेक्स वायर, विस्फोट में काम आने वाले डेटोनेटर और वॉकी टॉकी सहित नक्सली साहित बरामद किया है.

अमित शाह ने दी है नक्सलियों को सरेंडर की चेतावनी- बस्तर में लगातर चल रहे सर्चिंग अभियान के चलते नक्सली बैकफुट पर हैं. खुद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी कह चुके हैं कि जो थोड़े बहुत नक्सली छत्तीसगढ़ में बचे हैं उनको जल्द ही खत्म कर दिया जाएगा. अमित शाह ने तो यहां तक कहा है कि नक्सली हथियार डालकर सरेंडर कर दें नहीं तो गोली खाने के लिए तैयार रहें.

बिंद्रानवागढ़ में सबसे ज्यादा 81.19 प्रतिशत मतदान

0 बुलेट पर भारी पड़ा बैलेट, गांवों में चुनाव बहिष्कार का एलान, नक्सली धमकी के बावजूद खूब पड़े वोट

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र में सफल मतदान कराने की बड़ी चुनौती थी, पर जिला प्रशासन की कुशल रणनीति और बेहतर समन्वय के चलते यह सफल ही नहीं बल्कि प्रदेश में सबसे ज्यादा मतदान कराने वाले विधानसभा में नाम दर्ज हो गया. जिले में कुल 81.19 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें राजिम में 75.59 तो बिंद्रानवागढ़ में 81.19 त्न मतदान हुआ. उदंती अभ्यारण के भीतर बसे कोयबा, साहेबिन कछार, इंदागांव व गरीबा पंचायत ने मतदान के सप्ताहभर पहले चुनाव बहिष्कार का एलान कर प्रशासन की नींद उड़ा दिया था. कल जब पूरे इलाके में मतदान केंद्रों में चहल पहल थी तो वही कोयबा के दो मतदान केंद्र नागेश, साहेबिन कछार, कोदोमाली व गरीबा मतदान केंद्र में सन्नाटा पसरा रहा. दिन चढ़ते जा रहा था प्रशासन में खलबली मची हुई थी. सुबह 10 बजे इन क्षेत्रों के प्रतिनिधि व ग्रामीणों के साथ चर्चा करने उन्हें बम्हनी झोला बुलाया गया. एसडीएम तुलसीदास मरकाम, एसडीओपी बाजीलाल के साथ कई अफसरों ने ग्रामीणों से चर्चा शुरू की. शुरुआती 2 घंटे की चर्चा

में ग्रामीणों का तेवर कम नहीं हुआ. समस्याओं से घिरे ग्रामीणों के ज्यादातर सवालों के उत्तर अफसरों के पास नहीं थे. बात बनने के बजाए बिगड़ती जा रही थी. इस बैठक की पल पल की सूचना जिला प्रशासन ले रही थी, ऐसे में मोर्चा संभाले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले चर्चा करने पहुंचे. पहले उन्होंने सब की बातें सुनी फिर अपनी बात अपने अंदाज में रखना शुरू किया. कांबले कड़क मिजाज के साथ ही शांत तरीके से ठोस पक्ष रखने के लिए जाने जाते है. ऐसे में उन्होंने ग्रामीणों के हर सवाल का एक जवाब देकर शांत करा दिया. लगभग 45 मिनट चली चर्चा में कांबले ने ग्रामीणों की समस्या नोट किया फिर कहा कि सभी को आपने अजमाया. अब आपकी समस्या के साथ पुलिस खड़ी रहेगी. आमामोरा ओड में 20 साल से रुकी पड़ी पक्की सड़क का उदाहरण देते हुए कहा कि बहिष्कार इसका हल नहीं है. एसएसपी की चर्चा का असर भी हुआ. गरीबा, साहेबिन, कोदोमाली, नागेश में वोटिंग एक बजे से शुरू हो गई, क्योंकि यहां 3 बजे तक मतदान होना था. इसी तरह कोयबा के दोनो बूथों में दो बजे के बाद मतदाताओं की भीड़ देख अफसर भी गदगद हो गए.

बुलेट पर भारी पड़ा बैलेट-अतिसंवेदनशील माने जाने वाले मतदान केंद्र ओढ़ में 79त्न, आमामोरा में 63त्न, गरीबा में 17 त्न, कमारभौदी में 83त्न, बड़े गोबरा में 75.7त्न गौर गांव में 33.45त्न साहेबीन कछार में12.5त्न, कोदोमाली में 48त्न,नागेश 53त्न प्रतिशत मतदान हुआ. वहीं बहिष्कार करने वाले ग्राम कोयबा में 63त्न मतदान कर मतदाताओं ने निडरता का परिचय दिया है।

सफेद भालू शावक को उसकी मां के पास जंगल में छोड़ा वन विभाग ने

पेंड्रा/मरवाही/नवप्रदेश। मरवाही वनमंडल में दो दिन पहले बदहवास अवस्था में सड़क किनारे मिले सफेद भालू के शावक को देर रात उसकी माँ के पास सुरक्षित छोड़ दिया गया है। सफेद भालू का शावक अपनी मां के साथ जंगल में विचरण करने लगा है जिससे अब वन विभाग ने राहत की सांस ली।

दरअसल, दो दिन पहले मरवाही वनमंडल के महोरा गाव में जंगल में ग्रामीणों ने एक सफेद भालू के शावक को देखा वो बदहवास और अस्वस्थ अवस्था में था। मामले की जानकारी पर वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और पशु चिकित्सकों की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सफेद भालू के शावक का स्वास्थ्य परीक्षण किया पर भालू थोड़ा अस्वस्थ दिख रहा था, जिसके बाद दिन भर भालू की निगरानी की गई। फिर भालू को पेण्ड्रा के इंदिरा गार्डन में रखा गया। साथ ही महोरा और बगड़ी के जंगलों में ट्रैप कैमरा लगा कर शावक भालू की मां की तलाश की गई।

कानन पेंडारी की रेस्क्यू टीम के साथ रायपुर के जंगल सफारी से पेण्ड्रा पहुंची पशु चिकित्सकों की टीम सफेद भालू को उसकी मां से मिलवाने की कोशिश में जुट गई। टीम

शावक को उसी जगह ले गई जहां वह मिला था। उसे पिंजरे में रखकर टीम के कुछ सदस्य छुपकर सफेद भालू का इंतजार करने लगे। कुछ देर बाद वहां पर सफेद भालू की माँ और एक अन्य सफेद भालू वहां पर पहुंचे। उन्हें देखकर टीम ने पिंजरे का दरवाजा खोल दिया। शावक अपनी मां से जाकर मिल गया और उन्हीं के साथ जंगल में निकल गया।

शावक की मां काफी आक्रामक थी

मौके पर मौजूद वन कर्मचारियों के अनुसार, उस दौरान शावक की माँ काफी आक्रामक थी और काफी तेज आवाज कर रही थी। जैसे ही उसे उसका शावक मिला वो अपने दोनों शावकों के साथ जंगल में निकल गई। इसके बाद रेस्क्यू टीम ने राहत की सांस ली।

करंगरा में वाहनों की चेकिंग के दौरान तीन लोगों से लाखों की नगदी बरामद

पेंड्रा/नवप्रदेश। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बनाए गए उड़नदस्ता दल लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में मध्यप्रदेश से छत्तीसगढ़ को जोड़ने वाले करंगरा में वाहनों की चेकिंग के दौरान लाखों रुपये जब्त कर लिया गया है। दरअसल, पकड़े गए लोगों ने विधिक दस्तावेज पेश नहीं किया। इस पर कार्रवाई करते हुए टीम ने रुपयों को जब्त कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

उल्लेखनीय है कि, जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार जिले में होने वाले सभी चुनावी गतिविधियों पर विभिन्न निगरानी दल नजर रख रही है। जिले और राज्य की सीमा से लगे बैरियर-नाकों पर स्थित निगरानी दल और उड़नदस्ता तैनात किए गए हैं। इसी

कड़ी में करंगरा में वाहनों की चेकिंग के दौरान तीन लोगों से 1.66 लाख रुपए जब्त किया है। पिछले महीने भी एक कार से लाखों रुपयों की जब्ती

वहीं पिछले महीने पेंड्रा में ही पुलिस चेकपोस्ट से गुजरने वाले वाहनों की जांच कर रही थी। इस दौरान एक कार को रोका गया। कार सवार रायपुर से बैकुंठपुर जा रहे थे। चेकिंग के दौरान एसएसटी टीम ने कार से 2 लाख 900 रुपए जब्त किया। जब उनसे इस मामले में दस्तावेज के बारे में पूछा गया तो वे वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए, जिसके बाद कार्रवाई की गई।

पिपरौद में सीएम साय ने कहा भूपेश बघेल का जेल जाना तय

नयापारा/राजिम/नवप्रदेश। सीएम विष्णुदेव साय शुक्रवार शाम पिपरौद में पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बारे में कहा कि पांच साल सत्ता में रहते हुए एक भी वादा पूरा नहीं किया। जनता को सिर्फ ठगा है। हर चीज में भ्रष्टाचार किया। कोयला, रेत, शराब और गोबर घोटाला जैसे कई कारनामे हैं। इन्हें लोकसभा चुनाव में राजनांदगांव की जनता सबक सिखाने जा रही है। सीएम श्री साय ने कहा कि महादेव एप्प वाले मामले में इनके खिलाफ 508 करोड़ के लेन देन को लेकर एफआईआर हो चुका है। उनका जेल जाना तय है। श्री साय ने अपने भाषण की शुरूआत भारत माता के जयकारे के साथ किया और उपस्थित जनसमुदाय से नारा लगवाया अब की बार चार सौ पार, फिर एक बार मोदी सरकार।

उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव छोटा, मोटा चुनाव नही है बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है। मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। भारत फिर से विश्व गुरू बनेगा। देश और दुनिया में तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में भारत खड़ा होगा। अयोध्या का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम पांच सौ साल तक टेंट में रहे। 22 जनवरी को मंदिर में विराजमान हुए। छत्तीसगढ़ की जनता भगवान श्रीराम को भांजा के रूप में मानती है। उन्होंने रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल सबके सुख, दुख में साथ रहने वाले को भारी मतों से जिताएं। रायपुर लोकसभा का लीड ऐतिहासिक हो। कांग्रेस मुद्दाविहीन हो गई है। जनता को भरमाने का काम कर रही है। मैं बता देना चाहता हूं कि महतारी वंदन योजना कभी बंद नही होगा। आरक्षण भी समाप्त नहीं होगा। कहा कि कांग्रेस ठगने में माहिर है। एक लाख रूपए का फार्म भरवा रहे हैं।

तीन महीने में ही पूरे किए पांच साल के वादे

सभा को सांसद सुनील सोनी ने भी संबोधित किया। साय की सरकार ने तीन महीने में ही पांच साल की गारंटी को पूरा किया। जिसकी तारीफ स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कर रहे हैं। कहा कि 2047 तक भारत को विकसित करेंगे। आम आदमी के जीवन में परिवर्तन लाने की सभी योजनाएं लागू की जाएगी। राजनांदगांव में पूर्व सीएम भूपेश बघेल बुरी तरह से हार रहे हैं। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्रकुमार साहू ने कहा कि विकसित भारत के लिए कमल में मुहर लगाकर बृजमोहन अग्रवाल को भारी बहुमत से जीताकर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाए। अभनपुर विधानसभा क्षेत्र से बृजमोहन अग्रवाल को 50-60 हजार वोटों से लीड दिलाएंगे। संचालन संदीप शर्मा ने किया।

दुधमुंहे बच्चों को लेकर मतदान करने 30 किलोमीटर पैदल पहुंचे आदिवासी ग्रामीण

मैनपुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड के पहाड़ी और बीहड़ जंगलों में बसे दर्जनभर गांव के सैकड़ों आदिवासी ग्रामीण मतदान करने 25 से 30 किलोमीटर पैदल चलकर मतदान केंद्र पहुंचे। ग्रामीण कहीं एक दिन पहले तो कहीं शुक्रवार की सुबह 5 बजे ही मतदान करने अपने छोटे छोटे दुधमुंहे बच्चों को गौद में लेकर और 80 वर्षीय बुजुर्गो के साथ पहुंच गए।

यहां पहाड़ी के ऊपर बसे ताराझर, कुर्वापानी, भालूडिग्गी, मटाल के लगभग 350 ग्रामीण पथरीली पगडंडी के सहारे बुजुर्गो को घोड़े में सवार कर किसी त्योहार में शामिल होने के लिए खुशिया मनाते मतदान करने पहुंचे। यही स्थिति ग्राम पंचायत बोईरगांव के बीहड जंगल के भीतर बसे गांव डुमरघाट के ग्रामीणों भी देखने को मिली। यहां से लगभग 130 ग्रामीण दुर्गम पहाड़ी रास्तों को तय कर

सुबह 5 बजे ही लगभग 4 घंटे पैदल चलने के बाद मतदान करने बरदुला पहुंचे। डुमरघाट से मतदान करने के लिए यहां रहने वाले ग्रामीण रात करीब 2 बजे ही गांव से मतदान करने के लिए निकल गार थे। डुमरघाट से मतदान करने पैदल पहुंचे 80 वर्षीय अमरसिंह कश्यप, कमरती बाई, पलटन, बजारू राम कमार, बंशीलाल, सुखीराम, कैलाश, कुशल, बेनुराम, हीरोबाई ने बताया कि मतदान करने के लिए रात 2 बजे गांव से पैदल निकले थे।

जोगी कांग्रेस नेता पर छेड़छाड़ का आरोप, अपराध दर्ज

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर जिले के एक स्कूल की प्रिंसिपल ने जोगी कांग्रेस के एक नेता पर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करने के आरोप लगाए हैं। इसकी शिकायत भी महिला ने पुलिस से की है। पत्थलगांव की पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है और मामले की जांच में जुट गई है।

ये है पूरा मामला

दरअसल पत्थलगांव निवासी जोगी कांग्रेस का नेता हैप्पी भाटिया के खिलाफ एक स्कूल की महिला प्रिंसिपल ने छेड़छाड़,अश्लील इशारा करने, पीछा कर गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत के मुताबिक जब महिला घर से स्कूल जाती है तो आरोपी उसका पीछा करता है, अश्लील इशारे करता है. वह खुद को जोगी कांग्रेस का बड़ा नेता बताते हुए स्कूल में भी आ धमकता है और कर्मचारियों के साथ ही उसे भी धमकाता रहता है. कभी स्कूल परिसर के सामने अपनी गाड़ी में बैठ जाता है और उसे देखकर अश्लील इशारा करता है. पीड़ित महिला ने बताया कि आरोपी की इन हरकतों से तंग आकर उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई. इस बात से वो काफी डरी हुई थी. लेकिन बाद में उसने थक-हारकर अपने पति और परिजनों को घटना के बारे में जानकारी दी. जिसके बाद उन्होंने थाने आकर शिकायत दर्ज कराई.

पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ धारा 354 घ, 509 ख, 294 तथा 506 ब के तहत अपराध दर्ज किया गया है.,स्क्र अनिल कुमार सोनी मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि महिला सुरक्षा के संबंध में प्राप्त शिकायत पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं. पीड़िता की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की गई है. उन्होंने बताया कि मामले में प्रथमदृष्ट्या संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है. आगे की विवेचना जारी है. यदि जांच के दौरान और भी तथ्य सामने आते हैं तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

जनपद सदस्य खुद के फर्म से कर रहे थे मटेरियल सप्लाई, पद से हटाए गए

मनेंद्रगढ़/नवप्रदेश। जनप्रतिनिधि होकर लाभ अर्जन के मामले में दोषी पाए जाने पर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर ने बड़ी कार्रवाई की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत के सदस्य मकसूद आलम को कलेक्टर डी राहुल वेंकट ने जनपद सदस्य पद से हटा दिया है। केल्हारी के भाजपा नेता और विधायक रेणुका सिंह के विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता की शिकायत पर यह कार्रवाई कलेक्टर ने की है। मनेन्द्रगढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के सदस्य मकसूद आलम द्वारा जनपद सदस्य के पद पर रहते हुए अपने जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में मटेरियल सप्लाई का काम खुद के फर्म से किया जा रहा था। जनपद सदस्य द्वारा लाखों रुपये की मटेरियल सप्लाई की गई। जिसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता ने वर्ष 2021 में कलेक्टर कोरिया से की गई। लेकिन कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक

गुलाब कमरो के प्रतिनिधि होने और पूर्व सरकार का संरक्षण प्राप्त होने के कारण कोई कार्यवाही नहीं की गई। प्रदेश में सरकार बदली और भाजपा सत्ता में आई तब विधायक प्रतिनिधि ने फिर इस मामले की शिकायत मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर कलेक्टर से की और कलेक्टर ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए पूरे मामले की जांच करवाई और मामला सही पाया। जिसके बाद कलेक्टर मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर डी राहुल वेंकट ने पंचायती राज अधिनियम की धारा 40 (1) के तहत दोषी पाए जाने के बाद जनपद सदस्य मकसूद आलम को पद से हटा दिया।

नक्सली | बस्तर आईजी का बड़ा बयान

दंतेवाड़ा में कांग्रेस नेता की हत्या, बौखलाहट में नक्सली कर रहे हरकतें

बस्तर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में दूसरे चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया. इस बीच शुक्रवार देर रात नक्सलियों ने दंतेवाड़ा में एक कांग्रेस नेता की निर्मम हत्या कर दी. नक्सली कांग्रेस नेता को घर से उठाकर ले गए और धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी. नक्सलियों ने पोटाली सीएएफ कैंप से 500 मीटर की दूसी पर हत्या को अंजाम दिया. इस पूरे मामले में बस्तर आईजी का बयान सामने आया है. बस्तर आईजी ने कहा है कि नक्सलियों ने बौखलाहट ने जनप्रतिनिधि की हत्या को अंजाम दिया है.

नक्सलियों ने बौखलाहट में की हत्या- पूरे मामले में बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने कहा है कि, ÷जब-जब नक्सली बैकफुट पर रहते हैं. उस दौरान क्षेत्र में भय का माहौल पैदा करने के लिए पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाकर स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक या फिर स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाते हैं. ताकि लोगों में नक्सलियों का भय बना रहे. इसी उद्देश्य से दंतेवाड़ा में भी नक्सलियों ने घटना



को अंजाम दिया है. इसके अलावा बस्तर में काफी संख्या में जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा प्रदान किया गया है. हालांकि इनकी सुरक्षा श्रेणी अलग-अलग जरूर होंगी. इसके अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों को भी चिन्हित किया जा रहा है और आंकलन करके उन्हें भी सुरक्षा प्रदान करने की तैयारी बस्तर पुलिस की ओर से की जा रही है. जल्द ही अन्य जनप्रतिनिधि, जिन्हें नक्सलियों से खतरा बना हुआ है, कांग्रेस नेता को उतारा मौत के घाट- दंतेवाड़ा के अरनपुर थाना क्षेत्र के पोटाली गांव में शुक्रवार देर रात कांग्रेस नेता और पूर्व जनपद सदस्य जोगा पोडियाम की नक्सलियों ने हत्या कर दी. कांग्रेस नेता रात को खाना खाकर अपने घर में सो रहे थे. इसी दौरान 20 से 30 नक्सलियों ने कांग्रेस नेता के घर पर धावा बोला. घर से कांग्रेस नेता को उठाकर ले गए और धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी. नक्सलियों ने पोटाली सीएएफ कैंप से 500 मीटर दूरी पर जनप्रतिनिधि की हत्या को अंजाम दिया।

ग्रामीणों की जान ताक पर रखकर चल रही मनमानी

जशपुर/नवप्रदेश। पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत पंडरीपानी में अवैध पत्थर खदान संचालित हो रही है। लेकिन प्रशासन द्वारा कार्यवाई नहीं होने से तस्करों के हौसलें बुलंद हैं। इस मामले को लेकर एसडीएम ने कार्रवाई करने की बात कही है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत पंडरीपानी स्थित निजी खेत में साइज पत्थरों को तोड़कर उनका बिक्री किया जाता है। यहां के दबंगो की शह पर किसान को प्रलोभन देकर अवैध खनन, साइज पत्थर फोड़ने का काम कराया जा रहा है। दबंगो का बोलबाला इस कदर हावी है कि, इससे पूर्व में दूसरे जगह पर पिछले 5 सालों से खनन का कार्य पर कार्यवाई होने की वजह से दूसरे जगह पत्थरों को तोड़ने का काम शुरू कर दिया गया है। एक ग्रामवासी ने बताया कि, किसानों को प्रलोभन देकर पत्थर फोड़ने का अवैध काम कराया जा रहा है। लेकिन यह एरिया पेड़ पौधों से घिरा होने की वजह से अधिकारीयों की नजर इस पर नहीं पड़ती है।उन्होंने आगे कहा कि, यहां से प्रतिदिन पत्थर तोड़ने का काम चल रहा है।

भारत में बंद होगा व्हाट्सएप!

नई दिल्ली। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप भारत में अपनी सेवा बंद कर सकती है। मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग एप व्हाट्सएप के मालिक मार्क जुकरबर्ग ने भारत में अपनी सेवा बंद करने की धमकी दी है। वॉट्सऐप ने कहा है कि अगर उसे एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया जाता है, तो वह भारत में अपना काम बंद कर देगा और यहां से चला जाएगा।

मेटा के स्वामित्व वाले मैसेजिंग प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप की तरफ से पेश वकील ने दिल्ली हाईकोर्ट में ये दलील रखी है। दरअसल, व्हाट्सएप और इसकी पैरेंट कंपनी मेटा ने 2021 में देश में लाए गए इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) नियमों को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। हाईकोर्ट में गुरुवार (25 अप्रैल) को दोनों की याचिकाओं पर सुनवाई हुई। व्हाट्सएप की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा कि व्हाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोगों को इसकी प्राइवेसी पर भरोसा है। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। अगर भारत सरकार ने एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया तो हमें देश छोड़ना होगा।

क्या होता है एंक्रिप्शन?

व्हाट्सएप अपने मैसेज प्लेटफॉर्म के लिए एन्क्रिप्शन का इस्तेमाल करता है। आसान भाषा में कहें तो अगर कोई व्यक्ति किसी अन्य शख्स को मैसेज भेजता है या फिर उसका मैसेज रिसीव करता है, तो ये जानकारी सिर्फ उन दोनों के पास ही रहती है। कोई भी तीसरा व्यक्ति दो लोगों के बीच हुए मैसेज को पढ़ या सुन नहीं सकता है। ये वॉट्सऐप समेत कई मैसेजिंग एप्स के सबसे जरूरी फीचर हैं।

व्हाट्सएप की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में कहा गया है कि व्हाट्सएप का इस्तेमाल लोग इसलिए करते हैं क्योंकि यह एन्क्रिप्टेड है और लोगों को इसकी प्राइवेसी पर भरोसा है। यूजर्स ये जानते हैं कि व्हाट्सएप पर भेजे गए मैसेज एंड टू एंड एन्क्रिप्टेड होते हैं। ऐसे में उनके मैसेज को कोई भी नहीं पढ़ सकता है, लेकिन एन्क्रिप्शन तोड़ने के बाद इसकी प्राइवेसी खत्म हो जाएगी। अगर भारत सरकार ने एन्क्रिप्शन तोड़ने के लिए मजबूर किया तो हमें देश छोड़ना होगा।

सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/10एबी भरने की समय सीमा 30 जून तक बढ़ाई

नई दिल्ली। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर अधिनियम के तहत ट्रस्टों, संस्थानों और फंडों द्वारा फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की समय सीमा 30 जून 2024 तक बढ़ा दी है। ट्रस्ट, संस्थान और फंड फॉर्म 10ए भरकर पंजीकरण कराते हैं जबकि फॉर्म 10एबी का इस्तेमाल पंजीकरण के रिन्युअल के लिए किया जाता है।इससे पहले भी सीबीडीटी ने फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी दाखिल करने की तारीख 30 सितंबर 2023 तक बढ़ा दी थी। सीबीडीटी ने स्पष्ट किया कि विस्तारित तिथि उन मामलों में भी लागू होती है जहां कोई मौजूदा ट्रस्ट, संस्थान या फंड विस्तारित नियत तिथि के भीतर निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए फॉर्म 10ए दाखिल करने में विफल रहा, और बाद में, एक नई इकाई के रूप में प्रोविजनल पंजीकरण के लिए आवेदन किया और फॉर्म 10एसी प्राप्त किया।ये ट्रस्ट अब फॉर्म 10एसी सरेंडर कर 30 जून तक फॉर्म 10ए भरकर मौजूदा ट्रस्ट, संस्था या फंड के रूप में निर्धारण वर्ष 2022-23 के लिए पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं।सीबीडीटी ने कहा कि वे ट्रस्ट, संस्थान या फंड जिनके रिन्युअल के आवेदन केवल देर से दाखिल करने या गलत सेक्शन कोड के तहत दाखिल करने के आधार पर खारिज कर दिए गए थे, वे 30 जून की समय सीमा के भीतर फॉर्म 10 एबी में नया आवेदन जमा कर सकते हैं।फॉर्म 10ए/फॉर्म 10एबी के अनुसार आवेदन आयकर विभाग के ई-फाइलिंग पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन दाखिल किए जाएंगे।

आरबीआई ने डिजिटल ऋण में डिफ़ॉल्ट हानि गारंटी पर दी स्पष्टता

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल ऋण में डिफ़ॉल्ट हानि गारंटी (डीएलजी) के लिए अपने दिशानिर्देशों पर अधिक स्पष्टता प्रदान करने के लिए नये सिरे से 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' (एफएक्यू) जारी किए, जो पहली बार जून 2023 में जारी किए गए थे।

डीएलजी बैंक और एक इकाई के बीच एक समझौता है जिसके तहत वह इकाई बैंक के ऋण पोर्टफोलियो के एक निश्चित प्रतिशत तक डिफ़ॉल्ट के कारण होने वाले नुकसान के लिए मुआवजा प्रदान करने की गारंटी देती है।

जून 2023 में दिशानिर्देश जारी करते समय, आरबीआई ने कहा था कि बैंकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि किसी भी बकाया पोर्टफोलियो पर डीएलजी कवर की कुल राशि ङ्क जो कि अग्रिम रूप से निर्दिष्ट है ङ्क उस ऋण पोर्टफोलियो की राशि के पांच प्रतिशत से अधिक नहीं होगी।

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों की अपनी सूची में, आरबीआई ने कहा कि जिस पोर्टफोलियो के लिए डीएलजी की पेशकश की जा सकती है, उसमें पहचान योग्य और मापने योग्य ऋण संपत्तियां शामिल होनी चाहिए।यह पोर्टफोलियो डीएलजी कवर के प्रयोजन के लिए स्थिर रहेगा और इसका उद्देश्य गतिशील होना नहीं है।आरबीआई ने कहा कि पांच प्रतिशत की सीमा किसी भी समय डीएलजी सेट से वितरित कुल राशि पर लागू होती है।इसमें यह भी कहा गया है कि आरई द्वारा एक बार लागू की गई डीएलजी राशि को ऋण वसूली सहित बहाल नहीं किया जा सकता है।आरबीआई ने कहा कि दिशानिर्देश डीएलजी कवर स्वीकार करने वाले बैंकों के लिए बोर्ड-अनुमोदित नीति लागू करना अनिवार्य करते हैं, डीएलजी प्रदाता के रूप में कार्य करने वाले बैंकों को विवेकपूर्ण उपाय के रूप में बोर्ड-अनुमोदित नीति भी लागू करनी होगी।आरबीआई ने यह भी स्पष्ट किया है कि एनबीएफसी-पी2पी प्लेटफॉर्म पर व्यवस्थित ऋण पर डीएलजी की अनुमति नहीं है।इसी प्रकार, क्रेडिट कार्ड के लिए भी डीएलजी व्यवस्था की अनुमति नहीं है।आरबीआई ने अपनी वेबसाइट पर आसानी से समझने के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों को उदाहरणों के साथ समझाया है।

बॉट्स का इस्तेमाल कर क्रिएटर्स कमा रहे एक्स पर पैसा, मस्क ने रोका विज्ञापन राजस्व शेयरिंग

नई दिल्ली। एलन मस्क ने शनिवार को धमकी दी कि स्पैम लाइक, रिप्लाई और डायरेक्ट मैसेज (डीएम) के लिए बॉट्स के इस्तेमाल की जांच होने तक कुछ क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोग विज्ञापन से ज्यादा पैसे कमाने के लिए एक्स प्लेटफार्म पर स्पैमिंग कर रहे हैं।एक पोस्ट में, टेक अरबपति ने कहा कि क्रिएटर पेआउट्स का उद्देश्य एक्स पर हाई-क्वालिटी कंटेंट को प्रोत्साहित करना है। कुछ मामलों में हम इसका ठीक उल्टा देख रहे हैं, जहां लोग विज्ञापन से पैसा कमाने के लिए सिस्टम को स्पैम कर रहे हैं। यह ठीक नहीं है। मस्क ने कहा कि ऐसे क्रिएटर्स के लिए विज्ञापन राजस्व शेयरिंग को रोक दिया जाएगा।एक्स नियमित आधार पर क्रिएटर्स को भुगतान करता है। लेकिन आजकल अपने प्लेटफॉर्म पर स्पैम और पोर्न बॉट्स की बढ़ोतरी से निपटने के लिए संघर्ष कर रहा है। मस्क के मुताबिक, बड़े बॉट ऑपरेशन चलाने वाले लोग कंटेंट क्वालिटी को काफी हद तक कम कर रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ने इस महीने की शुरुआत में बॉट्स हटाने की कवायद शुरू कर दी थी।

एआर-वीआर बाजार का नेतृत्व करने की चाह में मेटा को अरबों डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली। मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने गेमिंग पर बड़ा दांव लगाना जारी रखा है। इस कड़ी में उसे अपने ऑगमेंटेड रियलिटी/वर्चुअल (एआर-वीआर) रियलिटी डिविजन पर लगभग 4 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। मार्क जुकरबर्ग द्वारा संचालित कंपनी ने अपने नवीनतम तिमाही परिणामों में एआर/वीआर रियलिटी लैब्स डिवीजन में लगातार घाटा दिखाया है। गेम्स इंडस्ट्री डॉट बिज के अनुसार, कंपनी को अपने एआर/वीआर ड्रीम पर जून 2022 से प्रति माह 1 अरब डॉलर से ज्यादा की दर से नुकसान हो रहा है।

कंपनी ने कहा, हमें उम्मीद है कि हमारे चल रहे प्रोडक्ट डेवलपमेंट और इकोसिस्टम को आगे बढ़ाने के लिए हमारे निवेश के चलते ऑपरेटिंग घाटा साल-दर-साल सार्थक रूप से बढ़ेगा। मेटा सीएफओ सुसान ली ने पहली तिमाही की अर्निंग कॉल पर कहा कि साल-दर-साल ऑपरेटिंग घाटे में वृद्धि हो रही है। मेटा की रियलिटी लैब्स ने 440 मिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, लेकिन कुल मिलाकर 3.85 बिलियन डॉलर का नुकसान हुआ।जुकरबर्ग ने कहा, यहां शुरुआती संकेत काफी पॉजिटिव हैं, लेकिन लीडिंग एआई का निर्माण भी हमारे ऐप्स में जोड़े गए अन्य अनुभवों की तुलना में एक बड़ा उपक्रम होगा और इसमें कई साल लगने की संभावना है। मेटा ने 2023 में एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) हेडसेट बाजार के 59 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया। खास तौर से, काउंटरप्वाइंट रिसर्च के अनुसार, मेटा ने रणनीतिक रूप से पूरे साल अपने मौजूदा क्वेस्ट 2 की कीमत कम कर दी, जिससे यह बजट के प्रति जागरूक उपभोक्ताओं के लिए एक आकर्षक विकल्प बन गया, खासकर छुट्टियों के मौसम के दौरान। इस रणनीति ने मेटा को 2023 की चौथी तिमाही में क्वेस्ट 3 के लॉन्च होने तक अपनी बढ़त बनाए रखने में मदद की।

स्मॉल फाइनेंस कंपनियां खोल सकेंगी अपना बैंक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमित या यूनिवर्सल बैंक बनने के लिए 1,000 करोड़ रुपये की न्यूनतम नेटवर्थ सहित निर्दिष्ट मानदंडों को पूरा करने वाले छोटे वित्त बैंकों से आवेदन आमंत्रित किए। आरबीआई ने नवंबर 2014 में निजी क्षेत्र में लघु वित्त बैंकों को लाइसेंस देने के लिए गाइडलाइन जारी किए। इसमें एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक, इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक सहित लगभग एक दर्जन स्न्नक्र्य शामिल हैं।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि यूनिवर्सल बैंक बनने का लक्ष्य रखने वाले एसएफबी की पिछली तिमाही (लेखापरीक्षित) के अंत में न्यूनतम शुद्ध संपत्ति 1,000 करोड़ रुपये होनी चाहिए और बैंक के शेयर किसी मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने चाहिए।

पिछले दो वित्तीय वर्षों में इसका शुद्ध लाभ भी होना चाहिए और पिछले दो वित्तीय वर्षों में जीएनपीए और एनएनपीए क्रमशः 3 प्रतिशत और 1 प्रतिशत से कम या उसके बराबर होना चाहिए। अन्य शर्तों में एक निर्धारित सीआरएआर (पूंजी-से-जोखिम भारित संपत्ति अनुपात) आवश्यकता और न्यूनतम पांच वर्षों की अवधि के लिए प्रदर्शन का संतोषजनक ट्रैक रिकॉर्ड शामिल है। शेयरहोल्डिंग पैटर्न पर, आरबीआई ने कहा कि पात्र एसएफबी के लिए एक पहचाने गए प्रमोटर की कोई अनिवार्य आवश्यकता नहीं है। हालांकि, पात्र एसएफबी के मौजूदा प्रमोटर, यदि कोई हैं, यूनिवर्सल बैंक में बदलाव पर प्रमोटर के रूप में बने रहेंगे। इसके अलावा, बदलाव अवधि के दौरान पात्र एसएफबी के लिए नए प्रमोटरों को जोड़ने या प्रमोटरों में बदलाव की अनुमति नहीं दी जाएगी।

फिंच ने विराट कोहली की पारी का बचाव किया

हैदराबाद। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली द्वारा सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ 43 गेंदों में 51 रन बनाने के बाद उनकी पारी का बचाव करते हुए कहा कि कभी-कभी एक सेट बल्लेबाज की भूमिका खेल को गहराई तक ले जाने की होती है जो कहीं न कहीं बाउंड्री मारने के इरादे को सीमित करता है। आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करते समय, कोहली पावरप्ले में तेज थे और उन्होंने सिर्फ 11 गेंदों में 23 रन बनाए, लेकिन टी नटराजन और शाहबाज अहमद के कुछ कड़े ओवरों के कारण उन्हें 32 गेंदों में अपने अगले 28 रन बनाने में मेहनत करनी पड़ी। हालांकि रजत पाटीदार की मौजूदगी ने आरसीबी के स्कोरिंग रेट को गिरने नहीं दिया. वह इस आईपीएल

में तेज गेंदबाजों के खिलाफ 125 और स्पिनरों के खिलाफ 197 की स्ट्राइक रेट के साथ खेल में आए, और अपनी ताकत के दम पर 20 गेंदों में अर्धशतक बनाया - आरसीबी के इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक, जिसने फाफ डु प्लेसिस की टीम को ताकत दी। 20 ओवर में 206 रन बनाकर बाद में 35 रन से मैच जीत लिया। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने लोगों से आग्रह किया कि वे कोहली की पारी को धीमी न समझें क्योंकि वह जल्दी विकेट खोने के बाद पाटीदार के साथ साझेदारी बनाने की कोशिश कर रहे थे।फिंच ने प्रसारकों से कहा, मुझे लगता है कि यह यहां कुछ चीजों का संयोजन है। हां, वह पूरी तरह से उड़ गया। लेकिन पावरप्ले के बाद, वह 25 से घटकर 19 पर आ गया। लेकिन एक बात आपको ध्यान में रखनी होगी कि पाटीदार दूसरे छोर पर आक्रामक हो रहा था । कभी-कभी एक सेट बल्लेबाज के रूप में आपका काम खेल को थोड़ा और गहराई तक ले जाना और जितना संभव हो पाटीदार को स्ट्राइक पर लाना होता है, यही वह जगह है जहां बाउंड्री मारने का इरादा खत्म हो जाता है। कोहली और पाटीदार ने चौथे विकेट की साझेदारी के लिए सिर्फ 35 गेंदों में 64 रन जोड़े, जिसमें पाटीदार ने आक्रामक भूमिका निभाई और कोहली ने पारी को आगे बढ़ाया। फिंच का मानना है कि दोनों बल्लेबाजों के बीच साझेदारी पारी के निर्माण का आदर्श उदाहरण है।

नडाल ने मैड्रिड में ब्लैंच को हराया, अगला मुकाबला डी मिनौर से होगा

मैड्रिड। राफेल नडाल ने मैड्रिड ओपन में विजयी शुरुआत की, जब उन्होंने 16 वर्षीय वाइल्ड कार्ड डार्विन ब्लैंच को 64 मिनट के बाद 6-1, 6-0 से हराया। मैड्रिड में पांच बार के चैंपियन, नडाल काजा मैगिका में सबसे अधिक जीत (57) जीत हासिल कर चुके हैं, जहां घरेलू पसंदीदा ने पहली बार 2008 में खिताब जीता था और हाल ही में 2017 में जीत हासिल की थी। एटीपी आंकड़ों के अनुसार, एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर पर दो विरोधियों के बीच उम्र का सबसे बड़ा अंतर (21 वर्ष, 117 दिन) था, जिसमें नडाल ने अपने रिटर्न पॉइंट का 59 प्रतिशत जीता और उन्हें अपनी सर्विस पर एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। नडाल ने कहा, वह एक बहुत युवा खिलाड़ी है, मुझे लगता है कि उसके सामने बहुत अच्छा भविष्य है। उसके पास बहुत शक्तिशाली शॉट हैं, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें निरंतरता की कमी है। मैं उसे शुभकामनाएं देता हूं। मैंने अच्छा खेला, मैं खुश हूं, इससे मुझे फायदा हुआ। मैड्रिड में एक और दिन बिताने का अवसर, जो मेरे लिए बहुत मायने रखता है, मुझे इन टूर्नामेंटों में खेलने की ज़रूरत है और मुझे लगता है कि यह सुधार की प्रक्रिया का हिस्सा है। नडाल, जो मैड्रिड में अपनी 20वीं उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं, टूर्नामेंट के दूसरे दौर में दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ खेलेंगे।

महाराजा बन सिनेमाघरों में हुक्म चलाएंगे विजय सेतुपति!

साउथ अभिनेता विजय सेतुपति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म महाराजा को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। अभिनेता के फैंस भी बेसब्री से उनकी इस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म के जरिए विजय सेतुपति लंबे समय बाद एक गंभीर और मुख्य भूमिका निभाने के लिए लौटे हैं। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर उत्साह इसलिए भी है, क्योंकि यह विजय की 50वीं फिल्म है। वहीं अब इसकी रिलीज को लेकर भी बड़ी जानकारी सामने आई है।कुछ समय पहले फिल्म से विजय सेतुपति का पहला लुक जारी हुआ था, जिसे देख फैंस काफी उत्साहित हो गए थे।

वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर अपडेट है। रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराजा तमिलनाडु में लोकसभा चुनाव खत्म होने के तुरंत बाद सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खबरें आ रही हैं कि फिल्म निर्माताओं ने 16 मई को रिलीज की तारीख तय की है। हालांकि, इस खबर पर आधिकारिक तौर पर निर्माताओं की प्रतिक्रिया का इंतजार है।कुरंगु बोम्मई के लिए जाने जाने वाले निथिलन समीनाथन ने महाराजा को लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर एक जबर्दस्त एक्शन ड्रामा का वादा करता है, जिसमें विजय सेतुपति को पहले कभी न देखे गए अवतार में दिखाया गया है। एक सैलून के अंदर गहरे चिंतन की स्थिति में बैठे घायल और घायल विजय सेतुपति की छवि ने उत्सुकता जगा दी थी। संभावना है कि यह फिल्म आज देश के सामने मौजूद महत्वपूर्ण राजनीतिक और सामाजिक मुद्दों को दिखाएगी। फिल्म की स्टारकास्ट भी कमाल की है। फिल्म में विजय सेतुपति के अलावा मलयालम स्टार ममता मोहनदास के साथ बॉलीवुड अभिनेता-निर्देशक अनुराग कश्यप भी प्रमुख भूमिका में हैं। तमिल सिनेमा में अभिनेता के रूप में महाराजा अनुराग कश्यप की तीसरी फिल्म है। इससे पहले उन्होंने 2028 में इमाइका नोडिगल (2018) में एक अहम भूमिका निभाई थी और निर्देशक लोकेश कनगराज की ब्लॉकबस्टर फिल्म लियो में एक कैमियो भूमिका निभाई थी।

आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी पोस्ट



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है।

ऑनलाइन स्कैमिंग का एक नया दौर शुरू हो चुका है। सोशल मीडिया के जमाने में ऑनलाइन स्कैम का धंधा काफी तेजी से फल-फूल रहा है। लोगों को अपने जाल में फंसाने के लिए स्कैमर्स तरह-तरह की योजना बनाते हैं। वहीं अब इन स्कैमर्स ने क्रिकेट फैंस को टारगेट किया है।

स्कैमर्स लोगों को पैसे ठगने के लिए मैसेजिंग ऐप और सोशल मीडिया पर पूर्व भारतीय कप्तान और सीएसके के स्टार एमएस धोनी के नाम से पैसे मांग रहे हैं। ये पोस्ट सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है।यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। लाखों लोगों ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। कुछ ने इसे रिपोर्ट किया है, तो कुछ कमेंट में क्यूआर कोड मांग रहे हैं। हालांकि, अच्छी खबर यह कि कोई भी इस ठग का शिकार नहीं बना।इस बीच डीओटी इंडिया के ऑफिशियल अकाउंट पर एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया गया है। एक्स पर डीओटी इंडिया ने लिखा, आपको धोखा देने की कोशिश करने वाले घोटालेबाजों से सावधान रहें! यदि कोई दिग्गज क्रिकेटर एमएस धोनी होने का दावा करता है और आपसे बस टिकट खरीदने के लिए पैसा मांगता है, तो यह एक गुगली है जिससे आपको बचना होगा। ऐसे अंकाउंट को तुरंत रिपोर्ट करें।

निखिल सिद्धार्थ ने किया कार्तिकेय 3 का एलान

टॉलीवुड अभिनेता निखिल सिद्धार्थ की फिल्म कार्तिकेय 2 ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर धमाल मचाया था। साउथ के साथ इस फिल्म ने हिंदी पट्टी में भी अच्छा बिजनेस किया था। इस फ्रेंचाइजी को पसंद करने वाले फैंस को लिए एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल, अभिनेता ने आधिकारिक तौर पर इस एक्शन थ्रिलर फिल्म के तीसरे भाग की घोषणा कर दी है।

अभिनेता ने इस बात को कंफर्म किया है कि निर्देशक चंदू मोंडेती फिल्म के तीसरे भाग की पटकथा पर काम कर रहे हैं। फिल्म को लेकर अपडेट देते हुए निखिल ने एक्स पर लिखा, डॉ. कार्तिकेय जल्द ही एक बिल्कुल नए साहसिक कार्य की तलाश में...। इस पोस्ट में उन्होंने फिल्म के निर्देशक को भी टैग किया है। अभिनेता की इस पोस्ट के बाद फैंस काफी ज्यादा उत्साहित हो गए हैं। उनके बयान से लोग अनुमान लगा रहे हैं कि आगामी फिल्म में उन्हें जबर्दस्त सिनेमाई अनुभव प्राप्त होगा। सोशल मीडिया पर फैंस तरह तरह के कमेंट कर अपनी खुशी व्यक्त कर रहे हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि इस फिल्म का स्केल पिछली दो फिल्मों से अधिक होगा। फिलहाल इस फिल्म के कथानक और कलाकारों के बारे में कोई भी अपडेट सामने नहीं आया है, फिर भी लोग इस फिल्म का उत्सुकता के साथ इंतजार कर रहे हैं। निखिल सिद्धार्थ को आखिरी बार 2023 की एक्शन-थ्रिलर फिल्म स्पाई में देखा गया था, जिसे गैरी बीएच ने निर्देशित किया था। वहीं, उनकी फिल्म कार्तिकेय 2 की बात करें तो कम बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर झंडे गाड़ दिए थे।

■ न्यूज गैलरी

अवैध शराब बेचती महिला सहित 5 लोग गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते एक महिला सहित 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 98 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 690 रुपए जब्त किया है। माना पुलिस ने कमल विहार चौक के पास अवैध शराब बेचते आरोपी तुलसीराम धीवर 30 वर्ष के पास से 15 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं राखी थाना पुलिस ने खपरी चौक के पास आरोपी अनिल जांगड़े 42 वर्ष के पास से 10 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 250 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गंज थाना पुलिस ने फाफाडीह ओव्हरब्रीज के नीचे आरोपी नकूल मरकाम 21 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने खालबाड़ा से आरोपी महिला बिमला महानंद 50 वर्ष व हमीद खान 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 51 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 440 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने इन सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

मंदिर के पास खड़ी बाइक पार

रायपुर/नवप्रदेश। नया बस स्टेण्ड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी प्रकाश गाईन 32 वर्ष माना कैंप का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलयू 9537 को नया बस स्टेण्ड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

नकली अगरबत्ती बेचता दुकान संचालक हुआ गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। मिलाप परफ्यूम गणेश रामनगर में दुकान संचालक ने स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती का नकली उत्पाद को असली बताकर बेचने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर गोलबाजार पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी गोपीकिशन बेरा 35 वर्ष 24 परगना बंगाल का रहने वाला है। प्रार्थी वहां स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती कंपनी चलाता है। प्रार्थी ने गोलबाजार थाना में शिकायत किया कि मिलाप परफ्यूम गणेश रामनगर में आरोपी उमेश कुमार नारवानी 46 वर्ष ने अपने दुकान में प्रार्थी की कंपनी स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती का नकली ब्रांड को असली बताकर बेच रहा है। जिससे पुलिस के टीम ने आरोपी के दुकान में दबिश देकर स्लिप वेल मच्छर अगरबत्ती, कवर व मशीन जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

शराब पीते दर्जनभर पकड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते दर्जन भर लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ गेट के पास रायपुरा में सरेआम शराब पीते आरोपी विकाश देवांगन 23 वर्ष व बलराम ध्रुव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी तरूण दुर्गा 35 वर्ष व रजत कौशल 25 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी विजय सुखवानी 37 वर्ष व राहुल धाणे 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी अनुराग पाठक 30 वर्ष व रोहित कुमार नायक 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आरंग पुलिस ने आरोपी जयनारायण साहू 50 वर्ष, खरोरा पुलिस ने आरोपी जगमोहन कोसले 44 वर्ष, धरसींवा पुलिस ने आरोपी रवि साहू 34 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी अभिषेक मेहता 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

गांजे के साथ दो युवक पकड़े

रायपुर/नवप्रदेश। गुढ़ियारी पुलिस ने रामनगर कोटा में दबिश देकर दो युवकों के पास से 12 किलो 100 ग्राम गांजा जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पुलिस के टीम ने रामनगर कोटा मेन रोड में दबिश देकर आरोपी मनहरण चतुर्वेदी 27 वर्ष और लक्की चंद्राकर 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक बैग में 12 किलो 100 ग्राम गांजा और नकदी रकम 410 रुपए जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 1 लाख 21 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ

नया तालाब के अस्तित्व को खतरा

■ गंदगी, जलकुंभी और अतिक्रमण से अट गया तालाब

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद स्थित नया तालाब के गहरीकरण और सफाई को लेकर नगर पालिका ने 1 करोड़ का टेंडर जारी किया था। यह टेंडर दिए 1 वर्ष गुजर चुके हैं। परंतु कार्य शुरु भी नहीं किया जा सका है। इसका ठेका अनुराग केला को दिया गया था। किंतु टेंडर निविदा की प्रक्रिया पूर्ण I हो जाने के बावजूद आज 1 वर्ष बाद भी इस तालाब का कार्य शुरु नहीं किया जा सका है। इसके चलते नगर का एक प्रमुख तालाब का अस्तित्व समाप्त होने की कगार पर है।

नगर के इस तालाब का रकबा 4.05 हेक्टेयर क्षेत्र ग्राम आमदी (म) तथा 2.16 हेक्टेयर क्षेत्र नगर पालिका में आता है। यह तालाब कुल 6.21 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। इस तालाब लोग निस्तारी के लिए निर्भर करते हैं। गंदगी और अतिक्रमण के कारण इस तालाब का अस्तित्व खत्म होने की कगार पर है। गरियाबंद में इस तालाब को कई पीढ़ियों ने देखा है,पूर्व में आस पास के लोग इस तालाब में कब्जा करने का प्रयास किया। गौरतलब है कि पूर्व में इस तालाब का सौंदर्यीकरण का कुछ कार्य ग्राम पंचायत आमदी (म) ने कराया था। अब इस तालाब की स्थिति यह है कि जानवर भी इस तालाब में नहीं उतरते। 6.21 हेक्टयर में फैले इस सुंदर तालाब में नाली का गंदा पानी जा रहा है। पूरा तालाब आज जलकुंभी और गंदगी से पटा पड़ा है।

अपहृत नाबालिग बालिका निपनिया से बरामद, आरोपी गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। थाना राजेपुर जिला पूर्वी चंपारण बिहार से अपहृत नाबालिग बालिका को निपनिया पुलिस ने निपनिया क्षेत्र से बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। I बिहार से नाबालिग बालिका को अपहरण कर लाया था। आरोपी के विरुद्ध थाना राजेपुर में धारा 363,366 भादवि एवं पाक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध हैं। उपरोक्त संबंध में पुलिस सहायता केंद्र निपनिया प्रभारी किशुन कुंभकार ने बताया कि पुलिस सहायता केंद्र निपनिया में सूचना प्राप्त हुई कि बिहार राज्य के जिला पूर्वी चंपारण क्षेत्र स्थित थाना राजेपुर से एक नाबालिग बालिका को अपहरण कर संदेही आरोपी द्वारा निपनिया क्षेत्र में लाया गया है कि सूचना पर अपहृत बालिका के परिजनों के माध्यम से आरोपी संदेही पप्पू कुमार कुशवाहा को निपनिया क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

भोरमदेव अभ्यारण में वन्य प्राणियों की सुरक्षा संवर्धन में डब्ल्यूटीआई करेगा सहयोग

कवर्धा/नवप्रदेश। भोरमदेव अभ्यारण में अंतर्गत वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा एवं संवर्धन के उद्देश्य से वन विभाग दिन प्रतिदिन नए-नए तरीके अपना रहे हैं। इसी क्रम में वन विभाग के प्रयास से वन्य प्राणियों के संरक्षण एवं संवर्धन में कार्यरत एक एनजीओ डब्ल्यूटीआई से भी सहयोग प्राप्त किया है। डब्ल्यूटीआई एनजीओ का गठन 1998 में वन्य प्राणियों के उनके रहवास में उत्पन्न समस्याओं के समाधान हेतु किया गया है। डब्ल्यू टी आई वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु पूरे भारत में कार्यरत हैं। यह संस्था वन्य प्राणियों के रह वास का सुदृढ़ीकरण, वन्य प्राणियों के रेस्क्यू,वन्य प्राणियों के रिइंट्रोडक्शन, वन कर्मियों का क्षमता विकास आदि विषयों पर निरंतर कार्य कर रही है। संस्था के डॉक्टर राजेंद्र मिश्रा शनिवार 27 अप्रैल को कवर्धा आए। उनके द्वारा भोरमदेव अभ्यारण के कर्मचारियों को वन्य प्राणी प्रबंधन एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 में किए गए अद्यतन संशोधन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वन मंडल अधिकारी कवर्धा, अधीक्षक भोरमदेव अभ्यारण कवर्धा, वन परिक्षेत्र अधिकारी भोरमदेव एवं समस्त मैदानी कर्मचारियों के साथ-साथ सुरक्षा श्रमिक भी शामिल हुए। उनके द्वारा वन कर्मियों के ज्ञान वर्धन के साथ-साथ दैनिक उपयोग के साधन भी उपलब्ध करवाए।

दैनिक उपयोग के साधनों में पानी बोतल सोलर लालटेन सोलर फैन पानी फिल्टर उपलब्ध कराए गए। इन साधनों की आवश्यकता मैदानी अमले को निरंतर पड़ती रहती है, इन साधनों के उपयोग से मैदानी अमले की कार्य क्षमता में उत्तरोत्तर वृद्धि होने की संभावना है।

लाठी से पीटकर युवक की हत्या, आरोपी हिरासत में

रायपुर/नवप्रदेश। बंजरपारा नेवरा में एक युवक ने चोरी का आरोप लगाते हुए एक युवक की लाठी डंडे से पिटाई कर दी। जिससे युवक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दीपक यादव 40 वर्ष वार्ड क्रमांक 14 नेवरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि मृतक दीपक बजरंग गली बंजरपारा के तरफ गया था। तभी आरोपी नवीन विश्वकर्मा 20 वर्ष ने हमारे मोहल्ले में चोरी के नियत से आए हो कहते हुए लाठी डंडा से मारपीट किया। जिससे दीपक की मौत हो गई। मामले में नेवरा पुलिस ने हत्या का अपराध दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है।

हुक्का बार चलाते दो गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। विधानसभा पुलिस के टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में दबिश देकर हुक्का बार चलाते दो युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लाखों रुपए का सामान जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस के टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पिरदा स्थित श्रीराम फार्म हाउस में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित कर रहे है। सूचना पर पुलिस के टीम ने दबिश देकर आरोपी राजेन्द्र कुमार 28 वर्ष और सेमयूल मसीह 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से हुक्का, इलेक्ट्रॉनिक हिटर, फ्लेवर, माउथ कीप, चिलम स्टाटर जब्त किया है।

धर्म परिवर्तन : एक का अंतिम संस्कार करने से ग्रामीणों ने रोका

जगदलपुर/नवप्रदेश। जगदलपुर के परपा थाना क्षेत्र के ग्राम छिंदबहार में रहने वाले ईश्वर की मौत बीमारी की वजह से हो गई। चूंकि ईश्वर के परिजन अपने मूल धर्म को छोड़कर ईसाई समुदाय में शामिल हो गए थे। इसलिए गांव के लोग ईश्वर के शव को दफनाने नहीं दे रहे हैं। इसके चलते गांव में तनाव की स्थिति है और मामले को सुलझाने में भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। 48 घंटे के बाद भी अब तक मामले का कोई भी हल नहीं निकल पाया है। इसके कारण शव अभी भी मेकाज के पीएम घर में रखा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक 25 अप्रैल को बीमारी के चलते ईश्वर पिता स्व. अर्जून 65 वर्ष निवासी छिंदबहार को बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया, जहाँ उसकी मौत हो गई। ईश्वर के मौत के बाद उनके परिजनों ने पुलिस को बताया कि वे लोग अपने मूल धर्म को छोड़कर ईसाई समुदाय में शामिल हो गए थे। ईश्वर की मौत की खबर का पता चलते ही गांव के लोग एकजुट हो गए और ईश्वर के शव को गांव में दफनाने से मना कर दिए। जिसके बाद दोनों पक्ष आपस में अड़ गए, मृतक के परिजनों का कहना है कि वे शव को गांव के ही जमीन में दफ़नाएँगे।

मृतक के परिजन जाएंगे कोर्ट

गांव के कुछ लोगों का कहना है कि मृतक ईश्वर के परिजन अपने धर्म में जाना नही चाह रहे है। उनका कहना है कि ईश्वर के शव को इसाई धर्म के अनुसार ही अंतिम संस्कार किया जाए, जबकि गांव के लोग इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं।

48 घंटे से अधिक हुआ समय

बताया जा रहा है कि ईश्वर की मौत 25 अप्रैल को हुई है, जिसके बाद से जैसे ही पुलिस को इस बात की जानकारी मिली कि ईश्वर के परिजन ईसाई समुदाय को मानते है उन्होंने शव को देने से मना कर दिया। उनका कहना था कि जब तक गांव के लोगों की अनुमति नही मिलेगी शव को गाँव नही जाने दिया जाएगा।

गांव में पुलिस फोर्स तैनात

दोनों समुदाय के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। जिसके कारण दोनों पक्ष अपनी बातों को लेकर अडिग हैं। गांव में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती की गई है।

'नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग' की मदद से प्रदान करें अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेवाएं

■ एम्स में बीएसएल-3 लैब का कार्य प्रगति पर, माइक्रोबायोलॉजी की पांच दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

रायपुर/नवप्रदेश। मेडिकल माइक्रो-बॉयोलॉजिस्ट, बायो-टेक्नोलॉजिस्ट और मॉलीक्यूलर बायोलॉजिस्ट को कोविड-19 के बाद पैदा हुई नई चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने के उद्देश्य से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में 'नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग' पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें देशभर के प्रमुख चिकित्सा संस्थानों के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने भाग लिया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) ने बताया कि एम्स की राज्य स्तरीय वीआरडी लैब को बीएसएल-3 में अपग्रेड करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके बाद वीआरडी लैब अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सुविधाओं से लैस हो जाएगी। इसकी मदद से कोविड-19 के बाद पैदा हो रही नई चुनौतियों का आसानी के साथ सामना किया जा सकेगा। उन्होंने माइक्रोबायोलॉजी विभाग के चिकित्सकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से अन्य लैब के चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को भविष्य की चुनौतियों के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

विभागाध्यक्ष डॉ. अनुदिता भार्गव ने बताया कि नेक्सट जेनरेशन सिक्वेंसिंग की मदद से संक्रमण फैलाने वाले माइक्रोआर्गनिज्म के संपूर्ण जिनोम की पहचान करने में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को काफी मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि एनजीएस एक महंगी और विशेषज्ञता वाली तकनीक है जिसकी वजह से यह अभी कुछ ही स्थानों पर उपलब्ध है।

पांच दिवसीय कार्यशाला में चिकित्सकों और वैज्ञानिकों को प्रमुख रूप से न्यूक्लियर एसिड एक्सट्रेक्शन, टार्गेट इनरिचमेंट, फ्लो सेल्स की लोडिंग और विभिन्न सॉफ्टवेयर की मदद से डेटा का विश्लेषण करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इसमें देशभर में स्थित विभिन्न एम्स और अन्य चिकित्सा संस्थानों के 24 चिकित्सकों और वैज्ञानिकों ने भाग लिया। कार्यशाला में अधिष्ठाता (शैक्षणिक) प्रो. आलोक अग्रवाल और अधिष्ठाता (शोध) प्रो. सरिता अग्रवाल ने भी भाग लिया।

माशिमं का टोल फ्री नंबर 1 मई से होगा एक्टिव

रायपुर/नवप्रदेश। आने वाले समय में विभिन्न बोर्ड परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। परीक्षा परिणाम घोषित होने के पूर्व तनाव एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, किन्तु कई बार बच्चे उस तनाव के चलते अवसाद ग्रस्त हो जाते हैं।

यह समय बच्चों एवं पालकों के लिए बहुत ही संवेदनशील होता है तथा तनाव में रहने के कारण विद्यार्थी द्वारा कोई अप्रिय निर्णय लिए जाने की आशंका बढ़ जाती है। परीक्षा परिणामों को लेकर कई बार पालकों की भी नकारात्मक भूमिका सामने आई है।यदि किसी भी विद्यार्थी में तनाव के लक्षण दिखाई देते हैं और परामर्श की आवश्यकता प्रतीत होती है, तो छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के टोल फ्री नंबर 18002334363 पर एक मई से 15 मई तक सुबह 10.30 बजे से शाम 5 बजे तक मानसिक स्वास्थ्य हेल्पलाईन टेलीमानस टोल फ्री नंबर 14416 पर चौबीस घंटे सातों दिन संपर्क कर निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा चिन्हांकित मनोवैज्ञानिक चिकित्सकों, कैरियर सलाहकार तथा एससीईआरटी के विशेष अकादमिक सहयोग से ऑनलाईन दक्षता विकास प्रशिक्षण का आयोजन 29 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से किया जा रहा है। जिसका वेबलिंक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसीसी, छत्तीसगढ़ के माध्यम से सर्वसंबंधित शिक्षकों को भेजा जाएगा।

व्यय प्रेक्षक ने अभ्यर्थियों का किया लेखा-मिलान

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत चुनाव मैदान में शामिल अभ्यर्थियों का लेखा-मिलान व्यय प्रेक्षक श्री मुकेश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। व्यय प्रेक्षक श्री कुमार ने लेखा टीम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्वाचन से जुड़े खर्च का विवरण निर्धारित प्रारूप में अंकित किया जाए। शेडो रजिस्टर के माध्यम से अभ्यर्थियों व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में खर्च का मिलान निर्धारित तिथि के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज कुमार बंजारे, कोषालय अधिकारी श्री पी. आर. महादेवा सहित सहायक व्यय लेखा टीम के अधिकारी उपस्थित थे।

शास. पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों ने ली मतदान करने की शपथ

कोरबा/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के निर्देशन एवं स्वीप नोडल अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में युवा, पुरूष, महिलाओं द्वारा मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु रैली, दीवारों पर नारा लेखन तथा स्कूलों छात्र-छात्राओं द्वारा निबंध, भाषण, मेहंदी प्रतियोगिता, पोस्टर निर्माण जैसे अनेक कार्यक्रमों के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में शासकीय ईवीपीजी कॉलेज कोरबा में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉक्टर साधना खरे ने छात्र छात्राओं को आगामी लोकसभा निर्वाचन में अनिवार्य मतदान की शपथ दिलाई।

कोचिंग के लिए निकले छात्र की बस की चपेट में आने से मौत

■ एक दिन पहले ग्राम मोरगा में गई थी दो लोगों की जान

कोरबा/नवप्रदेश। कोचिंग जाने निकले एक्टिवा सवार एक छात्र बस के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना शहर के अंदर निहारिका क्षेत्र में हुई। दुर्घटनाकारी बस बाराती लेने रजगामार की ओर जा रहा था। डिवाइडर के बीच के रास्ते सड़क पार करने के प्रयास के दौरान बस के सामने छात्र आ गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार महाराणा प्रताप नगर निवासी विद्यार्थी अंकित पांडेय 17 वर्ष एक्टिवा क्रमांक सीजी 12 के 8066 में शुक्रवार को सुबह 10.30 बजे कोचिंग जाने के लिए घर से निकला था। कालोनी से होकर निहारिका क्षेत्र में रवि डेयरी के पास डिवाइडर वाले रास्ते से सड़क पार कर रहा था, इस बीच ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड से रजगामार की ओर जा रही हनुमान कंपनी की बस बाराती लेने जा रहा था। कोरबा- बिलासपुर के मध्य चलने वाली यह बस बारात के लिए बुक हुई थी। एक्टिवा सवार छात्र अचानक बस के सामने आ जाने से हड़बड़ा गया और बस से टकरा गया। गंभीर चोटें आने की वजह से मौके पर ही उसकी सांसे थम गई। हालांकि तत्काल उसे नजदीक के ही एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का चाचा बालको में असिस्टेंड मैनेजर के पद कार्यरत है। इस घटना की वजह से स्वजनों में दुख का पहाड़ टूट पड़ा। पुलिस बस चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई कर रही है। लगातार सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मौत से क्षेत्र के लोगों में असंतोष देखा जा रहा।

जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में एक दिन पहले घटना हुई। पड़ोसी जिला सूरजपुर के प्रेमनगर अंतर्गत ग्राम हरिहरपुर निवासी श्यामकुमार 35 वर्ष व अपने भांजा कोटलाल उर्फ भोला 22 वर्ष के साथ मोपेड क्रमांक सीजी 29 एसी 3111 में सवार होकर कोरबा जिले के सरहदी गांव मोरगा के साप्ताहिक बाजार से खरीदारी कर दोनों अपनी मोपेड में वापस लौट रहे थे, दोनों गायमाड़ा गांव के पास पहुंचे थे। इसी दौरान अंबिकापुर की ओर से आ रही बोलेरो क्रमांक सीजी 19 बीडी 2757 से मोपेड की टक्कर हो गई। इस टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए, वहीं गंभीर रूप से चोट लगने पर भांजा कोटलाल की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि मामा श्याम कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। पोड़ी-उपरोड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई। घटना में पुलिस ने बोलेरो वाहन चालक के विरूद्ध मामला कायम कर जांच में लिया है।